✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 101 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 6 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार को मिला पहला लक्ष्मण झूला, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1159 करोड़ 84 लाख रुपये लागत वाली 17 योजनाओं का किया शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण

## सुधरेंगी सड़कें-बिजली आपूर्ति, पर्यटन सुविधाओं का होगा विकास

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना के पुनपुन में आयोजित कार्यक्रम स्थल से पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 1159 करोड़ 84 लाख की लागत की 17 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इसके अंतर्गत 19.77 करोड़ की लागत से पालीगंज प्रखंड अंतर्गत समदा एवं गुलरिया बिगहा गांव के बीच पुनपुन नदी पर आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य, 14 करोड़ 99 लाख की लागत से पालीगंज के उलार सूर्य मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कार्य, 88 लाख की लागत से पुनपुन स्टेशन से अकौना ग्राम होते हुए पटना रिंग रोड को जोड़नेवाली सहायक रोड तक पथ निर्माण कार्य, 41.48 करोड़ की लागत से सादिकपुर-पभेड़ा-मसौढ़ी पथ के सोहगी मोड़ को पटना-गया रोड के कंडाप को दो लेन सड़क से जोड़ने के कार्य, 82.99 करोड़ की लागत से पुनपुन पिण्डदान स्थल पर निर्मित लक्ष्मण झूला केबल सस्पेंशन पुल का निर्माण कार्य सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मण केबल सस्पेंशन पुल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आज के कार्यक्रम के अन्तर्गत 130 करोड़ 10 लाख की लागत से 9 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र, 80 करोड़ 12 लाख की लागत से 17 नये 33 केवी के लाईनों का निर्माण, 10 करोड़ 20 लाख की लागत से 8 विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता विस्तार का कार्य, 26 करोड़ 2 लाख की लागत से 20 नये 33 केवी लाईनों के रिकन्डक्टरिंग के कार्य, 70 करोड़ 31 लाख की लागत से 21 नये 33 केवी लाइनों का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 99 लाख की लागत से 18 विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफार्मर के क्षमता विस्तार, 301 करोड़ 92 लाख की लागत से 400/220/132 केवी जीआईएस ग्रिड उपकेन्द्र, बख्तियारपुर एवं संबद्ध संचरण लाईन का निर्माण, 58 करोड़ 27 लाख की लागत से 132/33 केवी जीआईएस ग्रिड उपकेन्द्र, बोर्ड कालोनी, (पटना) का निर्माण, 15 करोड़ 55 लाख की लागत से 132 केवी फतुहा-जक्कनपुर संचरण लाईन का एचटीएलएस द्वारा रिकन्डक्टरिंग के कार्य का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं लोकार्पण किया। इसके अलावा 256 करोड़ 06 लाख की लागत की 400 केवी बक्सर थर्मल पावर प्लांट नौबतपुर (बीजीसीएल) डबल सर्किट संचरण लाईन का निर्माण, 14 करोड़ 63 लाख की लागत से ग्रिड उपकेन्द्र हाथीदह (न्यू) में 220 केवी के 2 जीआईएस लाईन बे का निर्माण और 13 करोड़ 55 लाख की लागत से 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र खगौल का जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य शामिल है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुनपुन स्थित कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से उनलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। वे लोग बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने महिलाओं के उत्थान की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। जीविका दीदियों ने कहा कि मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक से लोन मिल (शेष पृष्ठ 10 पर)



## बिहार में होगी 26 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली : शिक्षा मंत्री

### शिक्षक दिवस पर चयनित 72 उत्कृष्ट शिक्षकों को मिला राजकीय पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले दिनों में बिहार में 26 हजार से ज्यादा शिक्षकों की बहाली की जाएगी। इससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में राज्यभर से चयनित 72 उत्कृष्ट शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री ने इन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कार और ज्ञान से जोड़ने का काम शिक्षक ही करते हैं। आज का यह सम्मान केवल 72 उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए नहीं बल्कि उन सभी शिक्षकों के लिए है जो निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यालयों में बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में काम कर रही है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग और बेहतर संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास जारी है। 26 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नई बहाली इसी कड़ी का हिस्सा होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल टीचर्स की संख्या बढ़ाना नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था को और ज्यादा प्रभावी बनाना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई बहाली से विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर होगी और विद्यार्थियों को पढ़ाई के बेहतर अवसर मिलेंगे। शिक्षक दिवस पर आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद और छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। पूरे हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी जब सम्मानित शिक्षकों को मंच पर बुलाया गया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे बदलते दौर के साथ नई तकनीक को अपनाएं और बच्चों को प्रतिस्पर्धी भविष्य के लिए तैयार करें।



## सीएम नीतीश कुमार के कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने कहा-थैंक यू मुख्यमंत्री जी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी(पटना)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पुनपुन पहुंचे। यहां उन्होंने बिहार के पहले केबल सस्पेंशन ब्रिज (लक्ष्मण झूला) का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची थी, जिन्होंने वहां मौजूद हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। महिलाएं हाथों में पोस्टर लेकर पहुंची थीं, जिसके जरिये सीएम नीतीश के कई फैसलों के लिए उन्हें थैंक यू कहा। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के पोस्टर में लिखा था 125 यूनिट मुफ्त बिजली, जीविका निधि, सामुदायिक कार्यकर्ता एवं सामुदायिक संसाधन सेवी का मानदेय दोगुना करने के लिए धन्यवाद मुख्यमंत्री जी। इस तरह से कई सारी महिलाओं ने पोस्टर के जरिये सीएम नीतीश को धन्यवाद किया।



बहरहाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के लोगों को कई बड़ी सौगातें लगातार दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने 125 यूनिट बिजली फ्री करने का भी एलान किया था। इसके बाद उन्होंने बिहार के अलग-अलग जिलों से इस फैसले को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये फीडबैक भी लिया था। इसके बाद आज महिलाओं ने सीएम नीतीश का धन्यवाद किया। इसके अलावा जीविका निधि को लेकर लिए गए फैसले से भी खुश होकर महिलाओं ने धन्यवाद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार आज बक्सर आयेंगे

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के राजपुर प्रखंड में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री 6 सितंबर की सुबह लगभग 10 बजे राजपुर पहुंचेंगे। वे सबसे पहले देवढ़िया गांव के सैंथू पोखरा के समीप बने अस्थायी हेलिपैड पर उतरेंगे। इसके बाद जमौली गेट होते हुए चौसा-कोचस मुख्य मार्ग से लगभग 4 किलोमीटर का सफर तय कर वे राजपुर मध्य विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह स्थल पर जाएंगे।

### गगौर थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने गगौर की थाना प्रभारी सरिता कुमारी को कर्तव्य में लापरवाही के कारण निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। सरिता कुमारी पर अनुसंधान में रुचि नहीं लेने और जन शिकायतों की अनदेखी करने के आरोप हैं। सरिता कुमारी को इस वर्ष मई में गगौर थाने की कमान सौंपी गई थी। सूत्रों के अनुसार मामलों की जांच में उदासीनता और जन शिकायतों पर समय पर कार्रवाई न करना उनकी बड़ी चूक रही।

### युवक ने की आत्महत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** लहेरी थाना क्षेत्र के भैंसापुर मोहल्ला में गुरुवार की रात आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना के वृंदावन गांव निवासी भोला पासवान का पुत्र सुजीत कुमार उर्फ सज्जू (35) के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल है। बताया जा रहा है कि मृतक सुजीत कुमार भैंसासुर मोहल्ले में किराये पर एक मकान लेकर रहता था। पुलिस के मुताबिक मृतक ने अपने मामा और एक दोस्त पर लाखों रुपये लेने के बाद वापस नहीं करने का आरोप लगाया है। इसी कारण वह परेशान चल रहा था। कागज पर अपना दर्द लिखकर उसने आत्महत्या कर ली।

## दिवाली-छठ से पहले बिहार में दौड़ेगी देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के लिए रेल यात्रियों का इंतजार अब बहुत जल्द खत्म होने वाला है। देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन बहुत ही जल्द पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी। इस ट्रेन को लेकर सबसे खास बात यह है कि इसकी शुरुआत दिल्ली से बिहार के लिए होगी। जानकारी मिली है कि दिवाली और छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों से पहले इस ट्रेन की शुरुआत की जाएगी। रेल मंत्री ने इस ट्रेन को सितंबर में शुरू करने की बात कही है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं की गई है। बता दें कि यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं, गति और आराम का बेहतरीन मेल होगी। यह लंबी दूरी की यात्रा को और भी सुखद व सहज बनाएगी। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के लिए डिजाइन की गई है। इससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। वंदे भारत स्लीपर को खास तौर पर लंबी और मध्यम दूरी की यात्राओं के लिए बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप पहले ही तैयार हो चुका है। इसे कई टेस्टिंग से गुजारा गया है। ज्ञात हो कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 25 जुलाई को राज्यसभा में दिए एक लिखित जवाब में इसकी जानकारी दी थी। वर्तमान में इस ट्रेन का रूट अभी तय नहीं है लेकिन सूत्रों के मुताबिक यह ट्रेन दिल्ली से पटना, दरभंगा या सीतामढ़ी के बीच चलाई जा सकती है। त्योहारी मौसम में यह ट्रेन बिहार के यात्रियों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी।

## एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का चौथा चरण 10 सितंबर से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एनडीए ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पटना स्थित जदयू कार्यालय में एनडीए नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संगठनात्मक कार्यक्रमों और राजनीतिक रणनीति की रूपरेखा साझा की। उमेश कुशवाहा ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का चौथा चरण 10 से 16 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए 14 टीमें बनाई गई हैं जो अलग-अलग जिलों में जाकर सम्मेलन आयोजित करेंगी। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को मांझी, हरनौत, जहानाबाद, सुल्तानगंज, परबत्ता, नवादा और सिकटा में सम्मेलन होगा। 11 सितंबर को जीरादेई, फुलवारी शरीफ, बेलागंज, तारापुर, आलम नगर, ओबरा और गायघाट में कार्यक्रम होगा। इसी तरह 12 सितंबर को हटवा, अस्थावा, सासाराम, दरिया, सिमरी बख्तियारपुर, और कुशेश्वरस्थान में सम्मेलन होगा। 13 सितंबर को महाराजगंज, दिनारा, चकाई, मधेपुरा, गरुआ और राजापाकर में और 16 सितंबर को बहादुरपुर, समस्तीपुर, शेखपुरा, चेरिया बरियारपुर, सुपौल, मोकामा और भोरे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।






## संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# राज्य में कानून का राज, सभी क्षेत्रों में तेजी से हो रहा विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के सिकरिया ग्राम में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति अनावरण के कार्यक्रम में आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूं। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले राज्य का बहुत बुरा हाल था। उन्होंने कहा कि जब 24 नवंबर, 2005 को एनडीए की सरकार बनी थी, तबसे हम लोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं, राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। वर्तमान तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी/ रोजगार दिया जायेगा। बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005-06 में नयी सरकार बनने के समय राज्य का बजट पहले से ही मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006-07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह लगातार बढ़ते-बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं।

## देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रोचक फन गेम्स के माध्यम से पूरे वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आने वाला समय शिक्षकों के लिए चुनौतियों से भरा अवश्य होगा, किंतु यदि शिक्षक अपने अस्तित्व और मूल्यों की रक्षा करते हुए शिक्षा जगत में सक्रिय रहेंगे तो भविष्य निश्चित रूप से उनका होगा। समारोह में पासिंग द बॉल गेम का विशेष आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस गेम में डॉ. रीना चौधरी ने प्रथम, मंजरी चौधरी ने द्वितीय तथा मिताली मित्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन प्रदान किया। वहीं, निदेशक (शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय) डॉ. मृदुला प्रकाश और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने प्रशिक्षुओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया। समारोह में बिहार विद्यापीठ के संयुक्त सचिव डॉ. अवधेश के. नारायण, शोध निदेशक डॉ. वाई. एल. दास, ए.आई.सी.के.सी. के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन मिथुन घोष एवं शैलजा शैल ने किया जबकि फन गेम्स का संचालन रेहाना सिद्दीकी द्वारा किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## 10 सितंबर से राज्यभर में शुरू होगा 704 नए ग्रामीण पुलों का निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गांवों को शहरों से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बिहार सरकार ने एक बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना' के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में कुल 704 नए पुलों का निर्माण कार्य 10 सितंबर से शुरू कर दिया जाएगा। इस योजना पर सरकार कुल 3,688 करोड़ रूपये की धनराशि खर्च कर रही है जिससे राज्य के हजारों गांवों को स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क मिल सकेगा। दरअसल, ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण इलाकों में सड़क और पुल बनाने वाले संवेदकों को स्पष्ट रूप से निर्देश जारी कर दिया है कि यदि 10 सितंबर से उन्होंने ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनकी जमानत राशि जब्त करने के साथ-साथ उन्हें कालीसूची (ब्लैक लिस्टेड) कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना का उद्देश्य राज्य के उन ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध सड़क संपर्कता स्थापित करना है जहां आज भी बरसात, बाढ़ या पुराने जर्जर पुलों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत न सिर्फ पुराने और जर्जर पुलों की जगह नए और मजबूत पुल बनाए जाएंगे, बल्कि उन मार्गों को पुलों से जोड़ा जाएगा, जहां आज भी मिसिंग ब्रिज की वजह से रास्ते अधूरे पड़े हैं।

## डॉ. संजय कुमार हाजरा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. संजय कुमार हाजरा अपने दर्जनों समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डॉ. हाजरा वर्तमान में एम.के.एस. चंदौना महाविद्यालय, दरभंगा में राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वे लंबे समय से शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए समाज की बेहतरी के लिए कार्य करते रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि डॉ. संजय कुमार हाजरा जैसे शिक्षाविद के कांग्रेस परिवार में आने से पार्टी को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। उनके विचार और सामाजिक अनुभव से संगठन को लाभ होगा।

# बिहार बनेगा ईवी निवेश का नया केंद्र : नीतीश मिश्र

## दिल्ली में हुआ पहला बिहार इवी निर्माण कॉन्क्लेव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से पहली बार बिहार इवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) निर्माण कॉन्क्लेव का आयोजन किया जिसमें 100 से अधिक उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए। यह सम्मेलन बिहार में मजबूत ईवी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार निवेश-तत्परता के साथ ईवी क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। नेपाल, पूर्वोत्तर राज्यों और झारखंड की नजदीकी इसे क्षेत्रीय व्यापार और लॉजिस्टिक्स का द्वार बनाती है। उन्होंने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस और सरल प्रशासनिक प्रक्रियाएं निवेशकों के लिए बेहतर माहौल प्रदान कर रही हैं। मंत्री ने गया जिले में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य उद्योग और साझेदारियों का स्वागत करने को तैयार है। अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने राज्य की जनसांख्यिकीय क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 13 करोड़ से अधिक की आबादी में 58% लोग 25 वर्ष से कम आयु के हैं। यह भारत का सबसे युवा कार्यबल है, जिसे कौशल विकास, शिक्षा और बुनियादी ढांचे का सहारा प्राप्त है। उन्होंने बिहार ईवी नीति 2023 के प्रोत्साहनों की जानकारी दी। बिहार ईवी नीति के तहत दोपहिया पर 20 हजार तक, तिपहिया पर 30 हजार तक, चारपहिया पर 1.5 लाख तक और इलेक्ट्रिक बसों पर 20 लाख तक की सब्सिडी दी जाएगी। चार्जिंग व बैटरी-स्वैपिंग स्टेशन के लिए 25% पूंजीगत सहायता और पहले तीन वर्षों तक बिजली दर में 30% सब्सिडी मिलेगी। पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में भी बड़ी छूट का प्रावधान है। कॉन्क्लेव में उद्योग और पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने माना कि सकारात्मक नीतियां, कौशल विकास और तकनीकी नवाचार पर जोर बिहार को पूर्वी भारत का प्रमुख ईवी विनिर्माण केंद्र बनाएगा। इस आयोजन ने साफ संकेत दिया कि बिहार स्वच्छ परिवहन क्रांति में अगुवाई करने के लिए तैयार है।

## सशक्त शिक्षा ही समृद्ध भारत का आधार : डॉ. सुरेन्द्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मानव सेवा संघ के बैनर तले नाला रोड स्थित वंदना होटल में परिचर्चा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएचआई के डायरेक्टर डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में इंजीनियर पूर्णानंद, गंगेश गुंजन, विकास मेहता, कुणाल शुभम, डॉक्टर शिवांक मौजूद थे। परिचर्चा को संबोधित करते हुए डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षक सिर्फ किताबें नहीं पढ़ाते, बल्कि आने वाली पीढ़ी का चरित्र गढ़ते हैं। बिना शिक्षा के राष्ट्र अंधकार में है और सशक्त शिक्षा ही समृद्ध भारत का आधार है। डॉ. सुरेन्द्र ने युवाओं से कहा कि आज का युवा सपनों का ही नहीं, बल्कि बदलाव का सैनिक है। उनमें साहस, ऊर्जा और नई सोच है जिससे नया भारत बनेगा। वही वक्ताओं ने कहा कि एक स्वस्थ युवा ही देश के लिए काम कर सकता है। स्वस्थ तन और स्वस्थ मन से ही समाज प्रगति करता है। इसलिए हर युवा को स्वास्थ्य और अनुशासन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम में इस बात पर भी जोर दिया गया कि स्वदेशी अपनाए बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना अधूरा है। विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता हमें कमजोर करती है जबकि स्वदेशी उत्पाद हमारी पहचान और शक्ति है।

## ज्ञान भवन में वार्षिक दशहरा मेला शुरू




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला के चौथे संस्करण का शुभारंभ ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि बंदना प्रियसी, सचिव, समाज कल्याण विभाग सह प्रबंध निदेशक महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के कर - कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर गौतम कुमार सिंह, सीजीएम नाबार्ड, पटना, एच मेवाती, निदेशक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, पटना, अजय साहू, जीएम, नाबार्ड, केपीएस केशरी, अध्यक्ष, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, पटना, अनुभा प्रसाद, जीएम, सिडबी, पटना, अशोक कुमार सिन्हा, अपर निदेशक, बिहार म्यूजियम, पटना, मुकेश कुमार, सहायक निदेशक, हस्तशिल्प विकास आयोग कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, पटना, अंजलि, ओएसडी, समाज कल्याण विभाग, बिहार, इंदु अग्रवाल, उपाध्यक्ष, बिहार महिला उद्योग संघ व बिहार महिला उद्योग संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## 19 वर्ष तक के बच्चों को 16 सितंबर को दी जाएगी कृमि मुक्ति की दवा : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों में कृमि जनित बीमारी और कुपोषण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में 16 सितंबर को पूरे राज्य में राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार के निर्देशानुसार एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोरों को कृमि मुक्त करने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत जिला के सभी तकनीकी गैर तकनीकी संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अल्बेंडाजोल दवा दी जाएगी। पूरे राज्य में एक से 19 वर्ष तक के कुल 6 करोड़ 44 लाख, 29 हजार 738 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के कार्यक्रम और तैयारियां एवं क्रियान्वयन अन्तर्विभागीय समन्वय से किया जाना है जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग शामिल है। श्री पांडेय ने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश उपरोक्त दिवस पर कृमि नाशन की दवा खाने से वंचित रह जाएंगे। उन्हें 19 सितंबर को मॉप अप दिवस को कृमि नाशन की दवा खिलाई जाएगी। कृमि मुक्ति दवा खिलाने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चे में सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ किसी बीमारी के लक्षण अथवा पूर्व से किसी दवा आदि के सेवन करने की हालत में कृमि मुक्ति की दवा नहीं खिलाई जाएगी। 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दवा खिलाई जाएगी,6 से 19 वर्ष के बच्चों को सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय, मदरसा, संस्कृत विद्यालय सहित सभी तकनीकी संस्थानों और गैर तकनीकी संस्थान में शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी।

## श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के द्वारा एकादशी-द्वादशी को देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, ग्रहण किए। यह भंडारा आयोजन में आनन्द डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिसारिया, शेखरबागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडीया, पवन शर्मा, मोनू, अनुज गुप्ता, विनोद थिरानी, गोपी तुलस्यान, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अग्रवाल, सज्जन चौधरी, सतीश खेमानी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, गोपी मित्तल, राजेश बजाज ने सहयोग किया। संस्था के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया श्री श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सारे सदस्यों ने भी हिस्सा लेकर श्याम बाबा के इस भव्य आयोजन में भाग लिए।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा सेवा पखवाड़ा, हर जिले में लगेगा रक्तदान शिविर

### भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य: डॉ. दिलीप जायसवाल






नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बिहार भाजपा पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन करेगी। यह महात्मा गांधी की जयंती यानी 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसे लेकर आज प्रदेश कार्यालय में सेवा पखवाड़ा सह संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय मंत्री अरविंद मेनन, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कार्यशाला में सम्मिलित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से पार्टी के सेवा पखवाड़ा का अभियान शुरू होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल है, लेकिन यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है जो अन्य राजनीतिक दलों से इसे अलग करती है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को युवा मोर्चा की ओर से जिला स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। 17 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वर्चुअल तरीके से पीएम मोदी का संबोधन भी सुनाया जाएगा।

## भाजपा-जेडीयू ने किया बिहार का अपमान : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि आज केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आधिकारिक हैंडल से एक ट्वीट किया गया। उस ट्वीट को भाजपा-जेडीयू ने भ्रामक दुष्प्रचार कर कांग्रेस के प्रति दुर्भावना से बिहार के अपमान के साथ जोड़ दिया। हमने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उक्त ट्वीट हटा भी लिया और स्पष्ट किया कि यदि कोई आहत हुआ है तो हम क्षमा चाहते हैं, लेकिन भाजपा-जेडीयू ने जानबूझकर ट्वीट के संदर्भ को तोड़-मरोड़ कर बिना समझे ही कांग्रेस को बदनाम करने की नीयत से बिहार का अपमान कर दिया। बिहार भाजपा के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बीड़ी पर से टैक्स कम करने का निर्णय लिया जिसे खुद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कांफ्रेंस में स्वीकार किया कि रेट-रैशनलाइजेशन में सम्राट चौधरी की भूमिका रही है। ऐसे में टैक्स घटाकर उसे पीने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। केंद्र सरकार स्वयं स्वीकार करती है कि बीड़ी पीना घातक है और इससे गंभीर बीमारियां होती हैं। इन सबके बावजूद भाजपा-जेडीयू सरकार द्वारा बीड़ी को सस्ता कर लोगों को उसकी ओर प्रेरित करना, जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

## आकिंचन्य से हर्ष एवं विषाद में सुख दुःख की स्थिति से मुक्ति पाएं : पंडित मुन्नाजी जैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के नौवें दिन आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी का कटरा, गुरारा जैन सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम आकिंचन्य धर्म की पूजा की गयी। भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गयी। एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी ने महापर्व पर्युषण के नवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म की संगीतमय पूजा कराई। पूजा को संगीत से पिरो रहे हैं फिरोजपुर से पधारे संगीतकार सैंकी जैन एवं उनका ग्रुप। वहीं मीठापुर मंदिर में श्रावकों को उत्तम आकिंचन्य धर्म की पूजा कराते हुए पंडित मुन्ना जी जैन ने बताया कि आकिंचन्य शब्द का अर्थ है जिसके पास कुछ भी न हो। खाली होने का नाम हीं आकिंचन्य है। जब कोइ यह समझ ले कि मैं कुछ नहीं हूं तो यह आकिंचन्य है जब कोई साधक क्रोध, मान, माया, लोभ एवं पर पदार्थों का त्याग आदि करते हैं और इनसे जब उनका किंचित भी लगाव नहीं रहता है तो उनकी यह अवस्था स्वाभाविक अवस्था कहलाती है। इसे ही 'उत्तम आकिंचन्य धर्म' कहा गया है। आकिंचन्य, अर्थात एकदम खाली होना आवश्यक है। सब प्रकार के परिग्रह आदि का त्याग और त्याग के भी त्याग का भाव, इसी को आकिंचन्य कहते हैं। सामाजिक जीवन में व्यक्ति यधपि आकिंचन्य का पूर्ण रूप से पालन नहीं कर सकता लेकिन चिंतन करके दूसरों के पदार्थो के प्रति अपने आसक्ति भाव को अवश्य घटा सकता है।

## 100 बेड के अस्पताल की चहारदीवारी निर्माण को इएसआइसी एवं सीपीडब्लूडी के बीच एमओयू




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय पटना ने मुजफ्फरपुर में प्रस्तावित 100 बेड के अस्पताल की चहारदीवारी के निर्माण के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता बिहार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इएसआइसी के लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस एमओयू हस्ताक्षर समारोह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए. निरंजन कुमार कुमार भास्कर, सहायक अभियंता सिविल, रविकांत कुमार कनीय अभियंता सिविल, शिव कुमार, कनीय अभियंता विद्युत एवं सीपीडब्लूडी के राज कुमार, अधिशाषी अभियंता सिविल विवेक कुमार अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं विनोद प्रसाद सहायक अभियंता सिविल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शिक्षक ही समाज और राष्ट्र की आत्मा : मृत्युंजय कुमार झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि यह दिवस हमारे महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक ही समाज और राष्ट्र की आत्मा होते हैं। संस्कृत वाङ्मय में गुरु को 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः' कहा गया है जो यह स्पष्ट करता है कि गुरु के बिना ज्ञान, संस्कृति और जीवन-मूल्यों की कल्पना असंभव है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में संस्कृत शिक्षा का महत्व और भी बढ़ गया है। हमारे शिक्षक न केवल ज्ञानदाता हैं, बल्कि वे छात्रों में संस्कार, चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भी बीज बोते हैं। मैं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सभी शिक्षकों से अपेक्षा करता हूं कि वे नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शिक्षा के साथ-साथ कौशल, नवाचार और मूल्यपरक जीवन की दिशा में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करें। इस अवसर पर मैं सभी शिक्षकों को उनके निःस्वार्थ समर्पण के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं तथा विद्यार्थियों को प्रेरित करता हूं कि वे अपने गुरुओं का सदैव आदर करें। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ, पूर्व डीजीपी आलोक राज, प्रो.मधु वर्मा सहित अन्य शिक्षाविद् मौजूद थे।

CMYK

# मतदाता सूची में परिवर्द्धन, विलोपन, संशोधन हेतु पारा विधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सर्वोच्य न्यायालय के निर्देश के आलोक में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास के निर्देशानुसार रोहतास जिला के पारा विधिक स्वयं सेवकों को मतदाता सूची में परिवर्द्धन, विलोपन, संशोधन के संबंध में प्रशिक्षण डीआरडीए सभागार सासाराम में कुमार कृष्णदेव सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकार रोहतास की उपस्थिति में पुष्कर कुमार उप निर्वाचन, पदाधिकारी रोहतास द्वारा दिया गया। सभी उपस्थित पारा विधिक स्वयं सेवकों को परिवर्द्धन, विलोपन एवं संशोधन से संबंधित प्रपत्र-6, 7, 8 की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराते हुए फार्म भरने हेतु आवश्यक कागजात के संबंध में जानकारी दी गई। सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों को ऑनलाइन फार्म भरने के संबंध में भी जानकारी दी गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा नव पंजीकरण हेतु प्रारूप 6 में आवेदन दिया जाता है तो उन्हें अनुलग्नक- भी देना होगा तथा सर्वोच्य न्यायालय के निदेश के आलोक में आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि आवेदन 6 के माध्यम से नया पंजीकरण कराया जाना है।




आवासन स्थल के परिवर्तन की स्थिति में प्रपत्र-8 के माध्यम से नए पते पर पंजीकरण कराना होगा। प्रपत्र-7 के द्वारा कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के संबंध में स्वयं अपने संबंध में या पंजीकरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में आपत्ति दर्ज करा सकता है। परंतु आपत्तिकर्ता को उसी विधान सभा का निर्वाचक होना चाहिए। प्रपत्र-8 के द्वारा निर्वाचक की प्रविष्टियों में संशोधन, पीडब्ल्यूडी मार्किंग विनिष्ट, खोये हुए एपिक की प्राप्ति तथा एक स्थान से दूसरे स्थान में नामांकन अर्थात आवास परिवर्तन हेतु आवेदन किया जा सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास द्वारा कहा गया कि आप सभी लोग आवेदन देने की प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी जन सामान्य को दें तथा फार्म भरने में सहयोग करें जिससे कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित किये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का उद्देश्य सफल हो सके।

# कभी भी शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार के नाम पर बंदी नहीं होती : प्रियंका सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** कोई भी दल जन समस्या पर बात नहीं करता केवल अपने लाभ पर बात करता है। कभी शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार के नाम पर बंदी नहीं होती। उक्त बातें जन सुराज पार्टी के डिहरी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी प्रियंका सिंह ने प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने स्थानीय विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि विधायक को जनता के बीच जाकर माफी मांगना चाहिए। पांच वर्षों में कभी जनता के बीच नहीं गए है। इस बार उन्हें अवसर भी नहीं मिलेंगे। जन सुराजी बिहार के पुत्र है। विधायक के पुत्र के जन्मदिन पांच वर्षों में कभी नहीं मनाए और इस वर्ष जन्मदिन में एक महिला की मौत हो गई। जन सुराज के कोई प्रतिनिधि को मौका मिलेगा तो उसको मदद करूंगी। प्रशांत किशोर हमारे नेता केवल बिहार के विकास और शिक्षा की बात करते हैं। मोदी जी बिहार क्यों बंद कराते हैं पूरा भारत बंद होना चाहिए। जन सुराजी आएगा और बिहार का विकास होगा। प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत तिवारी ने कहा कि केंद्र और राज्य में एनडीए की सरकार रहने के बाद भी अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों का विकास नहीं हुआ है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत तिवारी, मोहम्मद नियाज, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# शेरशाह महाविद्यालय में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** शेरशाह महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। बीबीए विभाग के छात्र-छात्राओं ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में समारोहपूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने दीप प्रज्वलित कर और डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण के आधारस्तंभ और राष्ट्र की वास्तविक धरोहर होते हैं। समारोह में बीबीए विभाग के समन्वयक एवं कुलानुशासक डॉ. सुभाष चंद्र सिंह, बीबीए विभाग के शिक्षक सूरज कुमार तिवारी, डॉ. रंजीत बहादुर सिंह, बी.के. श्रीवास्तव, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह समेत अन्य प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन और आशीर्वचन दिए। छात्र-छात्राओं सलोनी, श्वेता सिंह, नैना, सपना, अंकित, अंकिता, प्राची, कृतिका, आर्यन, पीयूष, राहुल, अभिषेक और अर्जुन ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए शिक्षक की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा सृष्टि ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एल.एस.डब्ल्यू विभागाध्यक्ष और बर्सर डॉ. मुस्तफा नवाज ने किया। शिक्षक दिवस का यह आयोजन महाविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायी और उत्साहवर्धक साबित हुआ।



# विशाल देव को भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास प्रखंड के पूर्व मंडल अध्यक्ष विशाल देव को भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी। लोगों ने बताया कि विशाल देव शुरू से ही भाजपा पार्टी के लिए एक अच्छे मंडल के रूप में कार्य किए थे। उन्होंने रोहतास प्रखंड में बेहतर से बेहतर कार्य किया तथा पार्टी को मजबूत करने में यहां इनकी अहम भूमिका रही। यह सब देखते हुए किसान मोर्चा जिला मंत्री बनने पर क्षेत्र के लिए और बेहतर कार्य करेंगे। बधाई देने पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक कश्यप, सुधीर सिंह, सूरज मेहता, अजय देव, संतोष कुमार भोला, विनय गुप्ता, सुशील कुमार, पिंटू सोनी, संजीव सिंह कुशवाहा सहित अन्य शामिल हैं।

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन विश्वविद्यालय की प्राथमिकता : गोपाल नारायण सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण हेतु हर संभव व्यवस्था करने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में उपस्थित नवागंतुक छात्रों को संबोधित करते हुए कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने उक्त बातें कही। दीक्षारम्भ को संबोधित करते हुए सचिव गोविंद नारायण सिंह ने नवागंतुक छात्रों से कहा कि आपने अपने भविष्य को संवारने के लिए गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय का चयन किया यह हमारे लिए गर्व का विषय है। आपके इस फैसले से हमारी जवाबदेही बढ़ी है और आपके भविष्य के प्रति विश्वविद्यालय परिवार पूरी तरह से सजग और संवेदनशील है। इसके पूर्व सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। दीक्षारम्भ कार्यक्रम को प्रति कुलपति प्रो डाक्टर जगदीश सिंह, कुलसचिव डॉ धर्मेन्द्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमार आलोक प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया और छात्रों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण डीन डॉ अंशुमान, मुख्य प्रॉक्टर डा ललितेश्वर प्रताप सिंह, सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, जन संपर्क अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह के अलावा सभी संकायों के अध्यक्ष, वरीय शिक्षक गण, कुलाधिपति के निजी सचिव कृष्णा साहु आदि उपस्थित थे।



# जगदेव बाबू ने शोषित समाज की भलाई के बारे में सोचा : डॉ निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** 5 सितंबर को शहीद जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस मनाई जाती है, जो उनके बलिदान को याद करने और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष को सम्मानित करने का दिन है। जगदेव प्रसाद ने गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उक्त बातें जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत 'नवबिहार टाइम्स' को बताया। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू एक महान राजनीतिक दूरदर्शी थे वह हमेशा



शोषित समाज की भलाई के बारे में सोचा और इसके लिए उन्होंने पार्टी तथा विचारधारा किसी को महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनके शहादत दिवस पर उनके जीवन के बलिदान और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया जाता है। शहीद जगदेव प्रसाद को बिहार में सामाजिक न्याय की राजनीति का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने अपना जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के हक के लिए समर्पित किया और उनका शहादत दिवस उनके इसी समर्पण का सम्मान करता है। वे सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए और पार्टी के मुखपत्र 'जनता' का संपादन भी किया। एक संजीदा पत्रकार की हैसियत से उन्होंने दलित-पिछड़ों-शोषितों की समस्याओं के बारे में खूब लिखा तथा उनके समाधान के बारे में अपनी कलम चलायी। उन्होंने कहा कि बिहार प्रांत में जन्मे एक क्रांतिकारी राजनेता थे। इन्हें बिहार लेनिन के नाम से जाना जाता है जिन्होंने एक अच्छे समाज को गढने में जीव जान लगा दिया। माल्यार्पण करने वालों में जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, नगर अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा विंध्याचल पासवान, बलजीत कुशवाहा, टाइगर कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोगों ने शहीद जगदेव प्रसाद को नमन किया।

# विश्वविख्यात लेखिका बुशरा अंजुम का आरएससी महाविद्यालय में सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी/ तिलौथू।** 'बहू से बेटी तक का सफर' एवं 'हमारा तिलौथू' जैसी चर्चित पुस्तकों की लेखिका एवं राधा शांता महाविद्यालय की पूर्व छात्रा बुशरा अंजुम का महाविद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटो भेंट किया गया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बुशरा अंजुम ने सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया और अपनी पुस्तकें भेंट कीं। तिलौथू की बेटी और कोलकाता की बहू के रूप में पहचान रखने वाली बुशरा ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन में फिजिकल फिटनेस ट्रेनर एवं फिजियोथैरेपी चिकित्सक के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। उनकी पुस्तकों में समाज की कुरीतियों को उजागर कर उन्हें अच्छाई में बदलने का सार्थक संदेश दिया गया है, जो पाठकों को भावुक कर देता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह और राजनीतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र गुप्ता ने बुशरा अंजुम की रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनकी सभी पुस्तकों को महाविद्यालय के पुस्तकालय में स्थान देने की घोषणा की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सत्यानंद कुमार, प्रो. गुलाम हैदर, प्रो. वीरेंद्र कुमार, प्रो. अजय प्रकाश सिंह, प्रो. प्रदीप दुबे सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार ने आगामी स्थापना दिवस (8 सितंबर) को पुनः बुशरा अंजुम को आमंत्रित करने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि उनकी सभी पुस्तकें अमेजॉन पर उपलब्ध हैं।



# वर्तमान परिवेश में शिक्षक को परामर्शदाता और प्रेरणास्त्रोत बनना होगा : जेल अधीक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना से किया गया। वही महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। संगोष्ठी का विषय 'वर्तमान परिवेश में शिक्षक की भूमिका' पर अपना विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि मंडल कारा सासाराम के जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय ने कहा कि बदलते परिवेश में शिक्षक की भूमिका पारंपरिक व्याख्याता से बढ़कर एक मार्गदर्शक, सुविधा प्रदाता और परिवर्तन के वाहक की है जो छात्रों को समावेशी एवं जटिल वातावरण के लिए तैयार करें। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि अध्यापक दिवस केवल 5 सितंबर एक दिन ही नहीं बल्कि यह उन सभी शिक्षकों के प्रति आदर और सम्मान व्यक्त करने का अवसर है जिन्होंने हमें ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। महाविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं आगत मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर अनिल कुमार सिंह, बबन सिंह, डॉ सुधीर कुमार गुप्ता, डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ रेनू बाला डॉक्टर रिंकी सिंह, डॉ शशांक शेखर तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।




# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'गुरु सम्मान समारोह' का आयोजन

## मां के बाद शिक्षक हमारी पहली पाठशाला : मंडल रेल प्रबंधक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के बाकले अधिकारी क्लब में 'गुरु सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना मुख्य अतिथि के रूप में तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष चित्रा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में श्री मीना ने कहा शिक्षक हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। ये




मां के बाद हमारी पहली पाठशाला माने जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए कहा वो हमें ज्ञान देने के साथ ही जीवन को जीने की कला भी सिखाते हैं। जैसे एक दीया खुद जलकर दूसरों को रोशनी देता है, ठीक उसी तरह एक शिक्षक हमारे जीवन में उजाला भरने का कार्य करते हैं। शिक्षक हमारे समाज के प्रेरणास्रोत होते हैं। वो एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करते हैं जो देश की दिशा एवं दशा तय करते हैं। वह हमें अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं ताकि हमारा जीवन भटकाव भरा न हो। आज हम सभी अगर इस मुकाम पर हैं तो इसमें हमारे गुरूओं का बहुत बड़ा योगदान है। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद ने संबोधित करते हुए कहा इस तरह का कार्यक्रम यह भारतीय रेल में पहली बार आयोजित किया जा रहा है जहां पर गुरु सम्मान समारोह आयोजित करने की परंपरा शुरूआत है। सदैव गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है और गुरु ही हमें सच्चे मार्ग पर चलने तथा एक अच्छे समाज के निर्माण करने के प्रति प्रेरित करते हैं। समारोह में रेलवे इंटर कॉलेज के निम्नलिखित शिक्षकों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक ने किया आधा दर्जन सड़कों का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने ग्रामीण कार्य विभाग के आधा दर्जन जर्जर सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने दरिगांव मल्हीपुर पथ से पिठियांव तक, दरिगांव मल्हीपुर पथ से खुढनूकला तक, पचौरा से औरइया तक, चेनारी मल्हीपुर से बैरिया महादलित टोला तक, वीरनगर पीडब्ल्यूडी पर भारन्दुआ शिव मंदिर तक, चेनारी शिवसागर पथ से टेंगरा बसनारा तक, कुल सड़कों की लंबाई लगभग 50 किलोमीटर का शिलान्यास की गई। इस मौके पर विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि सड़क के किसी भी क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की रीड होती है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–03–25–26.

1. कार्य का नाम : सीएओ/कॉन/एमएचएक्स के कार्यालय परिसर में रेलवे कार्यालयों का विस्तार, निर्माण संगठन और दानापुर मंडल के कर्मचारियों के लिए एमएचएक्स में 84 यूनिट टाइप–III और 12 यूनिट टाइप–IV क्वार्टरों का निर्माण और पटना में विभिन्न स्थानों पर पूर्व रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों के लिए 28 यूनिट टाइप–V और 28 यूनिट टाइप–VI क्वार्टरों का निर्माण, साथ ही आवश्यक सुविधाएं और आरएम/दानापुर के कार्यालय परिसर में उप मुख्य अभियंता/कॉन/I/दानापुर, उप मुख्य अभियंता/कॉन/II/दानापुर और उप–सीएसटीई/कॉन/दानापुर और उनके अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यालयों का निर्माण। 2. अंकलित मूल्य (रू.) : ₹182,44,42,415.25, 3. निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) : ₹0.00, 4. अग्रधन राशि (रू.) : ₹92,72,200.00. 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18 [अठारह] महीने। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.09.2025 at 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0881/एमएचएक्स/नि./टी/25–26/56


# आदिकाल से ही समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि : आर एन पाठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़कुड़िया में शिक्षक दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान जाहिर किया। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 5 सितंबर को देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक व भारत रत्न से अलंकृत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के शुरूआती हिस्से में विद्यालय के प्राचार्य आर. एन पाठक, समस्त शिक्षकगण तथा छात्र प्रतिनिधियों ने राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का धुंआधार आगाज हुआ। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर प्राचार्य आर एन पाठक ने कहा कि आदिकाल से ही समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। गुरु-शिष्य का संबंध उतना ही प्राचीन है जितना धरती पर मानव की सभ्यता व संस्कृति। इसमें कोई संदेह नहीं कि एक शिक्षक ही हमें इल्म की रौशनी का हकदार बनाता है।

# गोलीबारी मामले में दो गिरफ्तार, गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के नहर डग के नीचे जहाज मकान के पास बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि में गोलीबारी की घटना हुई। बताया जाता है कि पहले आपसी मारपीट हुई और उसी दौरान गोली चल गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में खैरही गांव निवासी धर्मराज पासवान के पुत्र राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राजकुमार नोखा में किराए पर रहते हैं। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नोखा लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी नाजुक स्थिति देखते हुए सासाराम रेफर कर दिया। घटना के बाद बुधवार एवं गुरुवार की मध्य रात्रि लगभग रात 12 बजे एम्बुलेंस से उन्हें सासाराम भेज दिया गया। घटना में घायल अन्य दो लोगों की पहचान दुधार गांव निवासी बिक्की कुमार और उनकी पत्नी के रूप में की गई है। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज उपलब्ध कराया गया। बताया जा रहा है कि पहले किसी विवाद को लेकर हाथापाई और मारपीट हुई जिसके बाद यह गोलीबारी की घटना घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में शिक्षक दिवस का आयोजन

## शिक्षक देश की धरोहर, समाज निर्माण में बड़ा योगदान : आनंद सिंह




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही उनको उपहार स्वरूप भेंट भी प्रदान किया। निदेशक ने बताया कि शिक्षक ईश्वर के अवतार हैं क्योंकि शिक्षक ही हमारे जिंदगी को इंसानी रूप देते हैं जिससे मैं अपनी जिंदगी जीना और अपने परिवार का भरण पोषण करना सिखाता हूं अगर शिक्षक इस दुनिया में न होते तो शिक्षा मुझे प्राप्त नहीं होती और मनुष्य पशु के समान अपना जिंदगी व्यतीत करता। निदेशक ने यह भी बताया कि शिक्षक इस देश का धरोहर है और समाज निर्माण में इनका बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षक जैसा संस्कार देगा वैसा ही समाज का निर्माण होगा इसलिए सभी शिक्षकों ने अपने विद्यालय में प्रण लिया कि विद्यालय के सभी बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देना हमारा धर्म है। शिक्षक दिवस के मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी निर्देशक को बधाइयां दी और विद्यालय की चहुंमुखी विकास के लिए सराहना करते हुए कहा कि आज तो डिहरी का एक धरोहर है कल देश का धरोहर बनेगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह, उपप्राचार्य रवि श्रीवास्तव जूनियर प्राचार्य प्रेमलता शर्मा, पीआरओ अखिलेश सिंह, संगीत शिक्षक बदल गुरु एवं विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं ड्राइवर एवं सभी कर्मचारी उपलब्ध थे।

# 23 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 23 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. जेएमपी-इलेक्ट-72-2025, दिनांक: 03.09.2025,** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं. जेएमपी-इलेक्ट-72-2025, अंतिम तिथि/समय:** दिनांक 25.09.2025 को 15.00 बजे के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** जमालपुर में आईआरआईएमईई, एसजीएच हॉस्टल की एयर-कंडीशनिंग के साथ ट्रांसफॉर्मर की क्षमता की वृद्धि एवं सहायक इंफ्रास्ट्रक्चर। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 1,46,16,462.44, **बयाना राशि:** रु. 2,23,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य (रु.):** शून्य, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 11.09.2025, बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि विस्तृत नियम और शर्तों के लिए एवं ऑनलाइन बोली की विधि के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

MISC-200/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# डॉ विनीता प्रिया को मिला राजकीय शिक्षक सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रोह प्रखंड के बेनीपुर गांव निवासी रविंद्र कुमार की पत्नी व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रेउता शेखपुरा के प्रधानाध्यापक डॉ विनीता प्रिया को शिक्षक दिवस के मौके पर श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने के साथ ही इन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। राजकीय शिक्षक सम्मान के मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व नवाचारी शिक्षा के माध्यम से बच्चों के पठन-पाठन का कार्य करने वाले को लेकर शिक्षकों को अंग वस्त्र, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र के अलावा तीस हजार रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देशक श्रीमती साहिला व शिक्षा सचिव दिनेश कुमार के अलावा डीपीओ मो. जमाल मुस्तफा के अलावा बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली तक विनीता प्रिया को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान मिलने पर गोविंदपुर के विधायक मो. कामरान, जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष परशुराम प्रसाद सिंह और सचिव शिव कुमार प्रसाद, यमुना प्रसाद, प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश निराला, गणेश कुमार सिंह आदि नें हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया। जानकारी के लिए बता दें कि इंटर विद्यालय में ओहारी में रहते हुए डॉ. विनीता प्रिया ने शिक्षक सम्मान के लिए आवेदन किया था।

# गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित हुए जिले के तीन साहित्यकार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर गुरूवार को नालंदा में जिले के तीन वरीय साहित्यकार दीनेश पांडेय दीनबंधु, प्रो. डॉ. शिवेंद्र नारायण सिंह और व्यंग्यकार उदय कुमार भारती को गुरू गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। जिसमें नालंदा, नवादा, गया, पटना, लखीसराय जिले के साहित्यकार, शिक्षाविद् और बेहतर करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुरु गौरव सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। पहले सत्र में साहित्यकारों का सम्मान और प्रभावशाली कवि सम्मेलन हुआ और दूसरे सत्र में शिक्षाविद् और बेहतर करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरीय साहित्यकार दीनबंधु और मंच संचालन नवनीत कृष्णा ने जबकि सम्मान समारोह की अध्यक्षता सम्मेलन अध्यक्ष विनय कुमार और संचालन उमेश प्रसाद सिंह उमेश और महेंद्र कुमार विकल ने किया। विनय कुमार और महेंद्र विकल ने कहा कि साहित्य और शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले और गुरु की भूमिका निभाने वाले साहित्यकार और शिक्षकों को सम्मानित कर हम धन्य हैं। प्रदेश के हिन्दी, मगही और उर्दू के नामचीन साहित्यकार सम्मानित हुए। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षकों का सम्मान तो सरकार करती है पर बेहतर समर्पित प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को कोई सम्मान नहीं मिलता। उनके सम्मान के लिए सरकार की कोई पहल नहीं है। ऐसे में ऐसे आयोजन की जरूरत है जिससे प्राइवेट सिक्षकों का भी मनोबल बढ़े। वक्ताओं ने कार्यक्रम को सराहा और कहा कि साहित्य और शिक्षा के लिए समर्पित रहने वालों के लिए यह ऊर्जा और संबल देने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम है। मोमेंटो, सम्मान पत्र, शॉल सहित अन्य उपहार देकर सम्मान किया गया। मिशन हरियाली की ओर से सभी को पौधा भी उपहार में मिला। मुख्य साहित्यकारों में रामश्रय झा, बेनाम गिलानी, डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह, राकेश बिहारी, जयराम देवसपुरी, धनंजय श्रोत्रिय, हेमंत कुमार, रंजीत दुधू, लता पराशर, डॉ, रेखा सिन्हा, तनवीर साकित, तंग अयूबी, अविनाश पांडेय, आनंद वर्द्धन, एतवारी पंडित आदि शामिल थे।

# रेलवे कनेक्टिविटी को नई सौगात : विवेक ठाकुर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने डेढ़गांव व गारोबिगहा हॉल्ट पर रेल यात्रियों के सुविधा हेतु गया-किऊल मेमो (63322) एवं झाझा-गया मेमो (63315) ट्रेनों के ठहराव का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे रवाना किया। विवेक ठाकुर ने कहा यह ठहराव हमारे क्षेत्र के हजारों यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आया है और स्थानीय कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा। यह स्थानीय लोगों की काफी पुरानी मांग थी, जो आज पूर्ण हुई है। मोदी की गारंटी, यानी काम पूरी होने की गारंटी। सांसद विवेक ठाकुर ने इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नवादा सांसद विवेक ठाकुर के साथ वारिसलीगंज विधायिका अरुणा देवी, भाजपा नेता मुकेश कुमार दिनकर, महामंत्री गौरव गगन शांडिल्य, भाजपा नेता प्रमोद कुमार चुन्नू, पंकज कुमार, दीपक कुमार रिंकू, काशीचक प्रमुख पंकज कुमार, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित रेल पदाधिकारी एवं स्थानीय हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंजा शहर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। इस्लामिक महीना रबी उल अव्वल का है। आज के दिन पैगंबर साहब की पैदाइश हुई थी, जो 1500 सौ साल हो गया है। आज पूरी दुनिया में नबी की पैदाइश के मौके पर लोग जश्न मनाते है। सभी लोग नहा धोकर साफ कपड़े पहन कर खुशबू लगाकर सर पर टोपी या पगड़ी पहने हुए दिखाई देते हैं लोग मीठा पुलाव खजूर शरबत पानी बांटते हैं। हजारों की संख्या में हर मोहल्ला के लोग जुलूस में शामिल हुए। जुलूस नेशनल इस्लामिक फेस्टिवल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नेजाम खान द्वारा बताए गए रूट के मुताबिक ही शांति पूर्ण तरीके से जुलूस निकला। जुलूस सद्भावना चौक से सभी जुलूस आया और फिर गया रोड होते हुए रजौली स्टैंड से होते हुए मोगलाखार, अंसार नगर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा फिर वहां से वापस रजौली स्टैंड पास आके फिर मेन रोड, होते हुए प्रजातंत्र चौक,से विजय बाजार, होते हुए कलाली रोड होते हुए मुस्लिम रोड फिर खुरी नदी पुल पारकर फिर अपने अपने मोहल्ले वापस चले गए। नेशनल इस्लामिक फेस्टिवल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नेजाम खान ने जिला प्रशासन को मुबारक बाद दिया की हर चौक चौराहा पर पुलिस बल की नियुक्ति थी। जुलूस को संभालने में नगर थाना इंस्पेक्टर, बुंदेलखण्ड प्रभारी, नवादा अंचल अधिकारी मुख रूप से सक्रिय देखे गए। नवादा सदर एसडीओ और एसडीपीओ भी जुलूस की निगरानी रख रहे थे। जुलूस को शांति पूर्ण रखने में नेजाम खान के साथ साथ, फखरुद्दीन चामो, अनवर भट, चांद खान, टिंकू तौकीद, सुल्तान अंसारी, मो अफजल शेख प्यारे, बारी शाह, लाल खान, भोली खान, अख्तर हुसैन, दर्जनों सामाजिक लोग ने जुलूस को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया। जुलूस में नवादा विधायक विभा देवी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना क्षेत्र के भैंसासुर मोहल्ला में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव निवासी भोला पासवान के 35 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार उर्फ सज्जू के रूप में हुई है। वह इन दिनों भैंसासुर मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही लहेरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिससे मामले की जांच और गहराई से की जा रही है। मृतक के साला सुधीर कुमार ने बताया कि सुजीत पर काफी कर्ज हो गया था। उस पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा था। आरोप है कि उसके एक करीबी रिश्तेदार ने धोखे से उससे मोटी रकम ले ली और बाद में फरार हो गया।

# नवादा में खुला रीड एंड टेलर का पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भारत के लक्ज़री मेंसवियर ब्रांड रीड एंड टेलर ने बिहार के नवादा में अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट लॉन्च किया है। यह उद्घाटन कंपनी की उस महत्वाकांक्षी विस्तार योजना का हिस्सा है, जिसके तहत देशभर में 100 से अधिक ईबीओस स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। रीड एंड टेलर का नवादा आउटलेट पुरुषों के फैशन के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन साबित होगा। यहां ग्राहकों को प्रीमियम फैब्रिक्स, परफेक्ट फिटिंग वाले सूट, फॉर्मल और कैजुअल परिधान के साथ-साथ क्लासिक एक्सेसरीज़ भी एक ही छत के नीचे मिलेंगे।

**विशेष लॉन्च ऑफर से ग्राहकों में उत्साह**

उद्घाटन के अवसर पर आउटलेट ने ग्राहकों के लिए स्पेशल लॉन्च ऑफर की भी घोषणा की है। जिसमें शुरुआती दिनों में 3000 की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को आकर्षक निश्चित उपहार दिए जा रहे हैं। कंपनी का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग लक्ज़री मेंसवियर को सुलभ दामों पर अनुभव कर सकें।

आउटलेट के संचालक राजीव नयन व सौरभ अग्रवाल ने संयुक्त रुप से कहा कि नवादा जैसे उभरते शहर में रीड एंड टेलर का पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खोलना हमारे लिए गर्व की बात है। यहां के ग्राहकों को अब महानगरों जैसी प्रीमियम शॉपिंग और पर्सनल स्टाइलिंग सेवाएं यहीं स्थानीय स्तर पर मिलेंगी। हमारा प्रयास है कि नवादा के लोग रीड एंड टेलर की टाइमलेस लक्ज़री और बेस्ट फिटिंग का अनुभव करें।

रीड एंड टेलर के ग्रुप सीईओ अजय अग्रवाल ने कहा कि रीड एंड टेलर हमेशा से भारतीय पुरुषों के फैशन को नई दिशा देता रहा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हार्दिक पटेल और सीइओ अजय अग्रवाल के नेतृत्व में ब्रांड आने वाले वर्षों में अपने फैब्रिक और अपैरल डिवीज़न को और भी मज़बूत बनाने पर फोकस कर रहा है। मौके पर कंपनी के सीओओ अमित गुंडावर, असिस्टेंट वाईस प्रसिडेंट राजेश शर्मा, एरिया हेड सच्चिदानंद तिवारी तथा बिहार एजेंट संजय भारतिया सहित राजीव नयन, अमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल के अलावा रोटेरियन श्याम अग्रवाल, पंकज झुंझुनवाला, नवीन कुमार सिन्हा उर्फ छवि , अविनाश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, रोहित अग्रवाल, अमर अग्रवाल, चेतन सुहासरिया तथा कुमार गौरव सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति, व्यापारी और फैशन प्रेमी मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस के रूप में विभिन्न विद्यालयों में मनी पूर्व राष्ट्रपति की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। शिक्षक दिवस पर प्रखण्ड के विभिन्न निजी एवं सरकारी विद्यालयों में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधा कृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। प्रखण्ड के गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में प्रधान आचार्य मुकेश कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, एनआइटीएन साइंस कोचिंग क्लासेज के निदेशक प्रमोद कुमार बरनवाल की देख रेख में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों ने शिक्षक रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधा कृष्णन की जयंती पर केक काटा एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेलकूद में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राकेश, अंशु,पवन, मधु, रुपा, अंजना आदि मौजूद थे।

# पर्वराज पर्युषण: जैन धर्मावलंबियों ने की उत्तम आकिंचन्य धर्म की आराधना

**श्रद्धालुओं ने की रत्नत्रय के सम्यक ज्ञान की भी विशेष पूजा-अर्चना**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जैन धर्मावलंबियों ने आत्मशुद्धि का दस दिवसीय महापर्व पर्युषण के नौवें दिन गुरूवार को दशलक्षण धर्म के नवम स्वरूप उत्तम आकिंचन्य धर्म की विशेष आराधना की। इस अवसर पर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर जैनियों ने जिनेंद्र प्रभु का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा कर विश्वशांति एवं जीवमात्र के कल्याण की मंगलकामना की। श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ क्रमशः जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फल सहित अष्टद्रव्य से देव शास्त्र गुरू व पंच परमेष्ठी भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गयी। दैनिक पूजन के उपरांत जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म के साथ ही धर्म के नवम स्वरूप उत्तम आकिंचन्य धर्म की विशेष आराधना करते हुये अपने जीवन से आकिंचन्य धर्म को आत्मसात करने के निमित्त यथा संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा रत्नत्रय पूजन के द्वितीय स्वरूप सम्यक ज्ञान की भी विशेष आराधना की गयी।

**भौतिक बंधनों से विरक्ति का मार्ग है आकिंचन्य धर्मः दीपक जैन**

आकिंचन्य धर्म पर प्रकाश डालते हुये जैन समाज के प्रतिनिधि दीपक जैन ने बताया कि आकिंचन्य का अर्थ है ' नास्ति किंचन यस्य' अर्थात यहां मेरा कुछ भी नहीं है, का बोध होना है। यह भावना सर्वोच्च अनासक्ति है, जो सभी सांसारिक सुखों, संपत्ति व रिश्तों के प्रति विरक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आकिंचन्य धर्म में त्याग का भी त्याग करने की प्रधानता है, जिसमें त्याग के बाद उस त्याग के ममत्व को भी त्यागना शामिल है। यह साधना का वह चरम रूप है, जो साधक को सभी भौतिक बंधनों एवं ममत्व से विरक्त कर मुक्ति की ओर ले जाता है। दीपक जैन ने कहा कि जैन धर्म में अपरिग्रह अर्थात संपत्ति के प्रति अनाकर्षण एवं 'मेरा' भाव के अंत को आकिंचन्य धर्म का सार माना जाता है, जो आत्मा को भारी करने वाले 'मैं' व 'मेरा' के भावों से विरक्त कर परम संतोष एवं मुक्ति की ओर ले जाने के मार्ग को प्रशस्त करता है।

# भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। हीरो मेन्स एशिया कप राजगीर बिहार 2025 के सुपर-4 चरण के दूसरे मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया को 4-1 से शिकस्त दी। शुक्रवार को राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने करियर का 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलकर खास उपलब्धि हासिल की। मलेशिया ने शुरुआत में दबदबा बनाते हुए दूसरे ही मिनट में शफीक हसन के गोल से बढ़त ली। लेकिन इसके बाद भारत ने जोरदार वापसी की। मनप्रीत सिंह (17') ने बराबरी दिलाई, जिसके तुरंत बाद सुखजीत सिंह (19') ने गोल कर बढ़त दिला दी। हाफ टाइम से पहले शिलानंद लाकड़ा (24') ने गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर में विवेक सागर प्रसाद (38') ने चौथा गोल दागा। इसके बाद भारतीय डिफेंस ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में मलेशिया के सभी हमलों को नाकाम किया और स्कोर 4-1 पर कायम रखा। भारत का अगला सुपर-4 मुकाबला चीन से 6 सितंबर को होगा। अन्य मैचों में बांग्लादेश ने कज़ाकिस्तान को 5-1 से और चीन ने कोरिया को 3-0 से हराया।

# शिक्षक दिवस पर केएसटी कॉलेज में समारोह, मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्थानीय केएसटी कॉलेज में शुक्रवार को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। वे प्रख्यात दार्शनिक और विचारक होने के साथ कई विश्वविद्यालयों के कुलपति भी रहे। उनका अधिकांश जीवन शिक्षा को समर्पित रहा, इसी कारण उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। मंत्री ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं और समाज को नई दिशा देने में उनकी भूमिका सर्वोपरि है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बिहार के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और समाजवादी नेता स्व. जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 'बिहार के लेनिन' कहलाने वाले जगदेव बाबू ने कमजोर और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका नारा "100 में 90 शोषित हैं, 90 भाग हमारा है" आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति का आधार माना जाता है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीत कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन एक आदर्श शिक्षक थे और उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर हम सभी शिक्षक समाज के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हैं। साथ ही उन्होंने शहीद जगदेव प्रसाद को याद करते हुए कहा कि वे अंतिम सांस तक शोषित वर्गों के अधिकार और न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक डॉ. केसरी किशोर, प्रो. कुमार उमेशचंद्र सिन्हा, डॉ. सत्येंद्र प्रसाद, कुमार उज्ज्वलानंद गिरि, डॉ. अशोक कुमार, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. प्रभामित्र आनंद, ललन कुमार, दीनानाथ प्रसाद, जनक कुमार समेत अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# 27 दिनों बाद खत्म हुई समाहरणालय कर्मचारी संघ की हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लगातार 27 दिनों से जिला समाहरणालय में चल रही हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोपगुट जिला समाहरणालय लिपिक संघ की यह हड़ताल अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद खत्म हुई। हड़ताल खत्म होने की औपचारिक घोषणा होते ही कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी सदस्य अस्पताल चौक पर इकट्ठा हुए और अबीर-गुलाल लगाकर जीत का इजहार किया। इसके बाद विजय जुलूस निकालते हुए समाहरणालय पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रजौली में बाइक चोरी की बढ़ती वारदातों से दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली। थाना क्षेत्र में दिन-दहाड़े हो रही बाइक चोरी की घटनाओं ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया है। लोग अब भयभीत होकर अपने वाहनों को लगाते हैं और कार्य निपटाते हैं। वहीं पुलिस बाइक चोर गिरोह को पकड़ने के लिए लगातार दबिश बना रही है।

**चौकीदार की बाइक चोरी**

मामला शुक्रवार सुबह लगभग 9:45 बजे का है। अनुमंडल पदाधिकारी के चालक विकास कुमार ने अपने घर के बाहर बाइक खड़ी कर स्नान करने गए थे। इस बीच अज्ञात युवक उनकी बाइक ले उड़ा। विकास कुमार के 15 वर्षीय पुत्र ने चोर को भागते हुए देखा और शोर भी मचाया, लेकिन तब तक चोर बाइक लेकर फरार हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि बाइक उन्होंने एसडीओ आवास पर तैनात चौकीदार चंदन से उधार ली थी, जिससे वे बीमार बेटे को अस्पताल ले गए थे। घटना स्थल थाना से महज कुछ ही दूरी पर है। अस्पताल परिसर से भी चोरी बाइक चोरों का आतंक अनुमंडलीय अस्पताल परिसर तक फैल गया है। गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे पुरानी बस स्टैंड निवासी वरुण विश्वकर्मा अपनी पत्नी का इलाज कराने पहुंचे थे। महज 15 मिनट बाद लौटे तो उनकी स्प्लेंडर गायब मिली। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दी है। बताया गया कि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों का समय और तिथि सही नहीं होने से चोरों की शिनाख्त मुश्किल हो रही है। चोर अक्सर पुलिसकर्मियों के ड्यूटी पर पहुंचने से पहले ही वारदात को अंजाम देते हैं।

**एक चोरी गई बाइक बरामद**

इसी बीच पुलिस को दबिश में सफलता भी मिली है। अंचल कार्यालय के गेट से चार दिन पूर्व चोरी हुई ग्लैमर बाइक को बांके मोड़ स्थित धर्मकांटा के पास से बरामद कर लिया गया। बाइक मालिक मोईन उर्फ सोनू ने बरामदगी पर पुलिस का आभार जताया।

**थानाध्यक्ष का बयान**

थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ितों से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस विज्ञान एवं तकनीक की मदद से बाइक चोर गिरोह की पहचान में जुटी है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही गिरोह का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर मैजिक शो का जलवा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज**। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में धूम मची रही। सृष्टि इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलेलपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध जादूगर ने दो घंटे का एक से एक बढ़कर मैजिक शो दिखाकर बच्चों को मन मोह लिया। बच्चों ने भी जमकर काफी लुफ्त उठाये। कार्यक्रम का शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर विद्यालय परिवार ने केक काटकर याद किये। उसके बाद उनके तैलचित्र पर विद्यालय के निदेशक सीमा कुमारी मौर्या,प्राचार्य मारुति नंदन मौर्य, शिक्षक दिनकर कुमार ,राजेश कुमार, विकास कुमार ,पप्पू कुमार विष्णु कुमार, राहुल कुमार, रूबी पांडेय, दीपांशी कुमारी ,मौसम कुमारी, नेहा कुमारी रवीना कुमारी, मिकी कुमारी व अन्य लोग ने माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य व शिक्षकों ने सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र व डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंस, परशुराम प्रहलाद, टुन कृष, रोहित, निशांत और अन्य बच्चों ने काफी सहयोग किया। पेंशनर भवन नारदीगंज में पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस मनाया गया। सचिव श्रीकांत सिंह, रामशरण सिंह, कामता प्रसाद सिंह, यमुना सिंह, सुखदेव प्रसाद, दशरथ प्रसाद समेत अन्य लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विचार व्यक्त किये।

# वरीय नागरिक संघ ने मनाया शिक्षक दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर वरीय नागरिक संघ नवादा के भवन में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती के साथ साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम जगदीश प्रसाद सिंह सेवानिवृत्त शिक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उपस्थित वरीय नागरिकों द्वारा डॉ.राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। वरीय नागरिक संघ नवादा के संयोजक डॉ.सुबोध कुमार ने सभी शिक्षकों का स्वागत किया और संबोधन में कहा कि शिक्षक ज्ञान के सागर होते हैं। वे केवल ज्ञान नहीं देते अपितु मार्ग दर्शन कराते हैं। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉ.राधाकृष्ण आस्थावान हिन्दू विचारक और भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। उन्हें बार बार नमन है। राम शरण सिंह ने शिक्षकों को बधाई दी। रामस्नेही सिंह ने कहा कि शिक्षक के आदर्श मूल्य पर ही समाज आगे बढता है।अंत में वरीय नागरिक उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दामोदर प्रसाद सिंह, उपेन्द्र सिंह ,विनोद कुमार बाल्मीकि सिंह, सरयू प्रसाद वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, अवध किशोर प्रसाद सिंह, शिवदानी प्रसाद शर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर निकला जुलूस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर प्रखण्ड में ईद-मिलादुन्नबी पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रखण्ड में मोहम्मदी जुलूस निकालकर खुदा से अमन-चैन की दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एक-दूसरे को मिलादुन्नबी की बधाई दी। पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर प्रखण्ड में जोगाचक गाँव से जुलूस निकाला गया। इस दौरान कौआकोल, टिकोडीह, बिझो, सोखोदेवरा, पहाड़पुर सहित दर्जनों गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में शिरकत कर एकदूसरे को शुभकामना दी तथा हजरत मुहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलने की अपील की। जुलूस में सैकड़ों युवा,महिलाएं,पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जुलूस जोगाचक से निकलकर कौआकोल बाजार होते हुए ब्लॉक मोड़ से बिझो गांव पहुंचकर समाप्त हुआ। जहाँ समाज के धर्मगुरु ने लोगों को धर्म के बारे में बताया और अमन के साथ रहने की अपील की। इस मौके पर लोगों में शांति एवं आपसी मिल्लत बढ़ाने तथा बुराई को त्याग कर अच्छाई को अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। जुलूस में मोहम्मद मुजफ्फर अंसारी, मोहम्मद आशिक अली, मोहम्मद शमीमुद्दीन, मोहम्मद नसीमुद्दीन, मोहम्मद साहब कुरान, मोहम्मद आबिद आलम, मोहम्मद सरफराज आलम, मोहम्मद गफ्फरुद्दीन, मोहम्मद महबूब आलम आदि लोग मौजूद थे।

# मंत्री ने देशभर में लागू किए गए जीएसटी सुधारों की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गया जी में सर्किट हाउस में सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिहार बंदी में आम जनों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम में 103 योजनाओं का शिलान्यास किया गया था जिसका शिलापट्ट नहीं लगाया गया है जिसके बाद सहकारिता मंत्री भड़के और उन्होंने कहा कि नगर निगम में लूट खसोट का मामला सामने चलता है। हमने इसकी जांच के लिए एक कमेटी को भी भेजा था, इसके लिए हम राज्य सरकार को ध्यान आकृष्ट कराएंगे और बातों को रखेंगे। निगम में भी जनता की सरकार होती है। सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने की जिम्मेदारी नगर आयुक्त और मेयर को होती है जिस जगह पर शिलान्यास कार्यक्रम किया गया वहां पर शिलापट्ट नहीं लगाया जाना दुर्भाग्य की बात है। बिहार के पूरे नगर निगम में खरीद-फरोख्त होता था। पार्षदों को नगर निगम में खरीदा जाता था, हम लोगों ने उसको इलेक्शन के माध्यम से करा दिया है। डायरेक्ट जब हो गया है तो खेला खत्म हो गया है। बोर्ड के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी होती है कि योजनाओं को सही ढंग से और धरातल पर लानी चाहिए। देशभर में लागू किए गए जीएसटी सुधारों की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित 'नई नेक्स्ट जेन जीएसटी' के अंतर्गत दो स्लैब – 5% और 18% – लागू किए गए हैं। ताकि टैक्स प्रणाली सरल और आमजन के लिए सहायक बने। इन उपायों से महंगाई कम होगी, घरेलू खरीददारी सस्ती होगी और उद्योगों को तेजी से गति मिलेगी। यह देश और बिहार में सभी वर्गों विशेषकर मध्यम वर्ग और किसानों के लिए तरक्की की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### दी मगध सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड गयाजी की वार्षिक आमसभा का आयोजन

# सहकारी बैंकों ने किसानों के हित में कई सराहनीय कार्य किए : डा.प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया स्थित प्रेक्षागृह में दी मगध सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड गयाजी की वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष सह गुरुआ विधायक विनय कुमार यादव ने की। मौके पर बेलागंज विधायक मनोरमा देवी, जहानाबाद विधायक सुदाह यादव एवं पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभा में बैंक की वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सहकारी बैंकों ने किसानों के हित में कई सराहनीय कार्य किए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में पैक्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की राशि 48 घंटे के भीतर किसानों के खातों में भेजी गई। राज्य के 23 जिलों में सहकारी बैंक कार्यरत हैं तथा शीघ्र ही शेष जिलों में भी शाखाएं खोली जाएंगी। मंत्री ने बताया कि किसानों और गरीब महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, ज्वाइंट लायबिलिटी ग्रुप तथा स्वयं सहायता समूह का गठन किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सहकारिता विभाग के माध्यम से ऋण एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब बिहार से सब्जियों का निर्यात दुबई और नेपाल तक होने लगा है। डॉ. कुमार ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बिहार में भी कृषि रोड मैप एवं गोदाम निर्माण योजनाओं से किसानों को लाभ मिल रहा है। मगध प्रमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों में 500 एमटी0 एवं 1000 एमटी0 के गोदाम की स्वीकृति हो गई है लगभग गोदाम निर्माण का कार्य प्रगति पर है साथ ही विश्व अन्य भंडारण योजना के तहत 500 एमटी0एवं 1000 एमटी0 की गोदाम बना रही है जिससे किसानों के अन्य संरक्षण में काफी लाभ होगा। कार्यक्रम में मगध प्रमंडल विपणन संघ के अध्यक्ष बसंत परमार, सब्जी संघ के अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, मगध दुग्ध संघ अध्यक्ष जितेंद्र यादव,देवानंद पासवान, गोपाल चंद्रवंशी, प्रेम सागर, अमित लोहानी, वेद प्रकाश, गौतम कुमार, रॉकी चंद्रवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




# जिले के दो शिक्षकों का राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के दो शिक्षकों का चयन इस साल के राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए हुआ है।यह सम्मान 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के मौके पर पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दिया जा रहा है। पुरस्कार पाने वालों में बांके बाजार प्रखंड के मध्य स्कूल नावाडीह के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार और अतरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पाली की प्रधान शिक्षिका कुमारी आरती सिंह शामिल हैं। दोनों के चयन पर जिलेभर के लोगों ने खुशी जताई और उन्हें बधाइयां दीं।प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार नवाचार और प्रभावी शिक्षण पद्धति के लिए जाने जाते हैं।उन्होंने अपने स्कूल को मॉडल स्कूल का दर्जा दिलाया। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और ड्रॉपआउट दर घटाने के लिए उन्होंने चिल्ड्रन बैंक और पेरेंट्स के नाम पाती अभियान जैसी अनूठी पहल शुरू की।साथ ही, आईसीटी आधारित लाइव क्लासेस और सामुदायिक मदद से विद्यालय की सूरत बदली। पिछले साल उनके बड़े भाई वीरेंद्र कुमार को भी यह पुरस्कार मिल चुका है। कुमारी आरती सिंह ने प्राथमिक स्कूल पाली में कार्यभार संभालने के बाद बच्चों की समग्र प्रगति पर जोर दिया।उन्होंने खेल आधारित शिक्षण, नवीन तकनीकों, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के जरिए स्कूल में जीवंत माहौल बनाया। उनके प्रयासों से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ी और स्कूल का नाम रोशन हुआ।सम्मान मिलने पर कुमारी आरती सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों, सहकर्मियों, परिवार और अभिभावकों की सामूहिक उपलब्धि है।यह मुझे शिक्षा के क्षेत्र में और समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा देता है।जिले के शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों ने दोनों को बधाई दी है।

# सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी तत्परता से अपनी ड्यूटी करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आज पितृपक्ष मेला में प्रतिनियुक्ति सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी, सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर पदाधिकारी, महिला दंडा अधिकारी, सभी पदाधिकारी के साथ महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया में जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में ब्रीफिंग की गई। डीएम ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला 06 सितंबर से प्रारंभ होकर 21 सितंबर तक चलेगा। इस बीच लाखों लाख तीर्थयात्री गया जिला में आकर विष्णुपद देवघाट सहित अन्य वेदी स्थल में तर्पण करते हैं। पितृपक्ष मेला अवधि में तीर्थ यात्रियों को विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।पूरे मेला क्षेत्र में 17 सुपर जोन, 43 जोन एव 324 सेक्टर में बांटते हुए सभी सेक्टर में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाए गए हैं। डीएम ने कहा कि 06 सितंबर को गोदावरी तालाब में तर्पण किया जाएगा इसके पश्चात उक्त तिथि से लेकर 21 सितंबर तक विभिन्न सरोवरों एवं पिंड वेदियों में तर्पण अनुष्ठान किया जाएगा। सभी दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि पूरे अच्छी तरीके से निर्गत जॉइंट ऑर्डर को पढ़कर अपने दायित्व एवं ड्यूटी स्थान को जान लें।सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी पूरी तत्परता से अपनी ड्यूटी को करें। सभी पिंड स्थल का अपना अलग-अलग महत्व है। अलग-अलग तिथि में अलग-अलग पिंड वेदी पर तीर्थ यात्रियों का भीड़ रहेगा, इसके अलावा पितृपक्ष मेला के पूरे अवधि में देवघाट एवं विष्णुपद मंदिर में भीड़ यात्रियों की रहेगी।क्राउड मैनेजमेंट सबसे प्रमुख चलेंगे रहेगा, इसे पूरी तत्परता के साथ अनुपालन कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तीर्थयात्री को जान माल का क्षति नहीं हो, कोई व्यक्ति तालाब में नहीं डूबे इसका पूरा ध्यान रखना होगा। सभी सरोवरों एवं देवघाट में एसडीआरएफ, गोताखोर एवं लाइव जैकेट की उपलब्धता रखी गई है साथ ही नाव की भी पूरी व्यवस्था रखी गई है। सरोवरों में बैरिकेडिंग के साथ-साथ साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विष्णु पद मंदिर के इर्द-गिर्द देव घाट के जाने वाले रास्ते काफी संकीर्ण है। इन सभी बिंदु को चौक पॉइंट चिन्हित किया गया है तथा भीड़ नियंत्रण के लिए सेपरेट पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की टीम रखी गई है ताकि कहीं भी भगदड़ की स्थिति नहीं हो सके।

## आज छह घण्टे के लिए विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** शहर के कुछ क्षेत्रों में आज यानी शनिवार को छह घण्टे का पावर कट होगा। एईई विशाल कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी पीएसएस से जुड़ी टाउन वन फीडर की पोस्टऑफिस के समीप, नगरपालिका के समीप दोनों व डॉ नन्द किशोर नवल के समीप स्थित ट्रांसफॉर्मर से विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से पांच बजे तक बन्द की जाएगी। इस दौरान पोस्ट ऑफिस के सामने से गई 11 हजार तार को बदला जाएगा। एईई विशाल कुमार ने यह भी बताया कि सतर्कता को लेकर टाउन टू की भी पावर सप्लाई बंद की जा सकती है। उपभोक्ताओं से वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की गई है।

# बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गया-गोह मुख्य पथ पर शुक्रवार सुबह 7 बजे सड़क हादसा हुआ। कोंच नहर के पास औरंगाबाद से गया जा रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कोंच निवासी मोहम्मद मंसूर के रूप में हुई। वह कोंच बाजार स्थित मस्जिद के पास जूते की दुकान चलाते थे। रोज की तरह वह स्कूटी से कौड़िया गांव कचरा फेंकने जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आक्रोश में सड़क जाम कर दिया। जाम से मुख्य मार्ग पर यातायात ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने के साथ ही सड़क सुरक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद जाम हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। चालक की तलाश जारी है। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

## क्रांतिपुंज झलकदेव बाबू सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे : डॉ. विवेकानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** स्वर्गीय झलक देव बाबू के सुपुत्र प्रसिद्ध चिकित्सक एवं कौटिल्य मंच के प्रदेश सचिव डॉ रविंद्र कुमार के मानपुर स्थित लक्खीबाग स्थित आवास पर शुक्रवार को ब्राह्मण भोजन के पश्चात श्राद्ध कार्यक्रम क्रिया संपन्न हुआ। मगध के प्रायः सभी वर्गो के रहे समर्थक शुभचिंतक बुद्धिजीवियों ने उनके आवास पर स्वर्गीय झलक देव बाबू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पधारे विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने अपने उद्गार प्रगट करते हुए कहा की 103 वर्षीय क्रांतिपुंज झलक देव बाबू मगध के सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर थे।जिन प्रमुख व्यक्तियों ने उनके चरणों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए उनमें मुख्य रूप से डॉक्टर दिनेश सिंह, ज्योतिष शिक्षा एवं शोध संस्थान के निदेशक डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज, चितरंजन शर्मा, संजय कुमार, प्रवीण कुमार, बांके बाबू, के अलावे कई जानो ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# गयाजी नगर निगम में 600 करोड़ की योजनाओं में गड़बड़ी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर निगम की योजनाओं में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 103 योजनाओं का शिलान्यास किया गया, लेकिन शिलापट्ट नहीं लगाया गया। ब्रह्म सरोवर में लाइट एंड साउंड शो के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए। मुक्ति धाम के निर्माण में कुल 600 करोड़ रुपए की लागत आई, लेकिन लाइट एंड साउंड शो बंद पड़ा है। अब फिर से टेंडर निकाला गया है। इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी भेजी गई है। राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराएंगे। सरकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी नगर आयुक्त और मेयर की है। सहकारिता मंत्री ने आगे कहा कि पहले पार्षदों को खरीदा जाता था। अब सीधे चुनाव से यह प्रथा समाप्त हो गई है। स्वच्छता के लिए प्रसार प्रसार के लिए 300000 रुपए की मंजूरी मिली थी। खर्चा 90 लाख रुपए किया गया है। इसका फाइल आगे बढ़ा हुआ है। जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। नगर निगम में डायवर्सन करके पैसे का लूट किया जा रहा है। नगर विकास विभाग के द्वारा इसकी जांच कराई जाएगी। बिहार में कानून का राज है। कोई भी व्यक्ति सरकार के पैसे का दुरुपयोग नहीं कर सकता है। इसको लेकर विधानसभा में अपनी बात रखेंगे।

## सर्पदंश से महिला की मौत, परिवार में मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के बिजहारा गांव में शुक्रवार की शाम सर्पदंश से 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान देवलगनी देवी (पत्नी स्व. महेंद्र साव) के रूप में हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी के अनुसार शाम लगभग 4 बजे देवलगनी देवी अपने घर में गोइठा जलावन निकाल रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घबराकर उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आईआईएम बोधगया एनआईआरएफ में 31वें स्थान पर पहुंचा, प्रबंधन शिक्षा में बिहार में सबसे आगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गयाजी)।** भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया ने एनआईआरएफ 2025 की प्रबंधन श्रेणी में दो पायदान की छलांग लगाकर 31वां स्थान हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह प्रगति 2023 में इसके 53वें स्थान से उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है जो संस्थान की निरंतर प्रगति को दर्शाती है और इसे बिहार से देश के शीर्ष 50 बिजनेस स्कूलों में शामिल होने वाला एकमात्र प्रबंधन संस्थान होने का गौरव प्रदान करती है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2015 में शुरू किया गया एनआईआरएफ, शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान, स्नातक परिणाम, समावेशिता और सहकर्मी धारणा जैसे महत्वपूर्ण स्तंभों पर संस्थानों का वार्षिक मूल्यांकन करता है। रैंकिंग में यह उल्लेखनीय उछाल आईआईएम बोधगया की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और क्षेत्र में उच्च प्रबंधन शिक्षा में प्रभावशाली योगदान को दर्शाता है। निदेशक प्रो. विनीता एस. सहाय के नेतृत्व में, आईआईएम बोधगया ने राज्य में प्रबंधन शिक्षा के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो समग्र विकास, नवीन शिक्षण विधियों और उद्योग सहयोग पर केंद्रित है। संस्थान वर्तमान में देश भर में पांच पूर्ण आवासीय कार्यक्रमों में 1,600 से अधिक छात्रों को नामांकित करता है: एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम (आईपीएम), एमबीए, डिजिटल व्यवसाय प्रबंधन में एमबीए (डीबीएम), और स्वास्थ्य सेवा और अस्पताल प्रबंधन में एमबीए (एचएचएम) इस मान्यता के साथ, आईआईएम बोधगया वर्तमान में स्थापित सभी नई पीढ़ी के भारतीय प्रबंधन संस्थानों से आगे है जो इसके तीव्र और निरंतर विकास को दर्शाता है और पूर्वी भारत में एक प्रमुख बिजनेस स्कूल के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करता है।

## शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सीयूएसबी में पौधारोपण अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में वृहद स्तर पर एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर और स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। वृक्षारोपण अभियान में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के साथ मगध प्रमंडल की कमिश्नर डॉ. सफीना एएन, सीयूएसबी के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे। वृक्षा रोपण की शुरुआत विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार से हुई राजर्षि जनक केंद्रीय पुस्तकालय तक किया गया जिसमें सैकड़ों पौधे लगाये गए। कुलपति ने इस अवसर पर वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में मौजूद लोगों से 'मां के नाम एक पेड़' लगाने का आह्वान किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी संयोजक एवं डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में प्युर भारत फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ।डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में कई छायादार वृक्ष के पौधे लगाये गए।

# शिक्षक दिवस पर याद किए गए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपने गुरुओं का सम्मान कर शिक्षा के महत्व को दोहराया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। बच्चों ने शिक्षकों को बधाई देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गीत, कविता पाठ और नृत्य के माध्यम से छात्रों ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्कूली छात्रों के द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने केक काटकर खुशी जाहिर की और छात्रों ने उपहार भी दिए। बच्चों ने खुद को शिक्षक की भूमिका में प्रस्तुत कर एक दिन के लिए कक्षा संभाली जिससे पूरे माहौल में उत्साह का संचार हुआ। शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक दिवस केवल औपचारिकता का दिन नहीं है, बल्कि यह अवसर है गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षा के वास्तविक मूल्यों को याद करने का। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का साधन नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और जिम्मेदार नागरिक बनने का मार्ग है। छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है जो अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

# शिक्षक दिवस पर निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रामेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में हर्षोल्लास के साथ प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलीय चित्र पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने माल्यार्पण किया। साथ ही साथ सभी शिक्षकों ने पुष्पांजलि अर्पित की और 9वां और 10वां वर्ग में प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने मिलकर केक काटी एक दूसरे को बधाइयां दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने विस्तार रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शैक्षिक ऊंचाइयों के संदर्भ में बच्चों को बताया और कहा कि मात्र जन्मदिन मना लेने से जयंती का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है।

# पीडीएस दुकानदारों को अनाज का एक दाना भी नहीं देने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के कई समाजसेवियों ने पीडीएस उपभोक्ताओं से अपील किया है कि पीडीएस दुकानदारों से अपने हिस्से का पूरा का पूरा अनाज प्राप्त करें। अनाज का एक दाना भी नहीं छोड़ें। गौरतलब है कि पीडीएस दुकानदारों द्वारा उपभोक्ताओं से कभी निवेदन कर तो कभी दबंगता पूर्वक प्रति यूनिट एक किलो ग्राम अनाज कम दिया जाता है जबकि प्रति पीडीएस दुकानदार लाखों रूपए सरकार से उपभोक्ताओं के बीच अनाज बांटने के एवज में सरकार से मोटी रकम प्राप्त करते हैं। हाल में ही सरकार द्वारा इनकी कमीशन में प्रति क्विंटल अप्रत्याशित रूप से वृद्धि की गई है। समाजसेवियों द्वारा किसी भी तरह की शिकायत के लिए टाल फ्री नंबर उपभोक्ताओं को बताया गया है। ज्ञात हो कि दुकानदारों, डोर स्टेप डिलीवरी ठीकेदारों एवं सहायक गोदाम प्रबंधकों की मिलीभगत से उपभोक्ताओं से काटे गये प्रति यूनिट एक किलोग्राम अनाजों का गोदाम में ही बंदरबांट कर लिया जाता है।

## पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** महान शिक्षाविद, दार्शनिक, कुलपति से राष्ट्रपति तक के पद को सुशोभित करने वाले सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 136 वीं जयंती गया के स्थानीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में मनाई गई। सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के पाश्चात्य उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि आज सम्पूर्ण देश में महान शिक्षाविद, पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जा रही है।


**कुलटी और बराकर स्टेशनों पर ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें प्रायोगिक तौर पर, निम्नवर्णित समयसूची के अनुसार, उनके सामने उल्लिखित स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करेंगी :

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | समयसूची आ. | समयसूची प्र. | ठहराव की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 13331 धनबाद–पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.09.25) | कुलटी | 08.48 | 08.50 | 08.09.25 |
| 13332 पटना–धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.09.25) | कुलटी | 15.25 | 15.27 | |
| 15028 गोरखपुर–सम्बलपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.09.25) | बराकर | 00.48 | 00.50 | |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे



**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/31** **दिनांक** 02.09.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत क्लस्टर–IV के अधीन स्टेशन परिसरों पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों और क्लस्टर –2 एवं क्लस्टर–3 के अधीन स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। नीलामी कैटलॉग www.ireps.gov.in में अपलोड किया गया है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं.:** पीयूबी–एचडब्ल्यूएच–25–31, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 18.09.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण निम्नानुसार हैं:** **एए/1,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीपीएई–ओएसएन–26–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), हावड़ा मंडल के बेगमपुर स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/2,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएसएन–129–25–1 (विज्ञापन–स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), हावड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों (पीएफ. 8 से 15) में एलईडी फ्लेंज के माध्यम से 03 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/1,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएच–54–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/2,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएच–55–25–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), हावड़ा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/3,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–आरपीएच–ओएच–131–24–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), सांइथिया और रामपुरहाट स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एबी/4,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीएचपी–ओएच–132–24–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), गुसकरा, बोलपुर और प्रांतिक स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 09 ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एबी/5,** एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–केडब्ल्यूएई–ओएच–133–24–1 (विज्ञापन–आउट ऑफ होम), कटवा, खागड़ाघाट रोड और आजिमगंज जंक्शन स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 3 वर्ष की अवधि के लिए 06 ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एसी/1,** एडीवीटी–इंट–269353–1–25–1 (विज्ञापन–ट्रेन इंटीरियर), ट्रेन नं. 22303/22304 (हावड़ा–गया–हावड़ा) वंदे भारत एक्सप्रेस के कोचों के इंटीरियर में निर्दिष्ट हिस्से पर 03 वर्ष की अवधि के लिए विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन।

HWH-278/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# कुदरत का कहर– दोषी कौन ?

इस समय समूचे उत्तर-पश्चिमी भारत में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही का मंजर बना हुआ है। मौसम परिवर्तन इसका बड़ा कारण है। उसका मिजाज भांपना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता। उसके आगे मौसम भी भविष्यवाणियां करने वाले यंत्र भी बेबस साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि इस साल मई-जून के महीने में देश के कई इलाक़ों में भीषण हीट वेव देखी गई थी। अब पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत देश के कई इलाक़े भारी बारिश और बाढ़ का सामना कर रहे हैं। पिछले दो महीनों में मौसम से जुड़ी घटनाओं में देश के अलग-अलग हिस्सों में 500 से अधिक लोगों की मौत हुई है और कई लापता हैं। इनमें मौसम में आए बदलाव की वजह से हुए सड़क हादसों में मारे गए लोग भी शामिल हैं। मौसम विभाग ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए भारी बारिश के अलर्ट जारी किए हैं। मौसम में इस बदलाव को वैज्ञानिक और विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देख रहे हैं। विश्लेषकों के मुताबिक़, हीट वेव और मानसून के पैटर्न में हो रहे बदलाव का कारण पृथ्वी का गर्म होना है। भारत के मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. केजे रमेश कहते हैं, इन एक्स्ट्रीम वेदर इवेंट्स और जलवायु परिवर्तन में सीधा संबंध है। ग्रीनपीस से जुड़े शोधकर्ता आकिज़ भट भी मानते हैं कि अभी मौसम की वजह से जो आपदाएं आ रही हैं, ये सीधे तौर पर जलवायु परिवर्तन का असर है। आलम यह है कि पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश की वजह से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी बाढ़ आने की आशंका ज़ाहिर की गई है और प्रशासन अलर्ट पर है। सबसे गंभीर हालात उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में हैं। भूस्खलन की वजह से फ़सलों को नुक़सान हुआ है। सड़कें और पुल बह जाने से कई इलाक़ों में आवागमन ठप हो गया है। जम्मू कश्मीर में अगस्त महीने में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है और कई इलाक़ों में लोग बेहाल हैं। पांच अगस्त को उत्तरकाशी के हर्षिल और धराली गांव में अचानक आए सैलाब से दो लोगों की मौत और 67 लोग (सरकारी आंकड़ों के मुताबिक) लापता हुए। कई घरों और होटलों के साथ सेना का कैंप भी बह गया। प्रशासन राहत कार्य में जुटा है। लेकिन प्रकृति का रौद्र रूप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पंजाब के अलग-अलग इलाक़ों में अब तक कम से कम 29 लोगों की मौत हुई है और 12 ज़िले बाढ़ से प्रभावित हैं। 15 हज़ार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। क़रीब एक लाख हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी में डूबी है। विशेषज्ञों के मुताबिक़ भीषण गर्मी पहले भी पड़ती थी और भारी बारिश भी होती थी लेकिन पिछले कुछ सालों से इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी दोनों बढ़ी हैं। दुनिया भर के परमाणु वैज्ञानिक ग्लोबल वॉर्मिंग को लेकर सहमत हैं और इसका सबसे बड़ा कारण वायुमंडल में बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड और दूसरी ग्रीन हाउस गैसों की बढ़ती मात्रा को माना जाता है। इसके अलावा पहाड़ों पर अनियंत्रित विकास और निर्माण कार्य भी इसका प्रमुख कारण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बेलगाम और विकास गतिविधियां और प्रकृति के अधिकार क्षेत्र में मानवीय दखल इसका बड़ा कारण है। जब तक इस पर अंकुश नहीं लगेगा। हालात सुधरने की संभावना नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें इस बात को गंभीरता से समझे और उसके मुताबिक नीतियां बनाएं। प्रकृति राजनीति नहीं समझती। उसकी मर्यादाओं का उल्लंघन प्रकृति को मंजूर नहीं है।

# अमेरिकी टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

**भारत और अमेरिका लंबे समय से एक-दूसरे के प्रमुख व्यापारिक साझेदार रहे हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया जो बुधवार 27 अगस्त 2025 से प्रभावी हो गया, जिससे भारत के अरबों डॉलर के व्यापार पर असर पड़ेगा। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यातों पर 50 प्रतिशत तक की उच्च दर से टैरिफ लगाने से दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच व्यापारिक तनाव की एक नई स्थिति उत्पन्न हुई है। यह निर्णय भले ही भू-राजनीतिक और व्यापार नीति के पुनर्संतुलन से प्रेरित हो, लेकिन इसके प्रभाव भारत की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था, व्यापार संतुलन और समग्र आर्थिक दिशा पर गहरे और बहुआयामी हैं।**

**अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने से भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों में नई चुनौतियाँ खड़ी हो गई हैं। भारतीय निर्यात में स्टील, एल्युमिनियम, टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स, आईटी सेवाएँ और कृषि उत्पादों की बड़ी हिस्सेदारी है। ऐसे में टैरिफ बढ़ने से भारतीय वस्तुएँ अमेरिकी बाजार में महंगी हो जाएँगी, जिससे मांग घटने और निर्यात पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे न केवल विदेशी मुद्रा भंडार और निर्यात-आधारित रोजगार पर दबाव बढ़ेगा, बल्कि लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी गहरी चोट पहुँचेगी। जिसके कारण भारतीय निर्यात घट सकता है और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है।**

**डॉ. विनोद सेन**

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए उच्च टैरिफ के कारण कई प्रमुख क्षेत्र गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। वस्त्र और परिधान क्षेत्र, जो सालाना लगभग 2.3 लाख करोड़ का योगदान देता है और भारत के लिए अमेरिका का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, इस टैरिफ वृद्धि से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। पहले 25 प्रतिशत टैरिफ था, जो अब 50 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है और निर्यातकों में भारी चिंता व्याप्त है। इसी तरह, रत्न और आभूषण क्षेत्र, जिसका लगभग एक-तिहाई निर्यात अमेरिका को होता है, अब प्रतियोगिता की दौड़ में पीछे रह गया है, जिससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में रोजगार के संकट का खतरा बढ़ गया है। समुद्री और कृषि उत्पाद जैसे झींगा, बासमती चावल और चाय भी 26 प्रतिशत के नए टैरिफ से प्रभावित हो रहे हैं, जो उनकी लाभ मार्जिन और निर्यात मात्रा को कम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ऑटो पार्ट्स, कालीन, हस्तशिल्प, चमड़ा और जूते, तथा फर्नीचर जैसे क्षेत्र भी इस टैरिफ के दायरे में आने से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि इन उत्पादों की बड़े पैमाने पर अमेरिकी बाजार में मांग है। दवाइयाँ और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं क्योंकि इन्हें कुछ छूट मिली हुई है और इनकी अमेरिकी मांग स्थिर बनी हुई है, जो व्यापक व्यापारिक झटकों से राहत का स्त्रोत हैं। व्यापक आर्थिक स्तर पर, अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष लगभग 3.7 लाख करोड़ का अब घाटे में बदलने का जोखिम है, यदि सभी निर्यातों पर नए टैरिफ लागू होते हैं। भारत के घरेलू संकेतक जैसे विनिर्माण पीएमआई, ई-वे बिल और उपभोक्ता खर्च मजबूत बने हुए हैं, लेकिन बाह्य क्षेत्र में चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। वित्त मंत्रालय ने इन प्रभावों को 'विलंबित लेकिन महत्वपूर्ण' बताया है और व्यापार नीति में विविधता लाने की आवश्यकता पर बल दिया है। टैरिफ की अनिश्चितता ने विशेष रूप से निर्यात-आधारित लघु एवं मध्यम उद्योगों के निवेशकों की भावना को प्रभावित किया है, जिससे भारतीय रुपये के अवमूल्यन का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। हालांकि, भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार और जीएसटी तथा विनियमन में सुधार दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करते हैं जो इन प्रभावों को संतुलित करने में सहायक हैं। इस प्रकार, भारत के कई मुख्य उद्योग टैरिफ के प्रभाव से चोटिल हुए हैं, जिसका मुकाबला करने के लिए नीति स्तर पर सतत सुधार और रणनीतिक कदम आवश्यक हैं।



इस परिस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत को अपने व्यापारिक साझेदारी के दायरे को और विस्तृत करना होगा ताकि किसी एक देश की नीतिगत अस्थिरता से उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा असर न पड़े। भारत ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और ईएफटीए के साथ व्यापार समझौते के लिए वार्ताएँ कर रहा है ताकि अमेरिकी बाजार में नुकसान की भरपाई की जा सके। इसी बीच सरकार 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है ताकि घरेलू उत्पादन बढ़े और निर्यात को नया बल मिले। साथ ही, सरकार को छोटे और मध्यम उद्यमों को विशेष समर्थन और सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रह सकें। निर्यातकों के लिए सस्ते वित्त और मार्केटिंग सहायता को बढ़ावा देना तथा घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स दरों में कमी करना भी एक प्रभावी कदम हो सकता है। फिर भी अल्पकालिक चुनौतियाँ बरकरार हैं क्योंकि अमेरिका का टैरिफ सीधा-सीधा भारतीय वस्तुओं की लागत को बढ़ाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भारत अपने निर्यात की विविधता बढ़ाए, उच्च मूल्य वर्धित उत्पादों पर ध्यान दे और मुक्त व्यापार समझौतों को तेजी से लागू करे तो वह अमेरिकी टैरिफ के नकारात्मक प्रभाव को कम कर सकता है,वहीं अमेरिका भी चीन के साथ बढ़ते तनाव के कारण भारत को एक भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार के रूप में देखता है, इसलिए पूरी संभावना है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश टैरिफ विवाद को किसी न किसी स्तर पर संतुलित करेंगे। कुल मिलाकर अमेरिकी टैरिफ का भारत पर असर सिर्फ आर्थिक नहीं बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी है- यह भारत को अपनी नीतियों में आत्मनिर्भरता की ओर धकेलता है और उसे वैश्विक व्यापारिक साझेदारी में विविधता लाने की प्रेरणा देता है, लेकिन साथ ही यह एक चेतावनी भी है कि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता अर्थव्यवस्था के लिए कितना खतरनाक हो सकता है। आज आवश्यकता है कि भारत दीर्घकालिक रणनीति के तहत अपनी निर्यात नीति को अधिक लचीला बनाए, घरेलू उद्योगों को प्रतिस्पर्धी बनाए और अमेरिका के साथ कूटनीतिक संवाद को मजबूत रखे, ताकि व्यापारिक विवाद राजनीतिक साझेदारी पर हावी न हो सके और भारतीय अर्थव्यवस्था निरंतर विकास की राह पर बनी रहे।

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए भारी टैरिफ ने भारतीय व्यापार को एक बड़ा झटका दिया है, लेकिन इसे एक चुनौती के साथ-साथ अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए। अब समय है कि भारत अपनी व्यापार नीतियों में बदलाव लाए और अमेरिका पर निर्भरता कम करते हुए अफ्रीका, यूरोप, चीन तथा अन्य उभरते बाजारों के साथ नए व्यापारिक संबंध स्थापित करे। व्यापार के इन विविधीकरण से न केवल निर्यातकों को नए अवसर मिलेंगे, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी मजबूती आएगी। साथ ही, भारतीय उत्पादों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए तकनीक और नवाचार में व्यापक निवेश करना आवश्यक है। उच्च गुणवत्ता और अनोखे डिजाइन वाले उत्पादों का उत्पादन कम लागत में करना होगा ताकि वे अमेरिका के टैरिफ से प्रभावित होने के बावजूद ग्लोबल बाजार में आकर्षक विकल्प बन सकें। टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, और समुद्री खाद्य जैसे क्षेत्रों में तकनीकी अपग्रेड और गुणवत्ता मानकों को बढ़ा कर भारतीय वस्तुएं विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, भारत को घरेलू विनिर्माण को मजबूत करना होगा ताकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। यह न केवल रोजगार सृजन में मदद करेगा बल्कि भारत की आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ाएगा। व्यापार में इस पुनर्संरचना से देश को दीर्घकालिक लाभ होगा और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के अनुकूल ज्यादा लचीला बनायेगा। इस प्रकार, अमेरिका के टैरिफ नीति द्वारा उत्पन्न संकट से सीख लेकर, भारत अपनी व्यापार रणनीति को निखारकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी जगह और मजबूत कर सकता है। यह समय है कारोबार को व्यापक दृष्टिकोण से देखने और नवाचार के बल पर भविष्य के नए अवसर तैयार करने का।

अध्यात्म

## जीवन के हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ। राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए। मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।

राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं।

ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

**सीख**

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# खामोश की जातीं, पर्यावरण संरक्षण की आवाजें

**वैश्विक स्तर पर पर्यावरण कार्यकर्ताओं पर मंडरा रहे भयावह संकट को उजागर करने वाली हाल की 'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2012 से अब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए संघर्ष करते हुए 2,106 कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। इनमें से एक-तिहाई से अधिक हत्याएँ लैटिन अमेरिका में हुईं। अकेले वर्ष 2023 में कम-से-कम 196 लोगों की जानें गईं। इस रिपोर्ट से स्पष्ट है कि पर्यावरण की रक्षा करने वाले लोग आज भयंकर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खतरों का सामना कर रहे हैं। खनन, औद्योगिक और निर्माण परियोजनाओं के खिलाफ खड़े होने के कारण ये कार्यकर्ता सत्ता और पूंजी के निशाने पर आ जाते हैं।**

**कुमार सिद्धार्थ**

'ग्लोबल विटनेस,' जो बीते ढाई दशक से तेल, गैस, खनन और वन क्षेत्रों में मानवाधिकारों और पर्यावरणीय शोषण की जाँच करता रहा है, ने इस रिपोर्ट को 200 से अधिक देशों के पर्यावरण कार्यकर्ताओं से बातचीत के आधार पर तैयार किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 90 फीसदी से अधिक लोगों को शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ना का सामना करना पड़ा है और 25 फीसदी से अधिक पर हिंसक हमले हुए हैं। 70 फीसदी हत्याएँ खनन, बड़े बांधों और जंगलों की कटाई के खिलाफ आंदोलन करने वालों की हुई हैं।

रिपोर्ट बताती है कि विकास की आड़ में स्थानीय समुदाय, विशेषकर आदिवासी, किसान, महिलाएं और मछुआरे, खास निशाने पर हैं। जब ये समुदाय अपनी ज़मीन, जंगल और नदियों के संरक्षण की आवाज उठाते हैं, तो या तो उन्हें झूठे मामलों में फँसाया जाता है या फिर वे गोलियों का शिकार होते हैं। कोलंबिया, फिलीपींस, ब्राज़ील, कांगो और होंडुरास जैसे देश इस हिंसा के गवाह हैं। यहां हर साल सैकड़ों लोग सिर्फ इसलिए मारे जाते हैं क्योंकि वे अपने जंगल, नदियों, खेतों और अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं।

कोलंबिया लगातार दूसरे साल सबसे खतरनाक देश माना गया था जहाँ 2023 में 79 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। यह लगातार चौथा वर्ष है, जब कोलंबिया में सबसे अधिक हत्याएं दर्ज हुई हैं। वर्ष 2012 से अब तक ऐसी 461 हत्याएं हुई हैं, जो किसी भी देश के मुकाबले अधिक हैं। इसके बाद ब्राजील में 34, मैक्सिको और होंडुरास में 18-18 और फिलीपींस में 11 पर्यावरण रक्षकों की हत्याएं हुईं। मध्य अमेरिका पर्यावरण कार्यकर्ताओं के लिए सबसे खतरनाक क्षेत्र बन चुका है, जहां प्रति व्यक्ति हत्याओं की दर सबसे अधिक रही है।

इनमें से अधिकांश हमले वनों की रक्षा करने वालों, खनन विरोधी आंदोलनों में शामिल लोगों और आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों पर हुए हैं। अक्सर ये हमले संगठित अपराधियों, सरकार समर्थित ठेकेदारों या निजी कंपनियों के इशारों पर होते हैं। इंडोनेशिया और थाईलैंड में कार्यकर्ताओं को 'रेड टैगिंग' (देशद्रोही) करार देकर मारा या गायब किया जा रहा है। इन मामलों में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार 2012 से 2022 के बीच भारत में 71 पर्यावरण रक्षकों की हत्या दर्ज की गई। इनमें से कई पत्रकार थे, जो ज़मीन अधिग्रहण और अवैध खनन जैसे संवेदनशील विषयों पर रिपोर्टिंग कर रहे थे। वर्ष 2014 के बाद मारे गए 28 पत्रकारों में से 13 पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे थे। भारत में रेत-माफिया और अवैध खनन पर लिखने वाले पत्रकारों को खासकर निशाना बनाया गया।

रिपोर्ट इंगित करती है कि भारत में नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं, पर्यावरणविदों और पत्रकारों पर बढ़ती निगरानी, गिरफ्तारी और बदनाम करने की घटनाओं में तेज़ी आई है। साथ ही, उनके खिलाफ 'गैरकानूनी गतिविधियां



रोकथाम अधिनियम' (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों का दुरुपयोग कर उनकी आवाज़ को दबाया जा रहा है। सरकारों द्वारा कार्यकर्ताओं को वर्षों जेल में रखना, उनकी जमानत रोकना और उन्हें 'राष्ट्रविरोधी' करार देना जैसी घटनाएं कई राज्यों में सामने आई हैं।

'ग्लोबल विटनेस' के अनुसार, भारत में सामाजिक कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों पर मनमाने आपराधिक आरोप लगाए जा रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है और उनके बैंक खाते फ्रीज़ कर दिए गए हैं, जिससे नागरिक समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। रिपोर्ट इस बात पर भी ज़ोर देती है कि कई देशों में पर्यावरण कार्यकर्ताओं को ऐसे मुकदमों का सामना करना पड़ता है जिनका उद्देश्य ही जनहित में उठी आवाज़ों को रोकना है। ये मुकदमे इतने लंबे और खर्चीले होते हैं कि आम नागरिक उनमें फँसकर टूट जाते हैं या चुप हो जाते हैं। आदिवासी समुदाय इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं कुल हत्याओं के 34 फीसदी शिकार आदिवासी रहे हैं। उनके पास कानूनी दस्तावेज़ों का अभाव, मुख्यधारा से दूरी और राजनीतिक समर्थन की कमी उन्हें कमजोर बनाती है, जबकि यही समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सहजीवन की मिसाल पेश करते आए हैं।

'ग्लोबल विटनेस' रिपोर्ट की भूमिका में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. वंदना शिवा लिखती हैं- 'हम केवल जलवायु आपातकाल के दौर में नहीं हैं, बल्कि एक व्यापक प्रजातीय विलुप्ति की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में ये पर्यावरण कार्यकर्ता उन चुनिंदा लोगों में हैं, जो इस लड़ाई में डटे हुए हैं। वे न केवल नैतिक दृष्टिकोण से सही हैं, बल्कि इसलिए भी सुरक्षा पाने के अधिकारी हैं क्योंकि हमारी प्रजाति और हमारे हरित ग्रह का भविष्य उन्हीं के संघर्षों पर टिका है।'

आज जब जलवायु संकट के प्रभाव दुनिया के हर कोने में महसूस किए जा रहे हैं- बाढ़, सूखा, जंगल की आग, समुद्र के जलस्तर में बढ़ोत्तरी- ऐसे समय में पर्यावरण रक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। रिपोर्ट कुछ अहम सुझाव भी देती है - जैसे पर्यावरण रक्षकों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाना, उनके खिलाफ दमनकारी मुकदमों को रोका जाना और जिम्मेदार कंपनियों की जवाबदेही तय करना, लेकिन यह तभी संभव है जब नागरिक समाज, मीडिया और आम जनमानस इन मुद्दों को अपने विमर्श के केंद्र में लाएं।

हाल ही में 'इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस' (आईसीजे) ने एक ऐतिहासिक निर्णय में कहा है कि जलवायु संकट से निपटना सभी देशों की कानूनी ज़िम्मेदारी है। यह फैसला बताता है कि अब जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का भी गंभीर मुद्दा बन चुका है। उम्मीद की जा रही है कि इससे उन लोगों को कुछ राहत मिलेगी जो पर्यावरण की रक्षा के लिए खतरों का सामना कर रहे हैं।

(सप्रेस)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ पूजा-पाठ में रुचि लेंगे। अपनी इच्छाशक्ति से कठिनाइयों को दूर कर लेंगे।

**वृषभ**

किसी छोटी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा न करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। सामाजिक विषयों को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन**

परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। व्यापार में धन लाभ हो सकता है। घर में बैठकर किसी रोचक वेबसीरीज का आनन्द उठा सकते हैं।

**कर्क**

आज किसी बड़े धनवान व्यक्ति से भेंट हो सकती है। अपच हो जाये तो परेशानी होगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह**

रोजगार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। दूसरों की सहायता करने में संकोच न करें। अपने व्यापार को लेकर त्वरित निर्णयों से आपको लाभ मिलेगा।

**कन्या**

रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आयुर्वेदिक दवाइयों से स्वास्थ्य लाभ होगा। इनका नित्य सेवन अवश्य करते रहें। अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें।

**तुला**

आपको अच्छी नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। पर्यटन से जुड़े लोगों के लिये दिन अपेक्षाकृत शुभ रहेगा। सोशल मीडिया में अत्यन्त सक्रियता दिखायेंगे।

**वृश्चिक**

शारीरिक थकान के कारण थोड़ा क्रोधित हो सकते हैं। आज आपको व्यायाम अवश्य करना चाहिये, इससे आप में ऊर्जा बनी रहेगी।

**धनु**

जीवनसाथी से आपको काफी सहायता मिलेगी। करियर में बदलाव करना चाहते हैं तो थोड़ा धैर्य रखें। सम्मानित व्यक्तियों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

**मकर**

सन्तान को लेकर कुछ निर्णय ले सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। विदेश यात्रा बाधित हो सकती है। वैवाहिक अड़चनें दूर करने के लिये आपको थोड़ा समय देना होगा।

**कुंभ**

अपनी योजनाओं से सन्तुष्ट रहेंगे। आपसी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। परिजनों के साथ एकमत रहेंगे। गायन और अभिनय से जुड़े लोगों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं।

**मीन**

आज नये घर की योजना बना सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। करियर में बदलाव कर सकते हैं। जीवन में स्थिरता आयेगी।

# शिक्षक दिवस पर केडीएस के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

## शिक्षक दिवस पर शैक्षणिक संस्थानों में रही कार्यक्रमों की धूम, काटे गये केक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर केडीएस फाउंडेशन की ओर से शेमफोर्ड स्कूल सर्वोदय नगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत फाउंडेशन की ओर से नयागांव स्थित मध्य विद्यालय में भी शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर डा. पंकज कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। डा. पंकज कुमार सिंह के द्वारा बाद में बागवाड़ा ग्राम स्थित उच्च विद्यालय के शिक्षक मदनमोहन चौधरी और रेखा देवी को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डा. पंकज कुमार सिंह जिले के चर्चित हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। केडीएस हार्ट हस्पिटल के निदेशक भी हैं। साथ ही वे केडीएस फाउंडेशन नामक चौरिटेबल ट्रस्ट का संचालन भी



करते हैं। इस फाउंडेशन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य की पूरी जिम्मेदारी उठाई जाती है। यही नहीं फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य करता है। आज के कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व तथा शिक्षकों के प्रति समर्पण एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। डा. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महेश्वर हैं और गुरु ही साक्षात परब्रह्म हैं। ऐसे गुरु को मैं नमन करता हूं।उन्होंने आगे कहा कि अफसोस की बात है कि आज गुरु-शिष्य परंपरा समाप्त होती जा रही है। ऐसे में पूरे समाज का दायित्व बनता है कि शिक्षकों का सम्मान किया जाए और बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जाए। डा. पंकज ने वहाँ उपस्थित ग्रामीणों अभिभावकों से आग्रह किया कि स्कूल और शिक्षक को गाँव की राजनीति से दूर रखें ।कार्यक्रम के दौरान शेमफोर्ड स्कूल के निदेशक रामानुज सिंह ने डा. सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा किया जा रहा सामाजिक कार्य अत्यंत सराहनीय है। तथा वे लगातार कई वर्षों से शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान कर रहे हैं। इस अवसर पर बलहपुर के वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक माननीय रामसरोवर सिंह ने भी डा. सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा प्रदान करना। उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना फाउंडेशन का अनुपम और अनुकरणीय कार्य है। इस अवसर पर देवेंद्र ठाकुर, राधाकांत झा एवं नयागांव मध्य विद्यालय के सभी गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर गाँव के गणमान्य व्यक्ति रंजीत सिंह, पवन सिंह उर्फ कारू, राजकुमार सिंह, मनीष कुमार, चंदन सिंह, भोगी सिंह, ऋषिराज सिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## गंगा ग्लोबल बीएड कॉलेज में मना शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन में सत्र के प्रशिक्षुओं ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधा.ष्णन को याद किया। इसके मुख्य अतिथि सह संस्थान के निदेशक एमएलसी सर्वेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद डा. राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्रा प्रिया कुमारी और अनुप्रिया ने सरस्वती वन्दना और गुरु वंदना की प्रस्तुति दी। मौके पर एमएलसी श्री कुमार ने प्रो अमर कुमार द्वारा बनाए चित्र का लोकार्पण किया। कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण बोलने या सोचने से नहीं होगा। बल्कि करने से होगा। प्रशिक्षुओं से कहा कि आप खूब पढ़ें। स्वाध्याय करें। अधिक से अधिक एक्टिविटी में भाग लें। मंच से अपनी अभिव्यक्ति को प्रेषित करने की आदत डालें। सभी अच्छे शिक्षक अवश्य बनेंगे। प्राचार्य डा. नीरज कुमार ने कहा कि शिक्षक ही एक ऐसा व्यक्ति है जो स्वयं की प्रवाह कम कर छात्रों के भविष्य को संवारने में लगा रहता है। मंच संचालन द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु शिवम कुमार तथा मिसा कुमारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. सुधाकर पांडेय, प्रो. परवेज यूसुफ, डा. कामायनी कुमारी, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. अमर कुमार, प्रो. कुन्दन कुमार, डा. अंजली, ड. अविनाश कुमार और डा. राजवंत सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

## शिक्षक दिवस पर विजार्ड टेक कंप्यूटर एकेडमी में सम्मान समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित विजार्ड टेक कंप्यूटर एकेडमी सह स्किल डेवलपमेंट सेंटर में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा में सफल हुए छात्रों को सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी योगेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए आधुनिक शिक्षा का विशेष महत्व है। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के बल पर अपनी पहचान बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक प्रो. जय प्रकाश गुप्ता, एलएफ रमन कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। छात्राओं में अनीश कुमारी, सौम्या कुमारी, मधु कुमारी, रिया कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, खुशी कुमारी, सिमरन कुमारी, तनु कुमारी व लक्ष्मी कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं छात्र राज कुमार सिंह, राम सिंह व आदर्श कुमार को भी मेडल व सर्टिफिकेट दिए गए। इस मौके पर कुशल युवा कार्यक्रम के छात्र गुलशन कुमार, जिन्होंने हाल ही में होम गार्ड में ज्वाइन किया है, उनको ही फूलमाला व मोमेंटो देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## शिक्षक सदा से रहे हैं पूजनीय : डा. ओम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा दिनकर भवन में शुक्रवार को महान दार्शनिक डा. सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ का झंण्डोतोलन जिला अध्यक्ष उमानंद चौधरी के द्वारा किया गया तत्पश्चात डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, आस्थादेव स्व जगदीश शर्मा एवं स्व गंगोत्री सिंह के तैल



चित्र पर माल्यार्पण एवं किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमानंद चौधरी ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दिनकर भवन (टाउन हॉल) में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंगला चरण की प्रस्तुति अविनाश शास्त्री उच्च विद्यालय गौड़ा चिंटू कुमार प्रजापति उच्च विद्यालय गोदरगामा तथा दीपक कुमार मिश्र उच्च विद्यालय मोक्तियारपुर के द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि डा. ओम प्रकाश क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक मुंगेर प्रमंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक सदा से वंदनीय रहे हैं तथा मैं उनका काफी सम्मान करता हूं।आप निष्ठापूर्वक बच्चों को पढाये मैं आपके समस्याओं के प्रति सजग रहूंगा। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में विशिष्ठ श्यामनंदन सिंह ने संबोधित किया। अतिथियों एवं भारी संख्या में शिक्षक साथियों के उपस्थिती पर आभार व्यक्त किया।

## एएनएम को दिया गया माइक्रो टीकाकरण प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित विमर्श कक्ष में डिजिटल माइक्रो प्लान तैयार करने हेतु एएनएम तथा आशाओं का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। एसएमओ डा निरजा रघुरमन ने कहा कि नियमित टीकाकरण की सफलता माइक्रो प्लान पर निर्भर करता है। जितना अच्छा माइक्रो प्लान तैयार किया जाएगा उतना ही बढिया टीकाकरण का कार्य सम्पन्न होगा। इसके तैयार करने के तौर तरीके को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जोखिम भरे कार्य, दुरस्थ क्षेत्र, ईंट भठ्ठा चिमनी तथा घुमंतू एक स्थान पर स्थायी रूप से नहीं रहते हैं। जिससे ये संपूर्ण टीकाकरण से वंचित हो जाते हैं। इन आबादी वाले व्यक्तियों के माइक्रो प्लान तैयार करने तथा इनके रहने की अवधि की जानकारी ली जाय अथवा इन अवधि के बाद इनके अगले पड़ाव की जानकारी यदि दर्ज रहती है तो आरोग्य दिवस पर इन्हें ट्रेकिंग कर टीकाकरण करने में सुविधा होगी। इससे टीकाकरण के रेशियो में भी वृद्धि हो जाएगी। टीकाकरण हेतु लक्षित समूह शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के बच्चे तथा गर्भवती महिला है। यदि लक्षित समूह का माइक्रो प्लान चुस्त दुरूस्त तैयार हो जाता है तो टीकाकरण में आसानी होगी। इन्हें माइक्रो प्लान तैयार करने हेतु मॉकड्रिल कर बताया गया। मौके पर डा अमित रंजन, एसएमसी राजेश कुमार, बीएमसी गोपाल शर्मा, डब्ल्यू एच ओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, कुमार मृत्युंजय, हेल्थ मैनेजर आनंद ईश्वर, बी सीएम उषा कुमारी, आशा फेसिलेटर संगीता कुमारी, अंजु, कंचन, रूक्मिणी, लक्ष्मी, एएनएम विभा, विश्व भारती, रेणु, दीपा, सीमा, जानकी, निशा, आदि मौजूद थे।

## शिक्षक दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले में विशेष रूप से स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य आमजन को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता से अवगत कराना तथा उन्हें आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना था। इस रैली में प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल अररिया के छात्राओं ने भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर मतदान करें, लोकतंत्र मजबूत करें तथा एक भी वोट न हो बेकार, करें सभी मतदान




अपार जैसे नारे लगाए। इससे पूरे वातावरण में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति एक सकारात्मक संदेश गया। इस अवसर पर सहायक नोडल पदाधिकारी अररिया सह जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अररिया ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका अहम है और ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी में मतदान के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्तर पर मतदाता आईकॉन भी चुने गए। इस अवसर पर दो मेधावी छात्राओं क्रमशः आंचल कुमारी एवं अमृता कुमारी को गर्ल्स हाई स्कूल अररिया को मतदाता आईकॉन घोषित किया गया। दोनों छात्राओं का चयन उनकी सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए किया गया। अब वे अपने विद्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगी। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया गया और बताया गया कि आज के दिन को हम सभी 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाते हैं। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर उपस्थित पदाधिकारी एवं बच्चों ने राज्य के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## जुलूसे मुहम्मदी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** ईद मिलादुन्नबी यानी पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब (सअव) के यौमे पैदाइश के मौके पर प्रखंड के विष्णुपुर, खैरवन तथा वृन्दावन में जुलूसे मुहम्मदी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हुजूर की आमद मरहबा की गूंज से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। मुसलमानों के एक तबके (बरैलवी पंथ) के द्वारा 12 रब्बील औव्वल के मौके पर पैगंबरे इस्लाम के जन्मदिन पर गली मुहल्ले एवं आसपास के सड़कों की साफ-सफाई रंग रोगन करके झंडे पताके से गुजरने वाले सभी मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया था। इस अवसर पर बूढे बच्चे नौजवानों ने पारंपरिक पोशाक में सजधज कर हरे पगड़ी धारण किये गली गली हुजूर की आमद मरहबाष्नारे तकबीर अल्लाहु अकबर के नारे लगाते गांव के विभिन्न मार्ग से गुजर कर एक स्थान पर जमा हो गये। वहां हुजूर की बिलादत और उनके उपदेशों पर चर्चा किये। मस्जिदों में विशेष इबादत और कुरॉन ख्वानी का नज्म किया गया।इस दौरान वृन्दावन, खैरवन तथा विष्णुपुर में शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के वातावरण में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को मनाया। विधि व्यवस्था संधारण के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी विश्वजीत कुमार, मो इस्माइल, रणजीत कुमार एवं सशस्त्र बल चौकस दिखे।

## इंडियन जर्नलिस्ट कॉम्पेंडियम ने वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** इंडियन जर्नलिस्ट कॉम्पेंडियम, नई दिल्ली के बैनर तले सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। शहर के कटहरी बाग स्थित नूतन निकेतन में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गण्यमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. श्रीवास्तव ने अपने लंबे पत्रकारिता सफर को याद करते हुए नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देते हुए जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिमला के पूर्व एडीजी व जन सुराज नेता जेपी



सिंह मौजूद थे। उन्होंने पत्रकारिता व सामाजिक सरोकारों के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डाला। वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता शैलेन्द्र सेंगर ने सामयिक विषयों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी व स्वर्णकार समाज के नेता कृष्णा कुमार वैष्णवी थे। इस अवसर पर समाजसेवी वीरेंद्र साह मुखिया, नीरज कुमार सिंह, सूरज कुमार, डॉ. सुनील प्रसाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अवैध बालू खनन करते सात नाविक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बालू बंदी के बावजूद चोरी छिपे सोन नद से बालू खनन करने वालों नाविकों की अब खैर नही है। नाविक चाहे कोई भी सेटिंग्स कर ले बचना मुश्किल है। पुलिस और खनन विभाग लगातार अवैध खनन व परिवहन करने वालों पर सख्त है। गुरुवार रात सूचना मिली की कि कोईलवर थानान्तर्गत डोरीगंज की ओर से खाली नाव बबुरा आकर, कोईलवर, चॉदी थाना क्षेत्र में प्रवेश कर बालू खनन कर नाव पर रात में लोड कर पुनः डोरीगंज की ओर ले जाने वाले है। जिसकी सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस.वरीय पदाधिकारी को तत्काल सूचना दिया गया। एसपी मिस्टर राज के आदेशानुसार एसडीपीओ आरा 2 एवं जिला खनन पदाधिकारी भोजपुर के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। जिसमें खनन निरीक्षक भोजपुर एवं



कोईलवर थाना की पुलिस, क्यूआरटी बल एवं सशस्त्र बल के साथ अवैध खनन के विरूद्ध रात्रि में बोट से सवार होकर सोन नद में छापामारी किया गया। जिसमें एक अवैध बालु लदा नाव पकडाया। नाव बालू लोड कर डोरीगंज की ओर ले जा रहे थे। जिसे कोईलवर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पकड़ लिया गया। वही नाव पर काम कर रहे नाविक व मालिक समेत 07 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बालू तस्करों में सभी बड़हरा थाना क्षेत्र के लाला टोला पंडितपुर निवासी है। गिरफ्तार आरोपितों में पंचदेव राय के पुत्र कृष्णा राय, हरेराम साह के पुत्र रवि कुमार, राम बहादुर राय के पुत्र विरेन्द्र राय, जगनारायण साह के पुत्र शत्रुधन साह व विशेश्वर साह, गोपाल राय के पुत्र अजय राय और वकील राय के पुत्र तेरस राय शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेजा और नाव को जब्त कर दिया।

## एक नजर

### 15 सितंबर को पूर्णिया में सीएम व पीएम का संयुक्त कार्यक्रम

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 15 सितंबर को पूर्णिया में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर जनता दल (यू) के प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह की अध्यक्षता में अररिया में तैयारी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर श्री चंदन ने कहा कि 15 सितंबर का दिन सीमांचल के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीमांचल वासियों को विकास की ऐतिहासिक सौगात देने पूर्णिया पहुँच रहे हैं। यह कार्यक्रम न केवल क्षेत्र की भावनाओं को ऊर्जा देगा बल्कि सीमांचल के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि दोनों लोकप्रिय और जनप्रिय नेताओं के आगमन को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं समेत पूरे क्षेत्र की जनता में अपार उत्साह और उल्लास है। माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के करकमलों से पूर्णियावासियों को हवाई अड्डे की सौगात मिलने जा रही है, जो सीमांचल के आर्थिक विकास को नई गति और मजबूती प्रदान करेगी। इस मौके पर जद यू जिला अध्यक्ष आशीष पटेल, जदयू नेता और जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष शाद अहमद बबलू, सीता राम मंडल, संचिता मंडलों, मो जियाउल्लाह, नवीन श्रीवास्तव के अलावा दर्जनों जद यू नेता मौजूद थे।

### पिता से कहासुनी पर युवक ने की आत्महत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिंघौल थाना क्षेत्र के नागदह मोहल्ले में गुरुवार को मामूली कहासुनी के बाद 19 वर्षीय युवक ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोहम्मद सबदुल के पुत्र मोहम्मद तमलून के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे मोहल्ले और मृतक के परिवार में मातम का माहौल है। परिवार के लोगों ने बताया कि मोहम्मद तमलून ठेला लगाकर नारियल बेचकर घर का खर्च चलाता था। पिछले चार-पांच दिनों से उसने दुकान नहीं खोली थी। गुरुवार को उसके पिता ने उसे दुकान खोलने के लिए कहा। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। विवाद के दौरान युवक ने अपने पिता से कहा कि दूसरे बेटे को दुकान पर भेज दीजिए। यह कहकर नाराज युवक अपने कमरे में चला गया। कुछ देर तक जब मोहम्मद तमलून कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिवारवालों ने दरवाजा खोला। अंदर का नजारा देख परिवार के होश उड़ गए। तमलून पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ था। परिवारवालों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और आनन-फानन में शहर के ग्लोकल अस्पताल ले गए। डक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सिंघौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लाखो थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्याबारी गांव के लालू नगर में शुक्रवार को ठाकुरबाड़ी परिसर की सैकड़ों साल पुरानी दीवार गिरने से 65 वर्षीय उपेंद्र पोद्दार की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक उपेंद्र पोद्दार शुक्रवार की सुबह अपने आंगन में स्थित चापाकल पर कपड़ा साफ कर रहे थे। इसी दौरान ठाकुरबाड़ी परिसर की लगभग 25 फीट लंबी और 20 इंच मोटी दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के नीचे दबने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आवाज सुनकर लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद घायल उपेंद्र पोद्दार को मलबे से बाहर निकाला। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना पर लाखो थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में पुलिस छानबीन में जुटी है।

### छात्रा ने की आत्महत्या

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिंघौल थाना क्षेत्र के बगवाड़ा गांव में नौवीं कक्षा की छात्रा ने मामूली विवाद के बाद अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान बगवाड़ा वार्ड-1 निवासी धर्मेंद्र महतो की 15 वर्षीय पुत्री आंचल कुमारी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 1 सितंबर को आंचल मोबाइल फोन पर गेम खेल रही थी। इस दौरान उसकी मां ने उसे गेम खेलने से मना किया और पढ़ाई पर ध्यान देने की नसीहत दी। इसी बात पर नाराज होकर आंचल ने घर में ही चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने तत्काल उसे फंदे से उतारकर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद भी छात्रा की जान नहीं बच सकी और 3 सितंबर को उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर सिंघौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिजनों का कहना है कि आज के समय में बच्चों को कुछ कहने में भी डर लगता है। क्योंकि छोटी-सी बात पर वे बड़ा कदम उठा लेते हैं। परिवार ने घटना को बेटी की नासमझी और गुस्से का परिणाम बताया। इस घटना से पूरे मोहल्ले और परिवार में मातम का माहौल है।

### खंडित मूर्ति स्थल पर पहुंचे विधायक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के महाकाल धाम कमलपुर में तीन देवताओं की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर देने का मामला महंत रामप्रिय दास ने थाने में दर्ज कराई है। दर्ज मामले में उसने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में स्थापित महावीर, शनिदेव तथा महाकाल की प्रतिमा को 3 सितम्बर की रात्रि में क्षतिग्रस्त कर दिया है। 4 सितंबर को ज्यों ही 9 बजे सुबह पूजा के लिए मंदिर गए तो उन्होंने देखा कि तीनों मूर्ति खंडित किया हुआ पाया। उन्होंने इसकी जाँच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वही स्थानीय विधायक सूर्यकांत पासवान ने भी मंदिर के क्षतिग्रस्त प्रतिमा स्थल का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा देवताओं की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर धार्मिक आस्था को आघात पहुँचाया है। उन्होंने प्रशासनिक पदाधिकारी से अविलंब असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। एसडीओ बखरी सन्नी कुमार सौरव तथा एसडीपीओ बखरी कुंदन कुमार ने भी मंदिर परिसर का मुआयना किया। अविलंब दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर आनंद मोहन प्रसाद सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, ऋतु रंजन उर्फ छोटू, नरेश महतो, रामाधार सहनी, हरिनंदन महतो, नरेश महतो,पप्पू कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### मुस्लिम समुदाय ने निकाला जुलूस ए मोहम्मदी

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद इलाके के विभिन्न क्षेत्रों में जुलूस के माध्यम से मोहम्मद साहब के बताए मार्ग पर चलने का मुस्लिम समुदाय से आह्वान किया गया।बारह वफात यानी 12 रबीउल अव्वल शुक्रवार को इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर मोहम्मद सल्लाह हो अलैहे वसल्लम की याद में जुलूस निकाली गई। हुजूर की पैदाइश और मृत्यु एक ही दिन तारीख को हुई। अल्लाह के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब (स) के पैदाइश और पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों और खासकर नौजवानों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम के साथ जुलूस निकाला। जुलूस में दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान अल्लाह और उसके पैगम्बर मोहम्मद साहब की याद में नाते पाक और नारे लगाकर जुलूस का आगाज किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कर्मशाला आयोजित

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम - जयसिंहपुर, प्रखंड - तुरकौलिया में सहायक निदेशक, ईख विकास के अध्यक्षता में मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय क्रमशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में विभाग द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री गन्ना विकास से संबंधित योजनाओं, ईख मित्र की विशेषता के बारे मे विस्तृत चर्चा किया गया।गन्ना खेती में कीट प्रबंधन फसल सुरक्षा तथा कम लागत मे गन्ने की खेती मे प्रति एकड़ पैदावार, जैविक गन्ना कृषि को बढ़ावा देने के बारे में



तकनीकी जानकारी किसानों को विस्तार से दिया गया तथा कृषकों से शरद कालीन गन्ना बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करने तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया। फसल सुरक्षा,दवा का स्प्रे, मशीनरीकरण से खेती, ऐंग्रीइनपुट का प्रयोग,बोरिंग करवाने, विद्युत कनेक्शन, मोटर पंप का प्रयोग,गन्ना बीज एवं भूमि उपचार करके ट्रेंच विधि से 4 फीट की दूरी पर बुवाई करने के लिए सामयिक विषयों पर बताया गया। इस उपलक्ष्य में केवीके के वरीय वैज्ञानिक,कृषि विभाग के पदाधिकारी एवं चीनी मिल के पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति 8 सितंबर से करेगी धरना- प्रदर्शन

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आगामी 8 सितंबर से सांकेतिक अनशन सह धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव 2025 को देखते हुए संगठन द्वारा बिहार राज्य परिषद का गठन विगत 2 सितंबर को किया गया था। लेकिन नए सिरे से राज्य परिषद का गठन आगामी 8 सितंबर तक किया जाएगा। वहीं उक्त तिथि सोमवार से संस्था द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में गर्दनीबाग पटना में शांतिपूर्ण तरीके से सांकेतिक अनशन सह धरना- प्रदर्शन शुरू करेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों एवं उत्तराधिकारी से धरने में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा के कई विधायक व मंत्री जो स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य है, उनके द्वारा आश्वासन मिला है कि वे भी उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सड़क निर्माण के दौरान ब्रेकर लगाने को लेकर विवाद

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया पंचायत के वार्ड 10 बरई टोला गांव में गुरुवार को सड़क निर्माण के दौरान ब्रेकर लगाने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। इस घटना में करीब आधा दर्जन महिला पुरुष घायल बताए गए है। हालांकि स्थानीय लोगो बीच बचाव से मामला शांत हुआ। लोगो ने सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में बरई टोला निवासी बाबूजान अंसारी, नौशाद अंसारी समेत आधा दर्जन लोग शामिल हैं।अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंदचंद्र शुक्ल ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। वही दो लोगो की स्तिथि गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया कचहरी टोला वार्ड चार निवासी चंदन कुमार उर्फ देवेंद्र कुमार की पत्नी गुड़िया कुमारी को ससुराल वालों ने दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया है। उसके भाई की भी पिटाई की गई है। मामले में गुड़िया कुमारी ने पति व ससुराल वालों के खिलाफ जगदीशपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुड़िया कुमारी की शिकायत पर उसके पति चंदन कुमार उर्फ देवेंद्र कुमार, ससुर लालबाबू प्रसाद, सास सरस्वती देवी, दयादीन पुष्पा देवी, विनोद प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, प्रमोद प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच हो रही है।

### शराब धंधेबाज से मिलीभगत में चौकीदार निलंबित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने शराब धंधेबाज से मिलीभगत और थाना में दर्ज केस से संबंधित सूचना धंधेबाज को देने के मामले में श्रीनगर थाना के चौकीदार उमाशंकर राम को निलंबित कर दिया है। एसपी के आदेश पर इस मामले में चौकीदार के खिलाफ श्रीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसडीपीओ सदर टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि चौकीदार की शराब धंधेबाज से बातचीत करने की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद चौकीदार को निलंबित किया गया है। उसके खिलाफ श्रीनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। श्रीनगर थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दहेज में चारपहिया वाहन व नकद दो लाख रुपये के लिए दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया है। मामला लौरिया थाना क्षेत्र के तेलपुर वार्ड छह की है। मामले में तेलपुर निवासी नौशाद आलम की पत्नी नासरीन बेगम ने पति नौशाद आलम, मेराज अहमद, नसीमा बेगम, गुलनेयार बेगम, कौशर एमाम, रुखसाना बेगम, डुमरा निवासी नेयाज अहमद, रामनगर मांगुराहा निवासी शाहिना बेगम के खिलाफ लौरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### शादी की नीयत से लड़की का अपहरण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना क्षेत्र में शादी की नीयत से नाबालिग लड़की का अपहरण कर लेने का मामले में लड़की की मां ने मैनाटांड थाने में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। लड़की की मां ने दिए आवेदन में बताया है कि गुरुवार की सुबह शौच के लिए घर से निकली पर घर नहीं लौटी। बहुत खोजबीन करने पर पता चला कि भिखारी साह का लड़का सिकंदर कुमार उसे बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है। इधर लड़की की मां ने सिकंदर कुमार समेत इसके माता-पिता भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### जगदेव बाबू सभी जरूरतमंद लोगों के नेता थे नागार्जुन कुशवाहा

रविंद्र कुमार/नबि ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)** शहर के चकिया केसरिया पथ के समीप अमर शहीद जगदेव चौक बाजार समिति गेट के समीप स्थित जगदेव बाबू के प्रतिमा पर उनके पुण्यतिथि पर शुक्रवार को गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लोगों ने अमर शहीद जगदेव बाबू



अमर रहे के नारे लगाकर उनके प्रति अपनी श्रद्धा को व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जगदेव बाबू का सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति को समाज के अगली पंक्ति में लाकर उसे समाज के मुख्यधारा में लाकर उचित सम्मान दिया जाए। कहा कि उनका नारा था सौ में नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है यानी नब्बे भाग उन शोषितों का है। श्रद्धांजलि सभा के बाद एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जगदेव बाबू के प्रतिमा स्थल के विकास के लिए आपसी सहयोग से विकास पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में कविंद्र कुशवाहा, नागार्जुन कुशवाहा, डॉ संजय कुमार, डॉ मनीष आनंद, लखन पटेल, गणेश कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, श्याम सुंदर उर्फ बच्चा बाबू, सेवा निवृत शाखा प्रबंधक पतिराम राम, सेवा निवृत शिक्षक रामनारायण पासवान, केदार कुशवाहा, ठाकुर कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षण परंपरा और आदर्शों को स्मरण करते हुए शिक्षकों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. रंजीत चौधरी , डीन, स्कूल ऑफ कंप्यूटेशनल साइंसेज एवं आईसीटी के नेतृत्व में हुआ। मंच संचालन डॉ. अभिलाषा ने किया। आयोजन समिति में डॉ. गरिमा तिवारी और डॉ. अनुपम वर्मा ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि प्रो. आर. एन. त्रिपाठी, बीएचयू ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक सीमित संसाधनों में भी अद्भुत कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की उपलब्धियाँ—तीन दीक्षांत समारोहों का सफल आयोजन, डीपीआर की तैयारी और शैक्षणिक कार्यों में निरंतर प्रगति—सभी हमारे शिक्षकों के अथक प्रयासों का परिणाम हैं। इसी कारण मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह विश्वविद्यालय भारत की शीर्ष दस विश्वविद्यालयों में शामिल होगा। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के माध्यम से स्वयं को आगे बढ़ाने का मार्ग चुना और भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर स्थापित किया। प्लेटो ने कहा था कि राजा को दार्शनिक होना चाहिए और दार्शनिक को राजा। डॉ. राधाकृष्णन ने इस आदर्श को जीवंत कर दिखाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरव दिलाया। वे गरीब परिवार से होकर राष्ट्रपति पद तक की यात्रा पूरी की। राजा को केवल अपने राज्य में पूजा जाता है, लेकिन शिक्षक को पूरी दुनिया में पूजा जाता है। हमारी परंपरा में गुरु को ज्ञानपुंज के रूप में देखा गया है और यही परंपरा हमें आज आगे बढ़ाती है। मुख्य अतिथि प्रो. आर.एन. त्रिपाठी ने अपने भावपूर्ण संबोधन में कहा कि सजनों, जीवन बहुत छोटा है। यदि आपने मनुष्य बनाने का प्रयास नहीं किया तो जीवन में सच्चा ज्ञान कभी नहीं आएगा। बहुत कम लोगों में परमात्मा और दिव्यता प्रकट होती है, और महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय को ऐसा ही कुलपति मिला है। मनुष्य से माधव बना देना ही सच्चा दर्शन है। व्यक्ति का विकास तभी संभव है जब वह समाज निर्माण में योगदान दे। यही युग निर्माण की लीला है, जिसमें हमारा विश्वविद्यालय भी सहभागी है। उन्होंने कहा कि आज का दिन एक अत्यंत सुंदर और पावन संध्या है। गुरु के 'पारस स्पर्श' को सभी संतों ने जाना है। जैसे पारस लोहा छूते ही उसे सोना बना देता है, वैसे ही गुरु अपने शिष्य को रूपांतरित कर देता है। शिक्षक निरंतर परिश्रम और सतत प्रयास के द्वारा विद्यार्थी के जीवन में बीज बोता है। हर विद्यार्थी एक नदी है—उसकी कलधारा और कलरव को सही स्थान तक पहुँचाना शिक्षक का ही काम है। अगर समाज के केंद्र में अंधकार रहा तो शिक्षक अपने विद्यार्थी के भीतर दीपक नहीं जला पाएगा। शिक्षक को केवल सूचना नहीं, बल्कि आशा, आस्था और कर्म का संचार करना चाहिए। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की एक पंक्ति भी यदि जीवन में उतार ली जाए तो पूरा जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय हर व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वही व्यक्ति होता है जो लोकोपयोगी बन सके। ईश्वर ने यही अवसर शिक्षकों को दिया है। गूगल या आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस केवल सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे शिक्षक की प्रज्ञा को धूमिल नहीं कर सकते। भारत के शिक्षकों के पास द्रोणाचार्य जैसी प्रज्ञा है। हमें ज्ञान से ही स्वर्ग प्राप्त होता है—कौन सा स्वर्ग? गरीबी से मुक्ति का, सामाजिक समस्याओं से मुक्ति का। शिक्षक को चाहिए कि वह विद्यार्थियों को पुष्प बनाए, क्योंकि जब पुष्प खिलते हैं तो समाज उसकी सुगंध को ग्रहण करता है। शिक्षक उस बीज की तरह है जो समाज को सौंदर्य और सुगंध प्रदान करता है। आत्मा के निर्माण की यह ज़िम्मेदारी केवल शिक्षक की है। शिक्षक को स्वयं को निर्मल बनाना होगा और अपने नैतिक मूल्यों को जगाना होगा। यही एक श्रेष्ठ शिक्षक की सच्ची जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. शिरीष मिश्रा के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि 'शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। एक सच्चा शिक्षक वह है जो न केवल ज्ञान प्रदान करता है बल्कि विद्यार्थी के भीतर सुप्त क्षमताओं को जगाकर उन्हें समाजोपयोगी बनाता है। शिक्षक का जीवन स्वयं एक जीवंत प्रेरणा होना चाहिए। कुलानुशासक प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि जो हममें है वही ब्रह्मांड है। अगर हम यह समझ लें कि मरण और ब्रह्म में कोई अंतर नहीं है, तो जीवन अत्यंत सुंदर हो जाता है। जब मनुष्य की चेतना इस स्तर तक पहुँचती है तो जीवन का अर्थ नया रूप ले लेता है। जब शिक्षक अध्यात्मिक हो जाता है, तभी हम उसे 'गुरु' का दर्जा देते हैं। वास्तव में समाज को इसी समझ की आवश्यकता है और हर व्यक्ति को गुरु बनने की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। स्वागत वक्तव्य में प्रो. रणजीत चौधरी ने शिक्षकों की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने गुरु और शिष्य के संबंधों पर बल देते हुए कहा कि इससे ज्ञान का प्रकाश चहुँओर प्रकाशित होता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुपम कुमार वर्मा, सहायक आचार्य, समाजकार्य ने प्रस्तुत किया। आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह आयोजन हमें शिक्षक की भूमिका के महत्व को समझने और समाज निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दिलाता है।कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।



## हर वार्ड में जारी रहेगा फॉगिंग का अभियान : गरिमा

### तीन मशीनों से निगम क्षेत्र में हुई फॉगिंग की शुरूआत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड से पारित प्रस्ताव के आलोक में तीन नई फॉगिंग मशीन खरीदे जाने के साथ ही तय रोस्टर के अनुसार फॉगिंग की शुरूआत वार्ड एक के जमादार टोला से कर दी गई है। अब से लगातार नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डो में चरणबद्ध तरीके से बनाए गए रोस्टर के अनुसार मच्छरों को मारने के लिए फॉगिंग की जाएगी। महापौर श्रीमति सिकारिया ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों और मच्छरों की समस्या से नगर वासियों को निजात दिलाने का यह अभियान नियमित अंतराल पर प्रत्येक वार्ड और मुहल्ले में दोहराया जाता रहेगा। ताकि नगर निगम क्षेत्र निवासी जनता जनार्दन को मच्छरजनित बीमारियों से बचाया जा सके। इसके साथ महापौर ने बताया कि गंदगी और घरेलू नलियों या आसपास जल जमाव से मच्छरों का लार्वा पैदा होता रहता है। इसको लेकर उन्होंने आम जनता से भी साफ-सफाई व्यवस्था में नगर निगम प्रशासन को सहयोग करने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और इसे समय पर उठाया गया एक जरूरी कदम बताया और कहा कि एक लंबे अंतराल के बाद नगर निगम क्षेत्र के लोगों को मच्छरों के प्रकोप और मच्छर जनित बीमारियों से लोगों को निजात मिलेगी।

## विभिन्न मामलों के 20 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस गुरुवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 20 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में छह वारंटी समेत 20 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से पांच की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय 11 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 178 लीटर 240 मिलीलीटर शराब, एक चारपहिया वाहन व एक बाइक जब्त किया गया है। तस्करों के चंगुल से पुलिस नौ मवेशियों को मुक्त कराई है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से दो लाख 29 हजार पांच सौ रुपये जुमार्ना लगाया है।

## सिकरिया फामेर्सी कॉलेज के द्वारा अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर भक्तों के लिये लगाया गया स्टॉल

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीकरीया फामेर्सी कॉलेज के द्वारा अनंत चतुर्दशी के अवसर पर लाखो की संख्या में शिव भक्त मोतिहारीं के अरेराज स्थित सोमेश्वर नाथ महादेव पर जलाभिषेक करते है । इस अवसर पर सिकारिया फामेर्सी कॉलेज के द्वारा लगाये गये स्टॉल का शुभारंभ सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती, भाजपा युवा नेता यमुना सिकारिया, प्राचार्या प्रीति दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । उसके बाद स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कॉलेज के सभी स्टाफ के साथ मिल कर डाक बमों का सेवा की। साथ मे सभी श्रद्धालुओं को स्वयं हाथ में पानी, फल, जूस लेकर सड़क पर खड़ी होकर श्रद्धालुओं का सेवा की । इस अवसर पर श्वेता भारती ने कहा कि अनंत चतुर्दशी के अवसर पर यहां



लाखों की संख्या में हमारे अनुमंडल क्षेत्र से श्रद्धालु जाते हैं उनके लिए जगह - जगह स्टॉल लगायें गयें है। उसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाओं का प्रबंध भी किया गया है। ताकि किसी प्रकार का दिक्कत न हो। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता यमुना सीकारीया ने कहा इस शिविर का संचालन कॉलेज की महिला, शिक्षिकाओं के द्वारा किया जा रहा है, जो की एक सराहनीय पहल है । इस शिविर में श्रद्धालुओं के लिए जल, जूस, फल तथा दवाइओं की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के महिला सशक्तिकरण के विचारधारा को आगे बढ़ाया जा रहा है। मोदी सरकार के हर योजना के लाभ हर देशवासियों को मिल रहा है। इस मौके पर अनिल प्रसाद एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मां का अपमान नहीं सहेगा बिहार

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के अपमान के विरुद्ध में एनडीए द्वारा बिहार बंद का ऐलान किया गया था। चकिया में विधायक श्याम बाबू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा के सदस्य गण एवं एनडीए के नेता एवं कार्यकर्ता एनडीए के बंद के प्रदर्शन में शामिल हुए। मां का अपमान देश का अपमान, प्रधानमंत्री के मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल तेजस्वी होश में आओ,जैसे नारों से पूरा चकिया नगर गूंज गया। एनडीए कार्यकर्ताओं ने नारा लगाते हुए चकिया सुभाष चौक से केसरिया रोड, साहेबगंज रोड, मधुबन रोड, मोतिहारी रोड एवं मुजफ्फरपुर रोड में मार्च निकाला गया। इस अवसर पर विधायक श्याम बाबू यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन द्वारा हद की सारी सीमाएं पार करके राहुल तेजस्वी के मंच से




प्रधानमंत्री के स्वर्गीय माता जी का अपमान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण निंदनीय एवं असहनीय है। बिहार की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी, यह पूरे देश की माता बहनों का अपमान है। महागठबंधन का यह व्यवहार उनके हताशा और 2025 में इंडि गठबंधन को मिलने वाली भारी हार के हताशा का परिचायक है। इसीलिए वे लोग अनाप शनाप बोल रहे हैं। इस अवसर पर शिव बंदिनी देवी, फुल कुमारी देवी, माला सिंह,सुनैना देवी, निर्मला देवी, रोहित सिंह, लखन पटेल, संदीप सुल्तानिया, सुधीर मिश्रा, ब्लू सिंह, शिवकुमार सिंह, नीरज यादव, गजेंद्र यादव, विकेश गुप्ता, रौनक श्रीवास्तव, संजय मोदी, पवन गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रहे।

## ई-रिक्शा ने बालक को मारी ठोकर, हुई मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में ढाका - मोतिहारी मुख्य सड़क को पार करने के दौरान गुरुवार की देर शाम एक बालक ई-रिक्शा की ठोकर से बुरी तरह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मोतिहारी ले जाने के क्रम में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बालक उक्त गांव निवासी प्रभु पंडित का पांच वर्षीय पुत्र रोहित कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने ठोकर मारने वाले ई-रिक्शा को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। बताया गया है कि घटना के समय ई-रिक्शा मोतिहारी से सवारी को लेकर ढाका जा रही थी। इसी क्रम में सड़क पार कर रहे बालक को उसने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके कारण ई-रिक्शा बीच सड़क पर ही पलट गया। जिसमें दब कर चालक सहित कई यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए मोतिहारी भेजा गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उसकी मां को बार-बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है। इधर थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा अभी तक आवेदन पत्र नही दिया गया है। आवेदन पत्र मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जायेगी।

## राहुल बने नगर निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश ने नगर निकाय प्रकोष्ठ को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राहुल कुमार को प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पूर्व वे क्षेत्रीय प्रभारी के रूप में पार्टी की गतिविधियों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते रहे हैं। उनकी सक्रियता और संगठनात्मक दक्षता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी प्रदान की है। नई जिम्मेदारी मिलने के उपरांत राहुल कुमार ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को पहचानती है और उन्हें अवसर प्रदान करती है। मुझे प्रदेश स्तर का दायित्व मिलना मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। राहुल कुमार ने इस दायित्व के लिए विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जयसवाल, संगठन मंत्री भिखू भाई दलसानिया, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,सांसद डॉ. संजय जयसवाल,पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी तथा पटना के पूर्व महापौर एवं प्रदेश संयोजक संजय कुमार का धन्यवाद किया। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकाय प्रकोष्ठ संगठन का अहम अंग है, जिसका सीधा जुड़ाव शहरों और नगरों के कार्यकताओं एवं जनता से है। आने वाले समय में वे कार्यकताओं के बीच तालमेल और समन्वय स्थापित कर संगठन की गतिविधियों को गति देंगे और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। राहुल कुमार की इस नियुक्ति पर कार्यकताओं और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। उप मेयर गायत्री देवी,नगर निकाय के जिला संयोजक केशव राज सिंह,विनोद चौहान,रिंकी गुप्ता,मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता,राहुल चतुर्वेदी, अभिषेक सर्राफ,अशोक यादव, रामेश्वर राम,पंकज चौधरी,छोटे सिंह सहित अनेक सामाजिक और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर निकाय प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय और प्रभावी होगा। बता दे कि राहुल कुमार लंबे समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं और उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया है। उनकी कार्यशैली और जनसंपर्क क्षमता ने उन्हें संगठन के हर स्तर पर लोकप्रिय बनाया है। अब प्रदेश सह-संयोजक के रूप में उनका लक्ष्य पार्टी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करना होगा।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन की तिथि जारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा नवम एवं एकादश में नामांकन हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (सत्र 2026 - 27) के ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23.09. 2025 कर दी गई है। योग्य अभ्यर्थी अपना आवेदन निःशुल्क नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट पर जाकर दिनांक 23.09.2025 तक भर सकते हैं।

## आईडियल पब्लिक स्कूल प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड के मटियरिया पंचायत अंतर्गत पकड़ी बेलसण्डी के प्रांगण में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। उक्त दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम सर्वपल्ली राधा कृष्णन के प्रतिमा पर मालार्पण कर उनके प्रति श्रद्धां सुमन अर्पित की गई ।स्कूल के संचालक नसीम अख्तर ने बताया कि शिक्षक दिवस भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। सर्व प्रथम सर्वपल्ली राधा कृष्णन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। शिक्षा के प्रति उनका कभी लगाव था । इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया`सर्व प्रथम स्कूल के छात्राएं द्वारा स्वागत गान पर नृत्य कर अभिभावकों व सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिए व सारा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजा हाजरा व संचालन राकेश कुमार ने की। वही विद्यालय के संस्थापक जावेद अख्तर ने कहा कि शिक्षक का मतलब शिखर तक ले जाना, क्षमा शीलता की भावना हो और कमजोरी दूर करने वाला हो ।वही एक शिक्षक की पहचान है। मौके पर राजद के प्रखंड उपाध्यक्ष भूपेश राय, भारतीय थारू महासंघ के वर्तमान कोषाध्यक्ष सह पूर्व सरपंच राजदेव काजी, सुनील चौधरी,हीना, पूजा कुमारी,जूही प्रवीण, शीतल कुमारी, गुड्डू कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक गण, अभिभावक गण व सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जमीन के विवाद में राज मिस्त्री की हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के निमिया टोला वार्ड छह में गुरुवार को भाइयों ने घरारी के जमीन के विवाद में राजमिस्त्री की लोहे के रॉड से मार कर हत्या कर दिया। पुलिस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दी है। मृतक की पहचान बैरिया थाना क्षेत्र के निमिया टोला वार्ड छह निवासी बेलास साह (35) के रुप में की गई है। बेलास सिवान में राजमिस्त्री का काम करता था। दो दिन पहले सिवान से घर लौटा था। बैरिया पुलिस गुरुवार की रात उसके दरवाजे से शव बरामद की। शुक्रवार की सुबह जीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव बरामदगी के समय बेलास के दोनों बाह पर पट्टी बंधा था। बैरिया थानाध्यक्ष ने बताया की शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

## रक्सौल विधानसभा क्षेत्र से भुवन पटेल को जन सुराज पार्टी से टिकट मिलने की संभावना

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हम जितेंगे तो रक्सौल के पदाधिकारियों को उठक बैठक करा देंगे,हम वो विधायक नहीं बनना चाहते जो पदाधिकारी मेरा बात न माने, उक्त बातें कपिल देव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल ने जन सुराज के दामन थामने के बाद कहीं,साफ लहजों में कहां कि रक्सौल इंटरनेशनल मार्केट है यहां नेपाल से काफी लोगों का आना जाना रहता है रक्सौल की दशा और दुर्दशा को देखकर आना जाना बंद है वहीं वीरगंज की स्थिति साफ सफाई और सुथरी व्यवस्था कायम है, हमारे विधायक जी कहते है कि कोई पदाधिकारी हमारा बात नहीं सुनता है तो कैसे सुनेगा जब हम आफिस का चक्कर लगाएंगे, पैसा



वसूल करेंगे तो कोई बात कैसे सुनेगा, इनके पास भेलाही, रक्सौल, आदापुर से दर्जनों की संख्या में जदयू और भाजपा के नेता गणों ने प्रशांत किशोर से प्रार्थमिक सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें सभी जनसुराजीयो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, कुछ नेता दवय के द्वारा बताया गया है कि जदयू के कद्दावर नेता जिन्होंने समता पार्टी के समय से नितिश कुमार के रहा और पार्टी को खुनपसीने एक कर सींचने का काम किया लेकिन दुर्भाग्य है कि पार्टी में कुछ दलाल प्रवृति के लोग घुसे हुए हैं जिन्होंने साजिश के तहत प्रतिनिधित्व करने में बांधा उत्पन्न कर रहे हैं,और कुर्मी समाज को लोगों को हक और अधिकार देने में विफल है,हमें खुले मन से जदयू का विरोध करना चाहिए।

# सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के नगर पंचायत मखदुमपुर के ब्रह्मर्षि नगर मोहल्ले में सामाजिक कार्यकर्ता वेंकटेश कुमार के द्वारा सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाध्यापक मिथलेश्वर कुमार ने किया। वही कार्यक्रम का उद्घाटन हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ,बृजेश कुमार मिश्रा,परशुराम शर्मा समेत आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए हम पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रितेश कुमार चुन्नू शर्मा ने कहा कि हमें सौभाग्य मिला है कि हमे अपने गुरुजनों के समक्ष कुछ कहने का मौका मिला है। उन्होंने कहा की शिक्षक हमारे मार्गदर्शक हैं, इसी कारण उनके द्वारा दिए गए ज्ञान से ही आज मैं कुछ आपके समक्ष बोल रहा हूं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद दिया। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हम सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस के पर करते आ रहे हैं। क्योंकि वर्तमान समय में जो शिक्षक स्कूल में कार्य कर रहे हैं। उन्हें तो सभी छात्राएं एवं बच्चे सम्मानित कर रहे हैं लेकिन सेवानिवृत्त हो जाने के बाद शिक्षकों को कोई सम्मान नहीं करता है इसी कारण शिक्षक दिवस के ही दिन सेवानिवृत्त शिक्षक समान समारोह आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में पहुंचे चार दर्जन से अधिक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पटना अकाशवाणी के कलाकार अशोक शर्मा एवं उनके टीम के द्वारा स्वागत गीत समेत कई गीतों की प्रस्तुति किया गया। मंच का संचालन विवेकानंद कुमार ने किया। मौके पर डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अवधेश शर्मा, उमाकांत शर्मा, देवेंद्र शर्मा, वृजमोहन शर्मा, निर्भय शर्मा, विश्वसेन शर्मा, महेंद्र शर्मा, अकलेश शर्मा, रविन्द्र शर्मा, कमलेश्वर शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे ।




# धूमधाम के साथ आज मनाया जाएगा अनंत चतुर्दशी का पर्व

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अनंत चतुर्दशी का व्रत हिंदू धर्म में इसका विशेष महत्व माना जाता है। इस व्रत में भगवान विष्णु के अनंत रूप का पूजा किया जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के रूप अनंत भगवान की पूजा कर बाजू में अनंत सूत्र बांधा जाता है ऐसी मान्यता है कि यह सूत्र आरोग्य प्रदान करने के साथ-साथ सुख समृद्धि के साथ-साथ संकट के समय में हमारी रक्षा करता है। कपास या रेशम के धागे से बने अनंत में 14 गांठ होती है। अनंत चतुर्दशी के दिन ही भगवान गणेश का विसर्जन भी किया जाता है। इस रूप में इस पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर विभिन्न शिव मंदिरों सहित लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं दूसरे मंदिरों में भी धूमधाम देखने को मिलती है। सावन महीने के बाद बड़ी संख्या में कावड़ यात्री योगेश्वर नाथ मंदिर जारु - बनवरिया, दावथु शिव मंदिर , सिद्धेश्वर नाथ मंदिर बराबर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पटना के पास फतुहा से जल भरकर इन शिवालयों में पैदल कावड़ यात्रा कर अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जलाभिषेक करते हैं। इस अवसर पर वैष्णव संप्रदाय के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल के रूप में प्रचलित हुलासगंज लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी विशेष उत्सव का आयोजन किया जाता है। अनंत चतुर्दशी की पूजा उपवास कर श्रद्धालु अपने घर में भी करते हैं इस दौरान अनन्त पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण करने के बाद इस मीठा भोजन ग्रहण भी लोग करते हैं। अनंत चतुर्दशी व्रत कथा के संदर्भ में प्रांगकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार महाभारत काल से अनंत चतुर्दशी व्रत की शुरुआत हुई। यह भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। अनंत भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य, मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए, अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करता है, तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत किया जाता है।

अनंत पूजा के कथा में महाभारत कालीन एक कथा प्रचलित है।महाभारत की कथा के अनुसार कौरवों ने छल से जुए में पांडवों को हरा दिया था। इसके बाद पांडवों को अपना राजपाट त्याग कर वनवास जाना पड़ा। इस दौरान पांडवों ने बहुत कष्ट उठाए। एक दिन भगवान श्री कृष्ण पांडवों से वन में मुलाकात की। भगवान श्री कृष्ण को देखकर युधिष्ठिर ने कहा कि, हे मधुसूदन हमें इस पीड़ा से निकलने का और दोबारा राजपाट प्राप्त करने का उपाय बताएं। युधिष्ठिर की बात सुनकर भगवान ने कहा आप सभी भाई पत्नी समेत भाद्र शुक्ल चतुर्दशी का व्रत रखें और अनंत भगवान की पूजा करें। इस पर युधिष्ठिर ने पूछा कि,अनंत भगवान कौन हैं? इनके बारे में हमें बताएं। इसके उत्तर में श्री कृष्ण ने कहा कि यह भगवान विष्णु के ही रूप हैं। चतुर्मास में भगवान विष्णु शेषनाग की शैय्या पर अनंत शयन में रहते हैं। इनके ना तो आदि का पता है न अंत का इसलिए भी यह अनंत कहलाते हैं अतः इनके पूजन से आपके सभी कष्ट समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद युधिष्ठिर ने परिवार सहित यह व्रत किया और पुनः उन्हें हस्तिनापुर का राज-पाट मिला।

## एम्स पटना में हंगामा, गार्ड से धक्का-मुक्की के बाद परिजनों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** शुक्रवार को पटना एम्स में ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर ओपीडी बंद रहने से बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। पूर्व सूचना न मिलने से नाराज मरीज और परिजन जब लौटने लगे, तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान सुरक्षा गार्ड और मरीज के परिजनों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। नालंदा की मालती देवी अपने परिवार के साथ इलाज कराने पहुंची थीं। परिजनों का आरोप है कि गार्ड ने उनके पति का कॉलर पकड़ लिया और मालती देवी को भी धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इससे गुस्साए परिजनों ने एम्स गेट के बाहर नेशनल हाईवे-98 को जाम कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने हस्तक्षेप कर जाम हटवाया, लेकिन कुछ देर बाद फिर परिजनों ने फिर सड़क जाम कर दिया। बाद में पुलिस और एम्स प्रशासन के समझाने पर स्थिति सामान्य हो सकी।

# राजद नेत्री संजू कोहली राज्य सरकार और एनडीए पर हुई हमलावर

## बिहार बंद कराने के दौरान हुए एनडीए समर्थकों ने सड़क पर की अराजकता : संजू कोहली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राजद नेत्री संजू कोहली ने सरकार और एनडीए पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ एनडीए समर्थक प्रधानमंत्री के मां के अपमान को लेकर बिहार बंद का आह्वान करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उसी बिहार बंद के दौरान जहानाबाद शहर में अरवल मोड़ के समीप एनडीए की महिला कार्यकर्ता ने स्थानीय महिलाओं व शिक्षक के साथ धक्का-मुक्की के साथ मारपीट भी की। बंद समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर जबरन दुकानें बंद कराने की कोशिश की। इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और विरोध करने वालों से मारपीट की गई। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। संजू कोहली ने कहा यह बेहद शर्मनाक है कि मां के



नाम पर राजनीति करने वाले लोग ही महिलाओं का सम्मान करना भूल गए। उन्होंने एनडीए पर हमलावार होते हुए कहा कि बंद के दौरान एनडीए की महिला कार्यकर्ता द्वारा मां-बहन-बेटियों के साथ धक्का-मुक्की और अमर्यादित व्यवहार किया गया जो बिहार की संस्कृति और हमारे समाज को कलंकित करने वाला कुकृत्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को जवाब देना चाहिए कि आखिर यह कैसा दोहरा चरित्र है। उन्होंने आगे कहा जिस तरह से जहानाबाद में मां बहन और बेटियों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया गया है, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। यदि सरकार और एनडीए के समर्थक महिलाओं के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते तो उन्हें सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इन सबका जवाब देगी।राजद नेत्री ने साथ ही चेतावनी दी कि यदि महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ जारी रहा तो सड़क से सदन तक आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि राजद हर उस महिला की आवाज बनेगी जो अपमान और अन्याय का शिकार हो रही है।

## ग्रामीणों ने संदिग्ध युवक की पकड़कर की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के पुरानी हरदिया गांव में गुरुवार देर रात चोरी की आशंका पर ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। 'चोर-चोर' की आवाज सुनते ही लोग घरों से बाहर निकल पड़े और भाग रहे पांच-छह संदिग्ध युवकों में से एक को खदेड़कर पकड़ लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक को खंभे से बांधकर जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना शुक्रवार सुबह पुलिस को दी गई। इसके बाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के निर्देश पर एएसआई अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि युवक गंभीर रूप से घायल है और उसका एक हाथ भी टूटा हुआ है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे दवा दी गई है।

# शिक्षक दिवस पर एनएमओपीएस का उपवास व धरना, पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितम्बर को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) जहानाबाद जिला इकाई की ओर से कारगिल चौक पर एक दिवसीय उपवास-सह-धरना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने की, जबकि संचालन महासंघ गोपगुट के जिला सचिव संजय कुमार ने किया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 2005 से केंद्र और राज्य सरकार ने कर्मचारियों व शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना बंद कर दी और उसकी जगह नई पेंशन स्कीम (एनपीएस/यूपीएस) लागू कर दी, जो पूर्णतः अन्यायपूर्ण



है। नेताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधि सांसद और विधायक चाहे एक दिन भी पद पर रहें, उन्हें कई-कई पेंशन का लाभ मिलता है, जबकि शिक्षक व कर्मचारी 30-40 साल की सेवा के बाद भी बुढ़ापे में असुरक्षा के हवाले कर दिए जाते हैं। नेताओं ने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए चेताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कर्मचारी व शिक्षक सरकार को इसका जवाब देंगे। उन्होंने नारा दिया "जो पेंशन की बात करेगा, वही बिहार में राज करेगा।" कार्यक्रम में यह भी घोषणा की गई कि यदि शीघ्र ओपीएस बहाली की घोषणा नहीं हुई तो 12 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वहीं, 14 सितम्बर को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में पेंशन संघर्ष महारैली का आयोजन होगा, जिसमें जहानाबाद से लगभग 4,000 शिक्षकों और कर्मचारियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। धरना को संबोधित करने वालों में उज्ज्वल कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, महासंघ गोपगुट के जिलाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, मुकेश कुमार, मो. परवेज आलम, रामरतन कुमार, भगवान दास, कमलेश कुमार, उमेश कुमार, बृजनंदन प्रसाद, मनीष कुमार, संदीप पासवान, दानिश अकबर, राकेश कुमार, बलजीत कुमार, रंजीत दास, नील कमल चौधरी, मीना कुमारी, पूजा कुमारी, सुकृति कुमारी, वासुदेव सिंह सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

# शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद मुस्तुफा सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम की यौमे पैदाइश के अवसर पर शुक्रवार को रफीगंज शहर में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही शांतिपूर्ण और श्रद्धा-भाव से निकाला गया। इस मौके पर शहर की गलियां रोशनी और सजावट से जगमगा उठीं। विभिन्न मोहल्लों से उमड़े हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में जुलूस ने शहर में साम्प्रदायिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। सुबह से ही रज़ा नगर, अहमदपुर, राजा बागीचा, इमादपुर, महराजगंज, हाजीपुर गोला, महावीरगंज, बाबूगंज, सुल्तानपुर, मिल्लतनगर, झिकटिया, रतनखाप, अमरपुरा, काजीचक और सदर बाजार सहित कई इलाकों से अकीदतमंद बड़ी संख्या में इमादपुर बड़ी मस्जिद के मैदान में जुटे। वहां से जुलूस इमादपुर मोहल्ला से मुरली चौक, नसरू मियां मोड़, ब्लॉक रोड, राजा बागीचा, कलाली मोड़, बस स्टैंड और मुख्य बाजार



होते हुए पुनः इमादपुर मैदान पहुंचा, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गया। जुलूस में शामिल लोगों ने "मुख़्तार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा" के नारे बुलंद किए। वहीं बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर माहौल को और उल्लासमय बना दिया। इस दौरान जगह-जगह लंगर, शरबत और फल का वितरण किया गया। खास बात यह रही कि जुलूस में धार्मिक नारों के साथ-साथ "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ", "बेटी खुदा की रहमत है", "स्वच्छता आधा ईमान है" और "हिंदुस्तान जिंदाबाद" जैसे सामाजिक संदेश भी दिए गए। मुस्लिम समाज के लोगों ने मोहल्लों में आकर्षक सजावट की थी। घरों और मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया तथा गली-गली में झंडे लगाए गए। उलेमाओं ने अपने संबोधन में पैग़म्बर मोहम्मद साहब के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की और देश-दुनिया में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस बल के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात थे। इस अवसर पर विधायक मोहम्मद नाहलुद्दीन, कार्यपालक पदाधिकारी शहाब यहया, थानाध्यक्ष शम्भू कुमार के अलावा जुलूस समिति के अध्यक्ष नुरुल होदा खान, सुहैल आरजू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## टेहटा थाना की पुलिस ने अंग्रेजी शराब की बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सैदपुर गांव में छापेमारी कर 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली के सैदपुर गांव निवासी सिकंदर कुमार अवैध रूप से शराब का कारोबार करता है। जिसके बाद एएसआई रंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर सिकंदर कुमार के खेत से 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सिकंदर कुमार के द्वारा ही उसने अपने खेत में शराब छुपाया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# एस एन सिन्हा कॉलेज के सहायक ब्रजेश कुमार को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में सहायक के पद पर कार्यरत एवं पटना जिले के रानीपुर निवासी ब्रजेश कुमार ने मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। इन्होंने प्रो. (डॉ.) आनन्द कुमार सिंह के निर्देशन में मगध विश्वविद्यालय के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वत्स के जीवन और सृजन पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। वाह्य परीक्षक के रूप में काशी विद्यापीठ के आचार्य डॉ. अनुराग कुमार उपस्थित रहे। डॉ. अनुराग ने कहा कि इस शोध प्रबंध के माध्यम से शोधार्थी जान पाएंगे कि उनके ही बीच में किस तरह का स्तरीय लेखन एवं सम्पादन करने वाले विद्वान मौजूद हैं। इस अवसर पर ब्रजेश कुमार ने कहा कि विद्वान लेखक एवं मगध विश्वविद्यालय के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र वत्स के जीवन और सृजन पर शोध कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरे डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने में हमारे माता-पिता का आशीर्वाद तथा मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही, अभिभावक एवं सिंडिकेट के सदस्य डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह, शोध निर्देशक प्रो. (डॉ.) आनन्द



कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ब्रजेश कुमार राय, डॉ. परम प्रकाश राय, डॉ. राकेश कुमार रंजन, डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. अम्बे कुमारी, डॉ. किरण कुमारी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके लिए मैं हिंदी विभाग के सभी गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के सभी शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने ब्रजेश कुमार को डॉक्टरेट होने की बधाई दी है। विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ब्रजेश कुमार राय ने बधाई देते हुए कहा कि जितेंद्र वत्स जी का जीवन साहित्य को ही समर्पित रहा है, इनके जीवन और साहित्य पर आधारित ब्रजेश कुमार का शोध-प्रबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसे बेहद गंभीरता के साथ तैयार किया गया है। शोध-निर्देशक प्रो. (डॉ.) आनन्द कुमार सिंह ने डॉ. जितेंद्र वत्स को उद्भट विद्वान बताया और कहा कि इस शोध-प्रबंध को पुस्तकाकार के रूप में अवश्य प्रकाशित किया जाना चाहिए। जो भी पहलू इस शोध-प्रबंध के दायरे में नहीं आ सके हैं, उनपर भविष्य में काम होने की संभावना है। डॉ. परम प्रकाश राय ने कहा कि यह शोध-प्रबंध विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शोधार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी। ब्रजेश कुमार की इस उपलब्धि पर वरीय नेता वीरेंद्र कुमार सिंह, पत्रकार संतोष श्रीवास्तव, प्राचार्य मेघन प्रसाद, पूर्व प्राचार्य डॉ. चंद्रभूषण शर्मा, डॉ. सत्येंद्र कुमार, प्रो. अख्तर रोमानी, प्रो. सुबोध कुमार झा, डॉ. गिरिराज शर्मा, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अमर किशोर, डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. राजकुमार मिश्र, राजीव नयन, डॉ. कुणाल किशोर, डॉ. भागवत कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, सुरजीत सिंह इत्यादि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद जगदेव प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के सदर अस्पताल परिसर में शहीद जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिले के तीनों विधायकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध विचार मंच के संरक्षक जगदीश प्रसाद कुशवाहा ने की तथा मंच का संचालन पूर्व जिला पार्षद अनुज कुमार निराला ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुमार कृष्णमोहन उर्फ सुदय यादव ने कहा कि जगदेव बाबू सदैव गरीबों, दलितों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने कहा "सौ में नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग



हमारा है" का नारा आज भी समाज में उतना ही प्रासंगिक है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद को गरीबों का मसीहा यूं ही नहीं कहा जाता। उन्होंने सदैव सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी। उनका त्याग और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## शोषितों के पैरोकार शहीद जगदेव प्रसाद की 51वीं पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** 'बिहार लेनिन' कहे जाने वाले शहीद जगदेव प्रसाद की 51वीं शहादत दिवस पर शुक्रवार को पचरूखिया स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजद नेत्री सोनम कुशवाहा ने कहा कि जगदेव प्रसाद शोषितों, पीड़ितों और गरीबों की हक व हुकूमत की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए। वे जीवन पर्यंत वंचित समाज के लिए संघर्षरत रहे और उनकी विचारधारा आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। समारोह की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह ने की, जबकि संचालन ग्राम कचहरी परामर्श समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जगदेव बाबू कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचार थे, जिन्होंने समाज को न्याय और समानता की राह दिखाई। इस मौके पर समाजसेवी कामता प्रसाद, रवीन्द्र यादव, शत्रुधन सिंह, दुधेश्वर सिंह उर्फ गरमदल, रामेश्वर सिंह, भोला राम, रामप्रवेश सिंह, अनिल कुमार, डॉ. गया प्रसाद, बृजनंदन मेहता, बसंत कुमार और युगलकिशोर यादव समेत दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर बच्चों ने दिखाया गुरुओं के प्रति सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर वेंकटेश्वर नगर राजा बाजार स्थित पी.पी.एम स्कूल जहानाबाद में छात्र- छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. एस. के. सुनील ने बच्चों को द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागृत करते हुए उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर स्कूल की निदेशिका लोजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप ने बच्चों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और उनके योगदान को याद




किया। उन्होंने ने कहा कि गुरु जीवन में मार्गदर्शक और हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत होते हैं। जीवन में एक गुरु का होना कितना महत्वपूर्ण है इस बात को बताते हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मधुर गीत तथा भाषण से शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिक्षक नंदकिशोर शर्मा, मनोज कुमार पाठक, आकाश कुमार, जयप्रकाश कुमार, अभिमन्यु कुमार, यशवर्धन कुमार, मिथिलेश पाठक, सोनल कुमार, विवेक कुमार, शिक्षिका नम्रता कुमारी, खुशी कुमारी, प्रिया, स्मिता कुमारी, जाह्नवी, पुष्पलता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर बाजार में दुर्गा आराध्य समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को धूमधाम से बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया गया। संचालन संजय शर्मा ने किया। समिति के अध्यक्ष सर्वसम्मति से अनिल ठकराल, उपाध्यक्ष शशि कुमार गुप्ता, जीतू सोनी, कन्हैया कुमार, प्यारे लाल सचिव अजीत कुमार, उपसचिव मुकेश कुमार गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा, समीर कुमार उर्फ डालो कोषाध्यक्ष सागर सुमन, उपकोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश गुप्ता, बंटी जायसवाल कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य देव रजक उर्फ छोटन रजक, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, सदस्य राहुल सोनी, पंकज कुमार गुप्ता, संजय शर्मा, मोनु कुमार सोनी, राजेन्द्र गुप्ता, रोहित जायसवाल, सत्यम कुमार, सुजल कुमार, संजय ठाकुर, अखिलेश विश्वकर्मा, राहुल चौधरी, नवीन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र प्रसाद उर्फ पप्पू, संतोष स्वर्णकार, लव कुमार यादव, जीतेन्द्र प्रसाद, विजय कुमार प्रजापति, रंजीत कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू , बसंत जायसवाल, कुलेंद्र साव उर्फ मुखिया जी, संजू यादव, सौरभ कुमार, अंकित चौरसिया, अमरदीप सोनी, अंश कुमार, गुप्ता बंटी कुमार रिंकु कुमार गुप्ता, संरक्षक मंडल के अध्यक्ष पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सदस्य मधुसूदन प्रसाद, लालदेव प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, नारायण प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार मिश्रा, महेश प्रसाद गुप्ता, रविंद्र कुमार सिन्हा, सरपंच रोहण शर्मा, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, उमाशंकर सिंह, राजेश विश्वकर्मा, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, भोला साव और बालमंडली अध्यक्ष पीयूष जायसवाल उर्फ बाबू लाला, को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

## विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुम्बा प्रखंड के प्राथ्मिक विद्यालय में प्राचार्य शिक्षक दिवस के अवसर पर मोहम्मद इश्तियाक, शिक्षक सरफराज आलम, हेमलता, चंचल कुमारी, पुष्पा कुमारी, ममता कुमारी, शिक्षा सेविका रेशमा कुमारी ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और शिक्षक दिवस मनाया।

# मांगों के समर्थन में कार्यपालक सहायकों ने निकाला कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कार्यपालक सहायक सेवा संघ जिला इकाई औरंगाबाद के बैनर तले सभी विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायक पिछले तीन दिनों से आंदोलनरत है। तीसरे दिन शुक्रवार की शाम पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर एवं जिला सचिव रंजन कुमार के नेतृत्व में शहर के दानी बिगहा से रमेश चौक तक कैंडल मार्च निकाला और अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान कार्यपालक सहायकों ने सेवा नियमित करने, राज्य कर्मी का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों के पक्ष में नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी कार्यपालक सहायक 14 -15 वर्षों से निष्ठा से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे है। ऑनलाइन सेवा के तहत कार्यों के निष्पादन में कार्यपालक सहायकों की अहम भूमिका रही है, परंतु अब तक हमारा सेवा संवर्ग का गठन नहीं किया गया है। पिछले दो माह के अंदर




सभी विभागों में कार्यरत सभी कर्मियों का 50 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक मानदेय में वृद्धि की गई है, परंतु कार्यपालक सहायक का वेतन में किसी तरह का इजाफा नहीं किया गया। इसके साथ ही अन्य मांगों पर भी किसी तरह की पहल नहीं की गई है। सरकार द्वारा किस तरह का पहल नहीं किए जाने के कारण 3 सितंबर आंदोलन की शुरुआत की गई है। सभी कार्यरत कार्यपालक सहायक काला बिल्ला लगाकर 6 सितंबर तक कार्य करेंगे तथा 7 सितंबर को धरना पर बैठेंगे। इस बीच सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो 10 सितंबर के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा। बताया कि प्रदेश कमेटी में लिए गए निर्णय के अनुसार 10 सितंबर के बाद सभी कार्यपालक सहायक दो दिन के सामूहिक अवकाश पर जाएंगे। यदि इसके वावजूद पहल नहीं की गई तो हड़ताल एवं अनशन पर जाएंगे। कार्यपालक सहायकों ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मांगों से संबधित पत्र सरकार को लिखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला सचिव रंजन कुमार, उपाध्यक्ष प्रभात कुमार एवं भूतपूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, चंद्रमा कुमार, प्रदीप प्रकाश, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, कौशलेंद्र कुमार, अखिल कुमार, विजय कुमार पांडे, कुंदन कुमार, मनीष कुमार, संजय कुमार, रंजीत कुमार, कमल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले को लेकर 27 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेटों की तैनाती

## आज से शुरू हो रहा है पितृपक्ष मेला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की शुरुआत 6 सितंबर से शुरू हो रही है, जो आगामी 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी, ऐसे में इस पूरे मेले में विधि व्यवस्था को संधारण को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा पिंड दान स्थल समेत कुल 27 जगहों पर 81 पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इस पूरे मेले के विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण और और पुनपुन राजस्व पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार होंगे। इसके अलावा इस पूरे मेले में की विधि व्यवस्था पर नजर रखने के लिए मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित की गई है,जहाँ तीन पालियों में 18 कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, एक पाली में 6 कर्मचारी ड्युटी पर मुस्तैद होंगे, इसके अलावा वरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी को बनाया गया है, यह सभी तीन पालियों में सुबह 6:00 से दोपहर 2:00 बजे तक दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक और रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों के लिए किसी भी तरह की कोई कठिनाई न हो इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन ने शुक्रवार को सभी दंडाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग करते हुए कई दिशा निर्देश दिए हैं, इसके साथ ही लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी दी है की कोताही बरतने वाले पर कार्रवाई होगी, पितृपक्ष मेला में साफ सफाई, सुरक्षा, लाइटिंग ,तमाम बुनियादी चीजों पर बिंदुवार समीक्षा भी की गई है।

# बच्चों ने नीतीश सरकार के शराबबंदी कानून को दिया समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** मिशन नौनिहाल सम्मान के अंतर्गत शिक्षा प्राप्त कर रहे दलित-महादलित समाज के बच्चों ने शुक्रवार को 'शिक्षा संकल्प दिवस' पर एकता और चेतना का संदेश दिया। इस मौके पर बच्चों ने शिक्षा को जीवन की दिशा बनाने का संकल्प लिया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा लागू की गई शराबबंदी और नशाबंदी नीति का खुले मंच से समर्थन किया. बच्चों ने कहा कि शिक्षा तरक्की का रास्ता है, जबकि नशा विनाश की ओर ले जाता है. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर कार्य कर रही 21 सदस्यीय टीम द्वारा संचालित निःशुल्क ट्यूशन केन्द्र में किया गया। इस अवसर पर मिशन के संस्थापक-संरक्षक वयोवृद्ध समाजसेवी सुखदेव सिंह, स्थानीय शिक्षक मुकेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता बिनेश पासवान, ट्यूशन केन्द्र के छात्र-छात्राएँ और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया. कार्यक्रम की संयोजिका शिक्षिका मिन्ता कुमारी पासवान और तृषा कुमारी पासवान ने बताया कि 'शिक्षा को पतवार बनाओ, अपनी नैया खुद पार लगाओ' के नारे पर बच्चों ने आगे बढ़ते रहने का संकल्प लिया है. बच्चों ने यह भी प्रण लिया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा के पथ पर चलेंगे और अपने समुदाय को जागरूक करेंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सुधरेंगी सड़कें-बिजली...

रहा है इसके लिए हम सब मुख्यमंत्री भैया को बहुत-बहुत धन्यवाद देते है। इस दौरान ममता बहनों ने प्रोत्साहन राशि में दो गुना तथा आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि 3 गुना वृद्धि किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनवितरण प्रणाली के डीलरों ने छुट्टी एवं बचत को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने दुल्हिन बाजार प्रखंड के लाला भदसरा गांव में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पुस्तकालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया तथा वहां अध्ययन कर रहे बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पालीगंज प्रखंड के सिकरिया ग्राम में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सिकरिया ग्राम में बने पुस्तकालय का भी फीता काटकर उद्घाटन किया और वहां पढ़ रहे बच्चों से बातचीत कर अध्ययन और दिनचर्या के बारे में पूछा। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधान पार्षद रवींद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व विधायक जयवर्धन यादव, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नंदकिशोर कुशवाहा, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त डा. एस. सिद्धार्थ, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप आर. पुडकलकट्टी, ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डा. चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के चेयरमैन शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डा. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक जायेंगे पानीपत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** राष्ट्रीय युवा योजना की ओर से पानीपत हरियाणा में आगामी 2 से 7 अक्टूबर तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में सहभागिता के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन के दर्जनों स्वयंसेवक तैयार हैं। फाउंडेशन के संयोजक शिशुपाल कुमार ने बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है आज पूरी दुनिया भारत के प्रति आशा के नजरों से देख रहा है। किसी भी परिवर्तन के वाहक नौजवान ही रहे हैं। आजादी के जंग में भी युवाओं ने फिरंगियों से डट कर सामना किया। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। देश मे जिस तरह से कुछ राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए जाति, धर्म और भाषा तथा क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटने षड्यंत्र कर रहा है चाहे वह महाराष्ट्र का ठाकरे वन्धु हो या हिंदी के विरोध करने वाले दक्षिण के लोग भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्कृति हमारी शान है। भारत मे हर तीन किलोमीटर पर पानी और वाणी बदल जाता है। रंग, भाषा, जाति, क्षेत्र और धर्म के नाम वोट की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। जन्म के समय हर बच्चा दैविक और दैहिक एवं जैविक रूप से समान होता है हम अपने मत और परंपरा के आधार पर उसे जाति और धर्म में विभक्त करते हैं। शिशुपाल ने जातिवादी नेताओं को आतंकवादी से तुलना करते हुये कहा कि हमारे भाई जी डॉ एस एन सुव्वा राव जी पूरे जीवन युवाओ को संगठित करने में खपा दिया है आज हम सभी लोगों का यह परम कर्तव्य होना ही चाहिए कि उनके पद चिन्हों पर चलें। महोत्सव में देश भर से लगभग चार सौ युवा प्रतिभगी भाग ले रहे हैं वे एक दूसरे के रहन सहन, खान पान, भाषा, संस्कर्ति सभ्यता से अवगत होंगे साथ ही अपने अपने प्रदेशो के लोक कलाओं का भी प्रदर्शन करेंगे। जत्था में नीतीश कुमार, सुधीर कुमार, अंजली कुमारी, अंनता कुमारी समेत दर्जनों स्वयंसेवक शामिल होंगे।

# बच्चों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया। स्कूल पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। शिक्षकों ने डॉ राधाकृष्णन की जीवनी और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षक दिवस के महत्व पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने छात्रों को गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को समझाया। साथ ही डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और आदर्शों के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने अपने शिक्षकों को पेन, चॉकलेट और डायरी जैसे उपहार देकर सम्मानित किया। सभी विद्यालयों में केक काटकर और डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मसौढ़ी में पी.पी.एस स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, लीड इंडिया एकैडमी आवासीय पुनीत ज्ञान मंदिर, न्यू बी, पब्लिक स्कूल तरेगना, ग्रीन गार्डन पब्लिक स्कूल, मांटेसरी पब्लिक स्कूल, प्लाज्मा सेंट्रल स्कूल, मसौढी सेंट्रल स्कूल, काइनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, विद्या इंटरनेशनल, बाल विद्या निकेतन, विद्या एजुकेशनल ग्रुप ।प्राथमिक विद्यालय मिरचक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा आदि स्कूलों में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## एक नजर

### आंगन मे गिरा करकट, महिला जख्मी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा गांव में शुक्रवार की सुबह एक घर के आंगन में अचानक खपरैनुमा आशियाना गिर पड़ा, जहां एक महिला जख्मी हो गई है। जख्मी महिला का नाम सुनीता देवी पति विश्वनाथ चौधरी है दरअसल घटना उस वक्त जब वह घर के आंगन में खाना बना रही थी, उसी वक्त खपरैलनुमा और करकट गिर पड़ा। जिसमें एक महिला चोटील हो गई है। आनन फानन में लोग निजी अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दरअसल दो दिनों से हो रहे रुक-रुक कर बारिश मे मिट्टी के घर मे खपरैलनुमा छज्जा गिरने से घटना से घटी है।

### पीर लहौरी स्थान पर की गई चादरपोशी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिलादुन्नबी के मौके पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने संघतपर स्थित हजरत पीर लहौरी बाबा की मजार पर चादरपोशी कर अमन चैन की दुआएं मांगी। मो. अरफराज साहिल ने बताया की पुरानी बाजार नौजवान कमेटी की ओर से चादरपोशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईद मिलादुन्नबी के संबंध में बताया कि इस दिन पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसी दिन वे इस दुनिया को अलविदा कह दिए थे, जिस कारण इस दिन को बारावफात के नाम से जाना जाता है। ईद और बकरीद के अलावा यह त्योहार अल्पसंख्यक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण होता है. इसे ईद ए मिलादुन्नबी कहा जाता है। मुसलमानों के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे माह रबिउल अव्वल की 12 तारीख को मनाए जाने वाले त्योहार की अपनी अहमियत है। इस दिन आखिरी नबी और पैगंबर है। मस्जिदों में पैगम्बर द्वारा दी गई कुरआन और दीन की तालिम का जिक्र किया जाता है। इसके अलावा कई मुस्लिम मुहल्ले मे भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# जयगुरु सीटेट क्लासेस में मनाई गई डा. राधाकृष्ण जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** फार्बिसगंज कॉलेज चौक स्थित जयगुरु सीटेट क्लासेस में देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवम द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षाविद् दर्शनिक समाजशास्त्री शिक्षकों के प्रेरणा स्त्रोत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती सादगीपुर्ण तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के पूर्व निदेशक एवम संस्थापक कुमार परीक्षित ने डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए कहा कि डॉ सर्वपल्ली हम सभी शिक्षकों के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने शिक्षा का केन्द्र विद्यार्थी को माना है। अतः विद्यार्थी में नैतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक सामाजिक, व्यावसायिक आदि मूल्यों का संचरण करने का प्रयास करना चाहिए। उनके अनुसार शिक्षण संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति-प्रेम, मानवतावाद एवं समन्वय की शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। आज हमारा समाज अपने बच्चों में समावेशी संस्कार भरने में विफल हो रहा है। सामाजिक संक्रमण काल के इस दौर में बच्चे किशोरा अवस्था आते आते अनैतिक कार्यों एवम नशा का शिकार हो जा रहे हैं। ऐसे में हम शिक्षकों का दायित्व और भी बढ़ जाता है कि राह भटके हुए बच्चों को सही मार्गदर्शन कर भावी सार्थक जीवन के लिए तैयार करें। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एन के सर, गुड्डू सर, सुखदेव सर, के अलावा काफी संख्या में आगामी शिक्षक भर्ती परीक्षा स्टेट एवम टीआरई चार की तैयारी कर रहे छात्र छात्रा में बिशाल, प्रीतम, बिभाकर, सुभाष, अरुण, जुगनू, दीपक, अरबाज, शहजाद, अरमान, राजू, मनीष, सुजीत, साकिब, विकेश, अमरेन्द्र, नीरज, सुमन, फिरदोश, अवनीश, आशुतोष, मनोहर आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक के सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय, प्रो (डॉ) अलका, प्राचार्य, साइंस कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय प्रोफ़ेसर (डॉ) पूनम कुमारी, मगध महिला कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय, जेआरएस कॉलेज, जमालपुर के प्रभारी प्राचार्य प्रो (डॉ) देवराज सुमन, केएसएस कॉलेज लखीसराय के प्रभारी प्राचार्य प्रो (डॉ) गिरीश चंद्र पांडे, मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो (डॉ) महेश्वर मिश्रा, विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो (डॉ) संजय कुमार आदि मौजूद थे। कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, गुरु का कर्तव्य शिष्य का जीवन निर्माण है और उनका सम्मान जरूर होना चाहिए। एकेडमिक संस्थान में शिक्षकेत्तर कर्मियों का भी संस्था के उत्थान में बराबरी का दर्ज़ा होता है इसलिए सभी को समान रूप से सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही अगले सप्ताह में सिंडिकेट और अकादमिक सीनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय 5 जिलों - जमुई, शेखपुरा, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर से आए अतिथियों के उपस्थिति से काफी आह्लादित है। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भी अपना वक्तव्य पर प्रस्तुत किया जिसमें रविंद्र कुमार, राम नरेश प्रसाद यादव, प्रो शिवशंकर आजाद, प्रफुल्ल कुमार, रमाकांत सिंह आदि थे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो डॉ देवराज सुमन ने किया। कार्यक्रम में 300 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षाकेत्तर कर्मियों को चादर, मोमेन्टो, प्रतीक चिन्ह, फूलमाला आदि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीनेट सदस्य डॉ राजकिशोर प्रसाद, क्रीड़ा सचिव डॉ संजय मांझी, एनएसएस स्वयंसेवक अनुष्का श्री, वंशिका, हर्षराज, मो मोदबीर रजनीश, एनएसएस कार्यालय कर्मी सौरभ शांडिल्य और सुमंत कुमार की अहम भूमिका रही। कुलगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### डूबे बच्चे का निकाला गया शव

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईद मिलादुन्नबी और सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर शुक्रवार को खानकाह मुजीबिया परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तालाब में एक बच्चे के डूबने की खबर फैली. चारों ओर मेला और भीड़-भाड़ के बीच लोगों में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तालाब में रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब सुबह 08:45 बजे एसडीआरएफ टीम ने बच्चे का शव बाहर निकाला. मृतक की पहचान मोहम्मद सैफ आलम (उम्र 12 वर्ष), पिता मोहम्मद रियाज आलम, निवासी ताज नगर, फुलवारी शरीफ के रूप में हुई है. मासूम की मौत की खबर फैलते ही खानकाह मुहल्ला और मेले में मातम पसर गया. परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि लड़का मेला में घूमने आया था पता नहीं तालाब में कैसे गिर गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है. वहीं मेले में आए लोग इस घटना से गमगीन दिखे. प्रशासन ने तालाब के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**फुलवारीशरीफ।** कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पुलिस कॉलोनी, अनीसाबाद में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया और विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई इसके बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य-नाटिका, कवितापाठ और भाषण प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन और आयोजन मुख्य रूप से छात्र निर्मल कुमार (कक्षा 9), रौशन (कक्षा 9), सौरव (कक्षा 10), अश्विनी (कक्षा 12), बबली (कक्षा 12), अंकुश (कक्षा 8) और रोहन (कक्षा 11) द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें गुरु तुल्य माता-पिता बताया। विद्यालय की प्राचार्या अंकीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही समाज की नींव के सच्चे निर्माता होते हैं। उनकी शिक्षा और मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। वहीं, प्रबंध निदेशक उषा कुमारी ने कहा कि बिना गुरुजनों के मार्गदर्शन के जीवन अधूरा है, शिक्षक ही विद्यार्थियों में संस्कार और ज्ञान की ज्योति जलाते हैं।

# हजारों अकीदतमंदों ने की मजार पर चादरपोशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) और ईद मिलादुन्नबी के मौके पर फुलवारी शरीफ स्थित मशहूर खानकाह ए मुजीबिया में सालाना उर्स मुबारक का आयोजन धूमधाम से किया गया। शुक्रवार की सुबह से देर रात तक खानकाह परिसर जायरीनों और अकीदतमंदों से खचाखच भरा रहा। सुबह जनाना खाना में महिलाओं की जियारत कराई गई, वहीं दोपहर बाद से देर रात तक पुरुषों की जियारत का सिलसिला चलता रहा। हजारों की संख्या में लोग खानकाह ए मुजीबिया के संस्थापक ताजुल आरफिन हजरत मौलाना सैयद शाह पीर मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादरपोशी कर फातेहा पढ़ते और दुआएं मांगते रहे। श्रद्धालुओं ने मुए मुबारक की जियारत कर परिवार की खुशहाली और मुल्क में अमन-चैन की दुआ की दरखास्त की. देर रात तक शमा महफिल का आयोजन हुआ, जिसमें सूफियाना कलाम और नात शरीफ के जरिए पैगंबर साहब की जीवनी पर कार्यक्रम पेश किए गए। फुलवारी शरीफ शहर के विभिन्न मोहल्लों से जुलूस-ए-मोहम्मदिया भी निकाला गया, जिसमें लोगों ने नात शरीफ और मनकबत पढ़ते हुए जुलूस को खानकाह तक पहुंचाया। वहीं कई स्थानों से चादर निकाली गई जो पूरे शहर का भ्रमण करते हुए खानकाह ए मुजीबिया पहुंचीं. इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर फातेहा अदा की। खानकाह मुजीबिया के प्रबंधक हजरत मौलाना सैयद शाह मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी ने बताया कि पीर सैयद शाह मौलाना आयातुल्लाह कादरी की सदारत में चादरपोशी और फातेहा की रस्म अदा की गई। इस मौके पर देश-विदेश एवं बिहार के विभिन्न इलाकों से आए हजारों मुरीद और अकीदतमंद मौजूद रहे। खास बात यह रही कि शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद जियारत का सिलसिला शुरू हुआ तो श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करीब पांच हजार लोगों ने कतारबद्ध होकर दरूद व सलाम पढ़ते हुए मुए मुबारक की जियारत की. लोग अपने-अपने घरों में भी फातेहा कर पकवान बनाकर बांटते रहे। पूरे सालाना उर्स और मेला परिसर में प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. बड़ी संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और सादे लिबास में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे. पूरे क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के जरिए की गई. अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर मुस्तैद रहा।

### पूर्व मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने की चादरपोशी

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईद मिलादुन्नबी और सालाना उर्स मुबारक के मौके पर शुक्रवार को खानकाह ए मुजीबिया फुलवारी शरीफ में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, पूर्व मंत्री श्याम रजक और नगर परिषद अध्यक्ष आफताब आलम पहुंचे. सभी ने खानकाह ए मुजीबिया के संस्थापक ताजुल आरफिन हजरत मौलाना सैयद शाह पीर मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादरपोशी की और मुल्क व राज्य में अमन-चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद भी मौजूद रहे. खानकाह के प्रांगण में दिनभर जायरीनों की भीड़ लगी रही और जियारत के लिए कतारबद्ध श्रद्धालु दरगाह पर पहुंचते रहे। स्थानीय विधायक गोपाल रविदास भी इस खास मौके पर खानकाह मुजीबिया पहुंचे और चादरपोशी की रस्म अदा की. विधायक ने कहा कि यहां हज़रत मोहम्मद साहब के मुहे मुबारक (पवित्र बाल) के दीदार का आयोजन होता है, जिसे देखने के लिए देश-विदेश से अकीदतमंद बड़ी संख्या में आते हैं. उन्होंने चादरपोशी के बाद दुआ में पूरे मुल्क और खासकर फुलवारी शरीफ में अमन-चैन कायम रहने की अरज़ की। इस अवसर पर विधायक गोपाल रविदास के साथ कौसर खान, इंजीनियर आफताब आलम, कैस अनवर, सलाउद्दीन मंसूरी, गोल्डन समेत कई अन्य लोग भी चादरपोशी में शामिल हुए।

# स्कॉटिश स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अररिया।** शास्त्री नगर स्थित शुक्रवार को जूनियर स्कॉटिश स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं प्रख्यात दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके उपरांत शिक्षकों ने छोटे-छोटे बच्चों के साथ मिलकर केक काटा तथा बच्चों को केक खिलाया। बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेल एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें भाग लेकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर अनूप कुमार ने बच्चों को शिक्षक के महत्व के बारे में बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कोऑर्डिनेटर श्री अर्नब घोषाल तथा सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं दूसरी तरफ स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर कैंपस में शुक्रवार को शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के द्वितीय राष्ट्रपति एवं प्रख्यात दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा डॉ. राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके पश्चात केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में इंटर-सेक्शन (बालक एवं बालिका) क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान व प्रतिभा का परिचय दिया। क्विज़ प्रतियोगिता की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन, प्राचार्य दबीर आलम तथा अन्य शिक्षकगण स्वयं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक श्री अनुप कुमार एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

### गौ सेवा आश्रम की संचालिका पर हमला

**पटना /फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गया जिले के भुसुण्डा स्थित श्री गयागदाधर नंदी गौ आश्रम की संचालिका संगीता बहन पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किए जाने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है. संगीता बहन निराश्रित और लावारिस गौवंशों की सेवा के लिए जानी जाती हैं. नगर निगम भी सड़कों से पकड़े गए गौवंशों को आश्रम में भिजवाता है। मिली जानकारी के अनुसार 02 सितम्बर 2025 को गौवंश मालिकों में से एक ने रास्ते में संगीता बहन को मारपीट कर घायल कर दिया. घटना में उनका चेहरा जख्मी हो गया और दांत तक टूट गए. परिजनों का कहना है कि पीड़िता ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गया, विष्णुपद थाना और मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दी है।



# इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका 27 साल बाद वनडे सीरीज जीता

## तीसरे मैच में 5 रन से हराया, ब्रीट्ज़के की लगातार पांचवें मैच में फिफ्टी

**लंदन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 रन से हरा दिया। टीम को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त मिल गई और सीरीज अपने नाम कर ली। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड में 27 साल बाद वनडे सीरीज जीत ली है। इससे पहले, आखिरी बार 1998 में जीती थी। लॉर्ड्स में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। 331 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 325 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई। साउथ अफ्रीका की ओर से मैथ्यू ब्रीट्ज़के (85) और ने ट्रिस्टन स्टब्स (58) ने अर्धशतक लगाए। ब्रीट्ज़के इस पारी के साथ ही वनडे में अपने पहले पांच मैचों में लगातार 50+ रन बनाने वाले वर्ल्ड के पहले खिलाड़ी बन गए।

### ब्रीट्ज़के-स्टब्स के बीच 147 रन की साझेदारी हुई

इंग्लिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 330 रन बनाए और इंग्लैंड को 331 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए मैथ्यू ब्रीट्ज़के ने 85, ट्रिस्टन स्टब्स ने 58 और डेवाल्ड ब्रेविस ने महज 20 बॉल पर 4रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 35 और कॉर्बिन बॉश ने नाबाद 32 रन बनाए। ब्रीट्ज़के और स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 126 बॉल पर 147 रन की साझेदारी हुई। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 4 विकेट झटके। आदिल रशीद ने 2 विकेट लिए। जैकब बेथल को 1 विकेट मिला।

### इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे

टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की ओर से भी तीन अर्धशतक लगे। हालांकि, टीम महज 5 रन से मुकाबला हार गई। जो रूट ने 61, जोस बटलर ने 61 और जैकब बेथल ने 58 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने 39 और हैरी ब्रूक ने 33 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से नांद्रे बर्गर ने तीन और केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और सेनुरन मुथुसामी को 1-1 विकेट मिला।

# मेसी बोले- मेरा अगला वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल

## मैच के बाद इमोशनल नजर आए, अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया



**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी वेनेजुएला के खिलाफ खेले गए मैच के बाद इमोशनल नजर आए। एफआईएफए वर्ल्ड कप 2026 में खेलने को लेकर उन्होंने कहा, देखते हैं। जैसा कि मैंने पहले ही वर्ल्ड कप के बारे में कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं खेल पाऊंगा। इसकी मुख्य वजह मेरी उम्र है, जिसके कारण मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। लेकिन, मैं इसे खेलने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं।

### मेसी का अर्जेंटीना में आखिरी मुकाबला

ब्यूनस आयर्स में खेले गए मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया। मेसी का घर (अर्जेंटीना) पर यह आखिरी मुकाबला था। मेसी ने मैच के बाद कहा, यहां बहुत सारी भावनाएं हैं, मैंने इस मैदान पर बहुत कुछ अनुभव किया है। अर्जेंटीना में अपने लोगों के साथ खेलना हमेशा खुशी देता है। हम कई सालों से एक-एक मैच का आनंद ले रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं, यहां इस तरह से खत्म कर पाना वही है जिसका मैंने हमेशा सपना देखा था। फैंस मेसी के लिए स्पेनिश में लिखा बैनर लेकर स्टेडियम पहुंचे। बैनर पर लिखा था, हर चीज के लिए धन्यवाद मेरे कप्तान।

### मेसी ने दो गोल दिए

मैच की शुरुआत से ही मेसी पूरे फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 39वें मिनट में गोल करते हुए स्कोर को 1-0 कर दिया। इसके बाद 76वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज ने गोल दागा। वहीं मेसी दूसरे हाफ में भी उसी फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 80वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया।

### दिसंबर में भारत आएंगे मेसी

38 साल के मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। टूर की शुरुआत 12 दिसंबर को कोलकाता से होगी। इसके बाद वे अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। दौरा 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ खत्म होगा। 2011 के बाद वे पहली बार भारत आ रहे हैं। उस वक्त मेसी अर्जेंटीना टीम के साथ कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मैच खेलने आए थे।

# इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 विकेट पूरे

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने तरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। आर्चर ने लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ??आर्चर ने 10 ओवरों में 62 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके विकेटों में रयान रिकेल्टन, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, सेनुरन मुथुसामी और केशव महाराज के विकेट शामिल थे। अब तक 82 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आर्चर ने 27.03 की औसत से 150 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/40 रहा है। उन्होंने अब तक अपने करियर में दो बार 4 विकेट और चार बार 5 विकेट लिए हैं। सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज दिग्गज जेम्स एंडरसन हैं, जिन्होंने दो दशकों से अधिक के करियर में 401 मैचों में 27.28 की औसत से 991 विकेट लिए हैं, जिसमें 7/42, 34 बार 5 विकेट और तीन बार दहाई का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। मैच की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्ज़के की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्ज़के वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

# रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी की

## समोआ के लिए खेलेंगे टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर टूर्नामेंट, वहां का पासपोर्ट मिला

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी कर ली है। हालांकि, अब वे न्यूजीलैंड के बजाय समोआ की तरफ से खेलेंगे। 41 साल के मिडिल ऑर्डर बैटर टेलर आगामी ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर टूर्नामेंट में समोआ की ओर से खेलेंगे।न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज की मां समोआ से हैं, जिसके कारण उन्हें वहां का पासपोर्ट मिला है।

टेलर ने साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। वे अप्रैल 2022 में न्यूजीलैंड के लिए आखिरी बार खेले थे। ऐसे में उनका तीन साल का कूलिंग ऑफ पीरियड भी पूरा हो गया है और अब वे समोआ के लिए एलिजिबल हैं।



### मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं

टेलर ने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर दी है। उन्होंने लिखा, अब यह आधिकारिक है। मुझे गर्व है कि मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह ना सिर्फ मेरे पसंदीदा खेल में मेरी वापसी है, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांव और परिवार का प्रतिनिधित्व करने का बड़ा सम्मान भी है। मैं इस अवसर के लिए उत्साहित हूं।

### न्यूज़ीलैंड के लिए 110 टेस्ट खेले टेलर

टेलर न्यूजीलैंड के लिए 110 टेस्ट मैच खेले हैं। उनके नाम 7584 रन दर्ज है। वनडे में उन्होंने 223 मैचों में 8581 रन बनाए हैं। टी-20 में टेलर ने न्यूजीलैंड के लिए 102 मुकाबले खेले हैं। इनमें उन्होंने 1909 रन बनाए हैं। टेलर कीवी टीम के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। वे वनडे में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 181 है जबकि टेस्ट में उनका बेस्ट स्कोर 290 रन है। टेलर ने मार्च 2006 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। इसके एक साल बाद उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था।

# विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

### एलिसा हीली कप्तानी करेंगी, 30 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट

**सिडनी (एजेंसी)।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। टीम की कप्तानी



एलिसा हीली करेंगी। भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट का आगाज 30 सितंबर से होगा। डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टीम आठवां वनडे खिताब जीतने उतरेगी। टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहले भी वर्ल्ड कप खेल चुकी हैं। ये प्लेयर्स 2022 में न्यूजीलैंड टूर्नामेंट का हिस्सा थीं।

- **वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम** - एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलेना किंग, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिन्यूक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वॉल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# टीम इंडिया दुबई के लिए रवाना

## 9 सितंबर से खेला जाएगा क्रिकेट एशिया कप, भारत का पहला मैच यूएई से

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम क्रिकेट एशिया कप 2025 के लिए गुरुवार को दुबई रवाना हो गई। टीम के कप्तान



सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और हार्दिक पंड्या गुरुवार को मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। भारत 10 सितंबर को यूएई 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी।

**भारत का पहला मैच UAE से** - भारत 10 सितंबर को यूएई 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

### पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था

एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे। भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 का खिताब जीता था।

### भारत ने 8 बार जीता एशिया कप

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

# भारत का महिला एशिया कप हॉकी में शानदार आगाज, थाईलैंड को 11-0 से हराया

**हांगझोउ (चीन) (एजेंसी)।** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को थाईलैंड को 11-0 से



हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए।

इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुताजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी।

इस टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है।

यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

# मयंक अग्रवाल काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे

## इस टीम में शामिल होने की उम्मीद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल शेष काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए यॉकर्शायर के साथ छोटी अवधि के अनुबंध पर जुड़ेंगे। समरसेट के खिलाफ 8 सितंबर को होने वाले मुकाबले से पहले अग्रवाल के यॉकर्शायर के साथ जुड़ने की उम्मीद है और 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए भारत लौटने से पहले वह कुल तीन मुकाबले खेलेंगे। इससे पहले वह कर्नाटक के महाराजा टी20 ट्रॉफी का हिस्सा थे। वहीं उन्हें आईपीएल में देवदत्त पड्क्किल के विकल्प के तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने दल में शामिल किया था। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को इंग्लैंड का अनुभव है। अग्रवाल 2021-22 के दौरे और 2023 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के भारतीय दल के हिस्से के रूप में इंग्लैंड की यात्रा कर चुके हैं। 2021-22 के दौरे पर अग्रवाल भारत के लिए पारी की शुरुआत करने के दावेदार थे लेकिन उन्हें सीरीज के पहले मैच से पहले चोट लग गई जिसके चलते वह बाहर हो गए। अग्रवाल दो बार ए टीम के साथ भी इंग्लैंड का दौरा कर चुके हैं। कर्नाटक के सभी प्रारूपों के कप्तान अग्रवाल के पास प्रथम श्रेणी का काफ़ी अनुभव है। उन्होंने 180 पारियों में 43.98 की औसत, 18 शतक और 44 अर्धशतकों के साथ 8050 रन बना चुके हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 36 टेस्ट पारियों में 41.33 की औसत और चार शतकों की बदौलत 1488 रन बनाए हैं जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 243 रनों की पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। उन्होंने अपना सबसे हालिया टेस्ट फरवरी 2023 में श्रीलंका के ख़िलाफ बेंगलुरु में खेला था।

अग्रवाल के इतर खलील अहमद (एसेक्स), तिलक वर्मा (हैम्पशायर), युजवेंद्र चहल (नॉर्थम्पटनशायर), इशान किशन (नॉटिंघमशायर) और साई किशोर (ससेक्स) यूके घरेलू सीजन में खेल चुके हैं। जयदेव उनादकट इस महीने ससेक्स के साथ जुड़ने वाले हैं।

# 2026 में आमने-सामने होंगे दो महान मुक्केबाज

## माइक टायसन और फ्लॉयड मेवेदर की होगी भिड़ंत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फैंस के लिए यह ऐतिहासिक पल होगा, जब ये दो दिग्गज एक रिंग में साथ आएंगे। 59 वर्षीय टायसन को मुक्केबाजी की दुनिया का सबसे खतरनाक हेवीवेट फाइटर माना जाता है। वहीं, 48 वर्षीय फ्लॉयड मेवेदर अब तक प्रोफेशनल बॉक्सिंग में अपराजित रहे हैं। मुक्केबाजी की दुनिया के दो सबसे बड़े दिग्गज माइक टायसन और फ्लॉयड मेवेदर 2026 में एक प्रदर्शनी फाइट में आमने-सामने होंगे। यह जानकारी प्रमोटर सीएसआई स्पोर्ट्स ने गुरुवार को साझा की। हालांकि, इस मुकाबले की तारीख और स्थान का एलान नहीं हुआ है, लेकिन कंपनी ने बताया कि यह ऐतिहासिक लड़ाई स्प्रिंग 2026 में होगी। इसकी डील साइन हो चुकी है। फैंस के लिए यह ऐतिहासिक पल होगा, जब ये दो दिग्गज एक रिंग में साथ आएंगे।



### टायसन के आंकड़े शानदार

59 वर्षीय टायसन को मुक्केबाजी की दुनिया का सबसे खतरनाक हेवीवेट फाइटर माना जाता है। अपने करियर में उन्होंने 50-7 का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें से 44 मुकाबले नॉकआउट से जीते। हालांकि, उनका आखिरी मैच नवंबर 2024 में यूट्यूबर से बॉक्सर बने जेक पॉल के खिलाफ था, जिसमें टायसन को हार का सामना करना पड़ा। उस मुकाबले में 70,000 दर्शकों ने लाइव मैच देखा और दुनिया भर में लाखों लोगों ने टीवी पर इसे फॉलो किया।

### मेवेदर अब तक नहीं हारे

48 वर्षीय फ्लॉयड मेवेदर अब तक प्रोफेशनल बॉक्सिंग में अपराजित रहे हैं। उन्होंने 2017 में रिटायरमेंट लिया, लेकिन तब तक उनका रिकॉर्ड 50-0 रहा और उन्होंने पांच अलग-अलग वेट कैटेगरी में खिताब जीते। रिटायरमेंट के बाद भी मेवेदर ने कई एग्जीबिशन मुकाबले खेले, जिनमें अगस्त 2024 में जॉन गॉटी पर मेक्सिको में जीत शामिल है।

### टायसन का बयान

इस मुकाबले पर प्रतिक्रिया देते हुए टायसन ने कहा, जब सीएसआई ने मुझे फ्लॉयड मेवेदर से लड़ने का प्रस्ताव दिया, तो मैंने सोचा कि यह संभव ही नहीं है। लेकिन जब फ्लॉयड ने हां कहा, तब यह तय हो गया। यह फाइट ऐसी है जिसकी कल्पना न मैंने की थी और न दुनिया ने। बॉक्सिंग अब अनप्रिडिक्टेबल दौर में प्रवेश कर चुकी है और यह मुकाबला उसी का सबूत है।

### सोशल मीडिया पर छाया पोस्टर

टायसन और मेवेदर ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी इस फाइट का प्रमोट किया है। इस फाइट के हाइपअप के लिए मेवेदंर ने एक पंचलाइन भी दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुझे किसी इंसान से डर नहीं, सिर्फ ईश्वर से डर है! चलो शुरू करें!! वहीं, टायसन ने लिखा, जल्द आ रहा है।

# अति पिछड़ा समाज ने कराया शक्ति का एहसास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अति पिछड़ा अधिकार मंच के बैनर तले शुक्रवार को शहर में महारैली का आयोजन किया गया। शहर के गांधी मैदान से बड़ी संख्या में लोग जामा मस्जिद व रमेश चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक के रास्ते एनएच-19 व ओवरब्रिज एवं महाराजगंज रोड होते हुए समाहरणालय परिसर स्थित नगर भवन पहुंचे जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान जनसंख्या के हिसाब से राजनीतिक भागीदारी को लेकर अति पिछड़ा समाज ने हुंकार भरा। सभा की अध्यक्षता धर्मेंद्र कुमार चन्द्रवंशी व संचालन बबन प्रजापति ने किया। इस दौरान जिले में पहली बार अति पिछड़ा वर्ग की समुचित जाति एक मंच पर दिखे और रैली के माध्यम से राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने को लेकर हुंकार भरा। रैली को संबोधित करते हुए धर्मेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा कि इस महारैली से हमारे समाज ने अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। अति पिछड़ा वर्ग को हल्के में लेने वाले लोगों को रोड पर उतर कर अपनी शक्ति का एहसास कराया है। आज का यह कार्यक्रम अति पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक भविष्य के नजरिये से ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि 38 प्रतिशत के अंतर्गत आने वाली सभी जाति के लोग एक साथ मंच पर आकर यह साबित कर दिया है। अब हम अपनी राजनीतिक भागीदारी को लेकर रहेंगे और तब तक संघर्ष करेंगे जबतक हमें अपना राजनीतिक भागीदारी और हिस्सेदारी मिल नहीं जाता है। आज समाज ने सभी राजनीतिक दलों को यह चेतावनी देने का काम किया है कि अगर इस बार अति पिछड़ा




समाज की अनदेखा की गयी तो उसे यही अति पिछड़ा समाज सत्ता से कोसों दूर कर देगी। इसलिए अति पिछड़ा समाज को ठगना बंद करो नहीं तो इस बार जो ठगने का काम करेगा उसका खैर नहीं है। 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में अति पिछड़ा समाज में समानता और समाजवादी का झूठा ढकोसला करता है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के छह में से किसी भी विधानसभा में अबतक अति पिछड़ा को राजनीतिक हिस्सेदारी आखिर क्यों नहीं दिया गया। क्या समाज सिर्फ वोट देने के लिये है। क्या उसे प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिलना चाहिए। आज अति पिछड़ा समाज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। यही कारण है कि आज अति पिछड़ा समाज का सड़क पर जनसैलाब उमड़ा है। अति पिछड़ा समाज को आबादी के अनुसार राजनीतिक भागीदारी देने, केन्द्रीय अति पिछड़ा आयोग का गठन करने की मांग रखी गई। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग के लिये सीट आरक्षित किए जाने, निजी व सरकारी काम में अति पिछडा वर्ग के लिए आबादी के अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करने व बिहार विधान सभा के चुनाव में अति पिछड़ा समाज को जिला में टिकट देने की मांग बुलंद की गई। इस मौके पर विनोद ठाकुर, राजेश गुप्ता, दिनेश पाल, गया प्रजापति, सुरेन्द्र प्रसाद, राजदेव पाल, सुरेन्द्र चौरसिया, राजरूप पाल, जितेन्द्र जोशी, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, अजित ठाकुर, दिलीप गुप्ता, जिला पार्षद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, मोहममद रमजान, शारदा शर्मा, राजेश शर्मा, जगदीश चौधरी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुनपुन नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के बड़वान गांव के समीप पुनपुन नदी में डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान उसी गांव के इजहार अंसारी के पुत्र 5 वर्षीय पुत्र एकराज अंसारी के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक बच्चा घर के आगे नदी के पास खेल रहा था, इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा जिससे गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों ने बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुनपुन नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**गोह(नबिटा संवाददाता)।** बंदेया थाना पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। मामले में बताया जाता है कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ शराब तस्करी मामले में कांड संख्या 78/25 दर्ज किया गया था। इसमें गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी सतीश कुमार को आरोपित किया गया था। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पिपरा में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के बारून अंतर्गत पिपरा गांव में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पैक्स अध्यक्ष विभूति नारायण पांडे ने की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन प्रख्यात दार्शनिक, महान शिक्षाविद, भारतीय संस्कृति के संवाहक और भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति थे। वे भारत के



सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित थे और उनके सम्मान में ही उनका जन्मदिन 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्री सिंह ने सभी बच्चों से कहा कि आप भी सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तरह अपने जीवन में आगे बढ़े और सभी का नाम रोशन करें। मौके पर बारून प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव, किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य सुनील कुमार यादव, युवा जदयू के प्रदेश सचिव मुकेश पटेल, विपिन बिहारी सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, भास्कर पांडे, अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल से बाइक चोरी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल परिसर से शुक्रवार को इलाज कराने आए एक मरीज की बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गजाधर बिगहा गांव निवासी सत्येंद्र यादव के पुत्र प्रिंस कुमार ने बताया कि वह अपने घर से सदर अस्पताल इलाज कराने आया था। सदर अस्पताल परिसर में ही वह अपनी बाइक को खड़ी कर निबंधन कार्यालय पर पर्ची कटवाने चला गया। करीब एक घंटे बाद जब पर्ची कटवाकर वापस लौटा तो देखा कि उस जगह से बाइक गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल सका। प्रिंस ने अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। वैसे प्रिंस ने नगर थाना में भी बाइक चोरी से संबंधित आवेदन देने की बात कही है।

# बच्चों को ज्ञान के साथ हुनर से भी लैस करना जरूरी

## लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के क्लब रोड स्थित लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों और बाकी मेहमानों का स्वागत उपहार देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी और लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संस्थापक संत शर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि बच्चे समाज के अमूल्य धरोहर हैं। माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं लेकिन गुरु ही उन्हें सही आकार और दिशा प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षकों को निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी और कहा कि गुरु वही है जो बच्चों के भीतर से अज्ञान को दूर करे। प्रबंध निदेशक सर्वेश कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के बच्चे बहुत अनुभवी हो रहे हैं। उन्हें केवल पढ़ाना ही



पर्याप्त नहीं है, बल्कि ज्ञान और हुनर से भी लैस करना जरूरी है। शिक्षक को कागज का फूल नहीं बल्कि कमल का फूल बनना होगा। प्राचार्य अमित कुमार सोनी ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगा जब उसमें मानवीय मूल्यों और व्यावहारिक जीवन कौशल का समावेश हो। मौके पर मौजूद प्रबंधन टीम के सदस्य इन्द्र कुमार, राकेश कुमार, रौशन कुमार झा, अमर कुमार, पंकज कुमार आदि ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन संजित कुमार ने अत्यंत कुशलता और प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर रामनाथ शर्मा, आर.के. सिंह, संजय शर्मा, अवधेश शर्मा सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

# सुरक्षाकर्मियों के आवासन के लिए स्थल का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में खुदवां थानाध्यक्ष सुशील



कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों के ठहराव के लिए चिन्हित स्थलों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के राजकीय तिलक मध्य विद्यालय खुदवां एवं राजकीय शाही मध्य विद्यालय चंदा का निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, किचेन, ठहरने के लिए रुम व अन्य सुविधाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। भवन में पुलिस जवानों के लिए ठहरने की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। इसके साथ ही सीएपीएफ के आवासन की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आवासन स्थलों का निरीक्षण किया गया है।

# विवेकानंद स्कूल में छात्रों ने संभाला शिक्षण प्रबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के विवेकानंद वीआईपी स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षण व प्रबंधन का दायित्व संभाला। शिक्षक की भूमिका में उन्होंने पूरे दिन विद्यालयी व्यवस्था की देख-रेख की। छात्रो ने ही प्राचार्य, प्रबंधक, शिक्षक, कोऑर्डिनेटर, पीआरओ की भूमिका निभाई। छात्र वर्ग संचालन, विद्यालय प्रशासन के गुर सीखे। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों के बीच विविध खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व व प्रबंधन कौशल विकसित करना है। इससे



छात्रो में जिम्मेदारियों का बोध उत्पन्न होता है। प्राचार्य का दायित्व वर्ग दशम के छात्र प्रणव कुमार, उप प्राचार्य लामा फातिमा, कॉर्डिनेटर मोहित कुमार व तनु कुमारी, पीआरओ स्वीटी कुमारी, शिक्षक की भूमिका अनिकेत कुमार, आरिषा तारिक, आकांक्षा कुमारी, ओम शर्मा, रवि कुमार, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार, वैष्णवी कुमारी, अभिषेक कुमार, छोटी कुमारी, आयुष रंजन, काजल कुमारी आदि ने निभाई। छात्रों ने बताया कि शिक्षण कार्य काफ़ी जिम्मेदारी और चुनौतीपूर्ण है। आज के इस कार्यक्रम से हमने बहुत कुछ सिखा। बैडमिंटन में छात्रा सलोनी ने शिक्षक अमृता सिन्हा को चार अंकों से पछाड़ा। दशम के छात्र मोहित ने कम्प्यूटर शिक्षक धीरज कुमार को तीन अंकों से पछाड़ा। उप प्रचार्या सूची कुमारी ने दशम की छात्रा सुप्रिया को दो अंको से जबकि शिक्षक अविनाश कुमार ने छात्र आर्यन को चार और पीटीआई ब्रजेश यादव ने छात्र बबलू को 6 अंकों से पीछे छोड़ा। वहीं रस्साकस्सी में छात्राओं की टीम ने शिक्षिकाओं को पछाड़ दिया। शिक्षकों द्वारा सभी छात्रों का विविध मापदंडों पर आकलन कर प्रतिवेदन तैयार किया गया जिसके आधार पर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# महिला के साथ मारपीट में पूर्व विधायक सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेला गांव में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता ने पूर्व विधायक सुरेश मेहता सहित पांच लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। पीड़िता ने बताया कि वह बुधवार की शाम करीब चार बजे अपने खेत से कार्य कर घर लौट रही थी। इसी दौरान पूर्व विधायक की पत्नी धनमतिया देवी, पुत्र गजेंद्र कुमार की पत्नी चांदनी कुमारी गाली-गलौज करने लगी। जब महिला ने इसका विरोध किया तो जितेंद्र कुमार की पत्नी पूजा कुमारी सहित सभी लोग उससे उलझ गए। शोरगुल की आवाज सुनकर पूर्व विधायक सुरेश मेहता, पुत्र जितेंद्र कुमार एवं गजेंद्र कुमार के साथ पहुंचे और महिला के साथ उलझ गए। जब महिला ने पूर्व विधायक और उनके दोनों पुत्रों को मना किया तो पूर्व विधायक द्वारा महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। पीड़िता का आरोप है कि पूर्व विधायक और उनके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान महिला ने 60 हजार रूपये के मंगलसूत्र छिनतई का भी आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़िता का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। महिला ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच-पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# नक्सल सहित अन्य मामलों में 42 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में अलग-अलग मामलों में 42 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। नक्सल कांड में एक, हत्या के प्रयास में तीन, शराब के शीर्ष कांडों में 8 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 745 वाहनों की जांच की गई जिसमें 28 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 23 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या तीन है जबकि एक बाइक एवं टोटो को जब्त किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

# छात्रों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : सुरेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्या निकेतन में शुक्रवार को समारोहपूर्वक शिक्षक दिवस मनाया गया। समारोह का उद्घाटन संस्था के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता, समृद्धि एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष मालती देवी, सीइओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीइओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनोज कुमार, प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती एवं प्रशासक संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम देश के पहले उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर पुष्पांजलि और श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर रामानुज दूबे ने गुरु मंत्र उच्चारण से कार्यक्रम



की शुरुआत की। इस दौरान कक्षा पंचम, नवम एवं दशम के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सिर्फ़ किताबी ज्ञान ही नहीं देते बल्कि उन्हें उद्देश्यपूर्ण, जिम्मेदार और सफल नागरिक बनने के लिए प्रेरित और तैयार करते हैं जिससे आज के छात्र कल के राष्ट्र और अच्छे समाज के सच्चे निर्माता बनते है। सीइओ आनंद प्रकाश ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश दिखाता है। गुरु विद्या की प्रतिमूर्ति होते हैं। गुरु सभी के जीवन मे पथ-प्रदर्शक होते हैं। शिक्षकों को ज्ञानशील और संस्कार स्रोत होना चाहिए। शिक्षक वह सीढ़ी है जिसके ऊपर चढ़कर समाज सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। माता-पिता धरती पर जीवित ईश्वर है। जिन संतानों का सिर माता-पिता के सामने झुकता है, उनका दुनिया में सिर ऊंचा रहता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी जिनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षक आशीष चौबे, सुमित कुमार, निरमा कुमारी, अर्चना कुमारी, अखिलेश कुमार, अनिल कुमार, रामानुज दूबे, राजेश पांडे, रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, रामारानी जैन, फिर्दोष नाज, गिरजा ठाकुर, मुकेश गिरी, रौशन कुमार एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएवी पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की परंपरा का पालन करते हुए इस वर्ष भी पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षकों के सम्मान में समर्पित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। अंग्रेजी शिक्षक वसंत पाठक ने गुरु वंदना 'गुरुदेव दया करके मुझको तो अपना लेना' प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हिंदी शिक्षक जगदीश प्रजापति ने डॉ. राधाकृष्णन



के जीवन और शिक्षक के महत्व पर विचार रखे। संगीत शिक्षक अमलेंदु गोस्वामी की प्रस्तुति 'कभी टूटे न नाता हमारा' ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस क्रम में शिक्षक लालदेव यादव ने राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्कृत शिक्षक राम कुमार उपाध्याय ने शिक्षक शब्द की व्याख्या करते हुए स्वरचित कविता सुनाई जबकि संस्कृत शिक्षिका मिंटू सिंह ने शिक्षक दिवस और गुरु-शिष्य संबंध पर प्रभावशाली भाषण दिया। नृत्य शिक्षिका अनामिका घोष ने गुरु महिमा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना पाई। समापन सत्र में प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने भारतीय सभ्यता और धार्मिक ग्रंथों में वर्णित गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर विचार रखे। उन्होंने मंच पर उपस्थित सभी शिक्षकों को सम्मानित किया और डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी प्राचार्य का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक महेश कुमार सिंह ने किया और अंत में शांति पाठ के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना की पुलिस ने दोमुहान स्थित अदरी और पुनपुन नदी के संगम स्थल से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की उम्र लगभग 50 साल बताई जा रही है। शुक्रवार को स्थानीय लोग दोमुहान की ओर गए तो झाड़ी में फंसा हुआ अधेड़ का शव देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी ओबरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया डूबने से अधेड़ की मौत होना प्रतीत होता है। शव तीन से चार दिन पहले का है। शव की शिनाख्त के लिए तस्वीर आसपास के थानों में भेजा गया है। उसकी पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।